# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 11 जुलाई 2026



सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹108071/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹131990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹144080/-
सोने का भाव' प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
anand Jewels
Pandri, Raipur


# छग में अब निजी विश्वविद्यालय खोलना होगा आसान, नहीं देनी होगी 3 से 5 करोड़ की विन्यास निधि, 25 एकड़ जमीन की अनिवार्यता भी खत्म

- प्रति विद्यार्थी फीस की एक प्रतिशत राशि जमा करनी होगी सरकार के पास
- पुस्तकालय एवं अन्य सुविधाएं होंगी यूजीसी मापदंडों के अनुरूप

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में निजी विवि के स्थापना संबंधित नियम जल्द ही बदलने वाले हैं। नवीन विवि की स्थापना के लिए अनिवार्य भूमि सहित निर्धारित राशि में भी छूट की तैयारी है। दो दिन पहले सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) (संशोधन) विधेयक, 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है। इस विधेयक में कई तरह के प्रावधान किए गए हैं। नए नियमों के हिसाब से अब नए विश्वविद्यालय के लिए विन्यास निधि के रूप में अनुसूचित क्षेत्र के लिए 3 करोड़ और सामान्य क्षेत्र के लिए 5 करोड़ की राशि का प्रावधान समाप्त होगा। इसके साथ ही नए विश्वविद्यालय के लिए 25 एकड़ जमीन की अनिवार्यता भी समाप्त हो जाएगी। भारत सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय के विनियमन प्रकोष्ठ की अनुशंसाओं के अनुरूप निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना संबंधी प्रावधानों को अधिक व्यावहारिक, गुणवत्तापूर्ण और समकालीन बनाने के लिए ये बदलाव किए जा रहे हैं। अधिकारियों का मानना है कि इसके तहत निजी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए विन्यास निधि के स्थान पर रक्षित निधि का प्रावधान लागू करने से अध्ययनरत ▶▶| शेष पेज 7 पर



### राज्य सरकार का नियम समाप्त

उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो राज्य सरकार ने यह बड़ा बदलाव करने के लिए विश्वविद्यालय की स्थापना संबंधी राज्य सरकार के नियम को हटा दिया है। इसकी जगह अब केंद्र का नियम लागू होगा। यही नहीं अब निजी विश्वविद्यालयों को प्रति विद्यार्थी फीस की एक प्रतिशत राशि सरकार के पास जमा करनी होगी। इसमें आधारभूत अधोसंरचना, पुस्तकालय एवं अन्य सुविधाओं को यूजीसी एवं सक्षम नियामक संस्थाओं के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया है।

### प्रदेश में 15 शासकीय व 19 निजी विवि

*छत्तीसगढ़ में शासकीय विश्वविद्यालयों से अधिक संख्या निजी विश्वविद्यालयों की है। प्रदेश में 15 शासकीय विवि हैं, जबकि निजी विवि 19 हैं। निजी विश्वविद्यालयों में डॉ. सी.व्ही. रमन विवि, मैट्स विवि, कलिंगा विवि, एमिटी विवि, ओपी जिंदल विवि, श्री रावतपुरा सरकार विवि, केके मोदी विवि, देव संस्कृति विवि, श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भारती विवि, आंजनेय विवि, दावड़ा विवि, रुंगटा विवि आदि शामिल हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निजी व शासकीय दोनों ही विश्वविद्यालयों में दाखिले प्रारंभ हो गए हैं। ऐसे में यह राहत अगले शैक्षणिक सत्र से ही निजी विश्वविद्यालयों को मिल सकेगी।*

## खबर संक्षेप

### राजपाल की चेक बाउंस मामले में सजा बरकरार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में बड़ा झटका लगा है।



शुक्रवार को हाई कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में उन्हें दोषी मानते हुए उनकी सजा को बरकरार रखा। फैसला सुनाते हुए अदालत ने राजपाल यादव के आचरण को 'संदिग्ध' बताया और संबंधित अधिकारियों को उन्हें दोबारा जेल भेजने का निर्देश दिया।

### गुजरात को मिला राष्ट्रीय कृषि नेतृत्व पुरस्कार

**नई दिल्ली।** बागवानी क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन और नई पहलों के लिए गुजरात को 'एग्रीकल्चर लीडरशिप अवॉर्ड 2026' से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित 17वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव में राज्य को यह राष्ट्रीय सम्मान दिया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े की मौजूदगी में यह पुरस्कार प्रदान किया। गुजरात के कृषि मंत्री जीतू वाघाणी ने राज्य सरकार की ओर से पुरस्कार स्वीकार किया।

### चीन को अंतरिक्ष तकनीक में बड़ी सफलता

**बीजिंग।** चीन ने अंतरिक्ष तकनीक में बड़ी सफलता हासिल की है। उसने पहली बार रॉकेट के बूस्टर को समुद्र में सुरक्षित उतारने का सफल परीक्षण किया है। चीन ने शुक्रवार को लॉन्ग मार्च-10B रॉकेट को दक्षिणी प्रांत हैनान से लॉन्च किया।

## ईडी की कार्रवाई, विकास गर्ग सहित रिश्तेदारों की संपत्ति अटैच

# महादेव सट्टे का काला धन अमेरिकी कंपनी खरीदने में लगाया, 940 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच

*ऑनलाइन महादेव सट्टा एप मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कारोबारी विकास गर्ग तथा उसके रिश्तेदारों और परिचितों की 940.77 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की है। यह कार्रवाई प्रिवेंसन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत रायपुर जोनल कार्यालय द्वारा की गई है। आरोप है कि सट्टे की काली कमाई को व्हाइट करने कारोबारी ने शेयर बाजार तथा अन्य माध्यम से निवेश किया।*

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईडी के अनुसार, कुर्क की गई संपत्तियों में आलीशान आवासीय भवन, विभिन्न स्थानों पर स्थित भूखंड, व्यावसायिक भूमि, इक्विटी शेयर, अन्य प्रतिभूतियां (सिक्योरिटीज), निवेश और वित्तीय परिसंपत्तियां शामिल हैं। एजेंसी का कहना है कि ये सभी संपत्तियां महादेव ऑनलाइन बुक और स्काई एक्सचेंज के जरिए संचालित अवैध सट्टाबाजी नेटवर्क से अर्जित अपराध की आय से खरीदी गई थीं या उसी धन के माध्यम से तैयार की गई वित्तीय संरचना का हिस्सा थीं।

**दुर्ग पुलिस की एफआईआर के आधार पर जांच:** सट्टा मामले की जांच की शुरुआत दुर्ग में दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने शुरू की थी। बाद में राज्य के अन्य जिलों के साथ आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा ▶▶| शेष पेज 7 पर

### हर माह साढ़े चार सौ करोड़ की काली कमाई

*महादेव ऑनलाइन बुक और स्काई एक्सचेंज का पूरा नेटवर्क विदेशों से संचालित किया जा रहा था। यह गिरोह फ्रेंचाइजी आधारित पैनल सिस्टम पर काम करता था, जिसमें देशभर में एजेंट और सब-एजेंट का नेटवर्क तैयार किया गया था। प्रत्येक पैनल के माध्यम से लाखों लोगों को ऑनलाइन सट्टेबाजी से जोड़ा जाता था और उसी के जरिए करोड़ों रुपए का अवैध कारोबार किया जाता था। जांच एजेंसी के मुताबिक यह नेटवर्क हर महीने 450 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध कमाई कर रहा था।*

### शेल कंपनी, स्काई एक्सचेंज के माध्यम से ब्लैकमनी को व्हाइट मनी में बदला





महादेव सट्टे का मालिक सौरभ ओमान में फंसा, 6000 करोड़ का है नेटवर्क

### दिल्ली, गोवा, नैनीताल की संपत्ति अटैच

विकास गर्ग शेयर बाजार में लिस्टेड तीन बड़ी कंपनी विकास ईकोटेक, विकास लाइफकेयर और एराया लाइफस्पेसेज के प्रमोटर है। उसने 2024 में उस समय खूब सुर्खियां बटोरी थीं, जब उसकी कंपनी 'एराया लाइफस्पेसेज' ने अमेरिका में दिवालिया हो चुकी एक बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी एबिक्स को खरीद लिया था। ईडी ने 5 जून को एक प्रोविजनल ऑर्डर जारी कर विकास गर्ग के दिल्ली वाले घर, गोवा और नैनीताल के ऑफिस व प्रॉपर्टीज को अटैच किया है। इसमें एराया लाइफस्पेसेज द्वारा एबिक्स में खरीदी गई 75% से ज्यादा की हिस्सेदारी भी शामिल है।

### पूर्व में भी हो चुकी है कार्रवाई

महादेव ऑनलाइन बुक और स्काई एक्सचेंज मामले में ईडी पूर्व में सात प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर जारी कर चुकी है। इसके अलावा स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में मुख्य अभियोजन शिकायत के साथ कई पूरक अभियोजन शिकायतें भी पेश की जा चुकी हैं। विशेष अदालत में इन शिकायतों पर सुनवाई भी शुरू हो गई है। ताजा कार्रवाई से पहले ▶▶| शेष पेज 7 पर

### काली कमाई को व्हाइट करने अमेरिका की कंपनी खरीदी

*आरोप है कि विकास ने अमेरिका की कंपनी एबिक्स को व्यावसायिक लाभ के लिए नहीं खरीदा था। उसने कंपनी को खरीदने के लिए बेटिंग ऐप स्कैम के काले धन का इस्तेमाल किया था। जांच एजेंसी के आरोपों के मुताबिक महादेव ऐप के जरिए कमाए गए 940 करोड़ रुपए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के जरिए एराया लाइफस्पेसेज के क्वालीफाइड इंस्टिट्यूशनल प्लेसमेंट में लगाया गया। यह पूरा खेल अगस्त 2024 में प्राइवेट प्लेसमेंट के जरिए रचा गया था, ताकि एबिक्स को खरीदा जा सके।*

## सरकारी दफ्तर में चल रही थी बैठक

# अचानक भरभराकर गिरा प्लास्टर, तीन घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीतापुर

- बैठक के दौरान हुई घटना से मचा हड़कंप, जर्जर भवन में हो रहा संचालन

एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय के जर्जर हो चुके भवन के छत का प्लास्टर भरभराकर गिर गया। प्लास्टर गिरने से चपेट में आने से परियोजना अधिकारी का सिर फट गया एवं पर्यवेक्षक समेत दो अन्य घायल हो गए है। इस घटना के बाद परियोजना अधिकारी को हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उनके सिर चार टांके लगे। इस हादसे के बाद कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों में दहशत का माहौल बन गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार गुरुवार को एकीकृत बाल विकास सेवा कार्यालय में लगभग तीन बजे परियोजना अधिकारी सिब्रिया केरकेट्टा पर्यवेक्षक एवं कर्मचारियों की बैठक ले रही थी। बैठक में विभागीय योजनाओं समेत क्षेत्र में संचालित होने ▶▶| शेष पेज 7 पर

### दो बार बनाया गया था भवन का इस्टीमेट

दशकों पुराने एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना की जर्जर हालत देखते हुए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा इसके मरम्मत के लिए दो बार इस्टीमेट बनाया गया था। सालों पहले बने इस इस्टीमेट के बाद भी पैसों के अभाव में या लापरवाही की वजह से इसकी मरम्मत नही हो पाई थी। जिसकी वजह से गुरुवार को ये जानलेवा हादसा घटित हुआ। इस संबंध में एसडीओ आरईएस अमित मिश्रा ने बताया कि इस्टीमेट बना था पर राशि की स्वीकृति नही मिल पाई थी। जिसकी वजह से जर्जर भवन का मरम्मत नही हो पाया था।

# छत्तीसगढ़ में 24 आईपीएस के तबादले अजय यादव राजनांदगांव के नए आईजी



अजय यादव | प्रशांत अग्रवाल | राजेश कुकरेजा | मयंक गुर्जर | उमेश प्रसाद गुप्ता | संदीप पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भारतीय पुलिस सेवा, आईपीएस के अधिकारियों का बड़े पैमाने पर तबादला किया है। कुल 24 आईपीएस अधिकारियों की नवीन पदस्थापना अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक की गई है। इस फेरबदल में कई रेंज के आईजी, जिलों के पुलिस अधीक्षक और रायपुर के पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारी प्रभावित हुए हैं। अजय कुमार यादव राजनांदगांव के नए आईजी बनाए गए हैं।

छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग के सचिव हिम शिखर गुप्ता द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के मुताबिक, सीनियर आईपीएस अधिकारी अजय कुमार यादव को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राज्य पुलिस अकादमी, चन्द्रखुरी के निदेशक पद से राजनांदगांव रेंज का नया पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं राजनांदगांव के वर्तमान आईजी बालाजी राव सोमावार को पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर भेजा गया है। इसके साथ ही, बस्तर क्षेत्र के छसबल आईजी प्रशांत कुमार अग्रवाल को भी पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में नई जिम्मेदारी दी गई है।

रायपुर के डीसीपी ▶▶| शेष पेज 7 पर

## कई जिलों के एसपी बदले

### तबादले इस तरह हैं

- अजय कुमार यादव- पुलिस अकादमी चंदखुरी से आईजी राजनांदगांव।
- बालाजी राव सोमावार- आईजी राजनांदगांव से पुलिस मुख्यालय रायपुर।
- प्रशांत कुमार अग्रवाल (2008): पुलिस महानिरीक्षक, छसबल बस्तर क्षेत्र से पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर।
- प्रशांत कुमार ठाकुर (2011): पुलिस अधीक्षक, जिला-सूरजपुर से उप पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर।
- रामकृष्ण साहू (2012): पुलिस अधीक्षक, जिला-बेमेतरा से उप पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर।
- धर्मेन्द्र छबई (2012): पुलिस अधीक्षक, जिला-कबीरधाम से सेनानी, 8वीं वाहिनी, छसबल, राजनांदगांव।
- श्रीमती श्वेता राजमणी, सेनानी, 19वीं वाहिनी, छसबल, करणपुर बस्तर से उप पुलिस महानिरीक्षक छसबल, जगदलपुर, बस्तर।
- राजेश कुकरेजा (2004): सेनानी, प्रथम वाहिनी, छसबल, भिलाई से उप पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर।
- श्रीमती भावना गुप्ता (2014): पुलिस अधीक्षक, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा से सहायक पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय, नवा रायपुर।
- चन्द्रमोहन सिंह (2014): निदेशक (ट्रेनिंग/ऑपरेशन), अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं से पुलिस अधीक्षक, जिला-दंतेवाड़ा।
- रवि कुमार कुर्रे (2014): पुलिस अधीक्षक, जिला-कोरिया से सहायक पुलिस महानिरीक्षक,पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर।
- सुरज सिंह परिहार (2015): पुलिस ▶▶| शेष पेज 7 पर

## कहा- हत्या हो जाए तो भी मंजूर

# हसीना दिसंबर में करेंगी सरेंडर बांग्लादेश लौटने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अपने देश वापस लौटने का एलान किया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स को दिए एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में शेख हसीना ने कहा कि वह अपने वरिष्ठ पार्टी सहयोगियों के साथ दिसंबर के आसपास भारत में अपना निर्वासन खत्म कर स्वदेश लौटेंगी और कोर्ट में आत्मसमर्पण करेंगी।



### 2024 में भागकर आई थीं भारत

गौरतलब है कि 2024 में बांग्लादेश में हुए भारी विरोध प्रदर्शन के कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना अपने देश से भागकर भारत आई थी। जिसके बाद बांग्लादेश की वॉर क्राइम कोर्ट ने नवंबर में उन्हें छात्र-नेतृत्व वाले विद्रोह के खिलाफ घातक कार्रवाई का आदेश देने के लिए उनकी अनुपस्थिति में मौत की सजा सुनाई थी।

## गलत इस्तेमाल रोकने के मकसद से सरकार ने लिया बड़ा फैसला

# 12% से ज्यादा अल्कोहल वाली दवा अब बिना पर्चे के नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- देश में कफ सिरप और टॉनिक का नशे के रूप में हो रहा है उपयोग

देश में कफ सिरप और टॉनिक का नशे के रूप में हो रहे गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने एक बेहद सख्त कदम उठाया है। सरकार ने ड्रग्स रूल्स, 1945 में बड़ा संशोधन करते हुए ज्यादा अल्कोहल मात्रा वाली ओरल ▶▶| शेष पेज 7 पर



### शेड्यूल के की छूट भी खत्म

*सरकार ने इस बदलाव के तहत 'शेड्यूल के' में भी संशोधन किया है। इसके तहत पहले जिन दवाओं को नियमों और बिक्री में कुछ विशेष छूट मिलती थी, वह छूट अब 30 एमएल से बड़ी और 12% से ज्यादा अल्कोहल वाली ओरल दवाओं पर लागू नहीं होगी। इस कदम का मुख्य उद्देश्य ऐसी दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग से लेकर रिटेल काउंटर तक पूरी सप्लाई चेन पर सख्त निगरानी रखना है।*

### यह आएगा बदलाव

अभी तक ऐसी दवाएं आसानी से मिल जाती थीं. लेकिन अब इन्हें दवा नियमों की 'शेड्यूल H1' लिस्ट में डाल दिया गया है। ये लिस्ट नींद की गोलियों, दर्द की तेज दवाओं और नशे में इस्तेमाल हो सकने वाली दवाओं के लिए बनी है। इसका मतलब है कि अब ये दवाएं बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं मिलेंगी। दुकानदार को इनकी पूरी रिकॉर्ड-कीपिंग करनी होगी। बोतल पर चेतावनी लेबल लगाना जरूरी होगा।

## साहस की मिसाल बनी मुस्कान ने मंदिर में अचानक शादी रचाकर फिर से चौंकाया

# जिस दूल्हे की बारात लौटाई, 16 दिन बाद उसी का थामा हाथ

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

महज 16 दिनों में एक चर्चित कहानी ने ऐसा अप्रत्याशित मोड़ ले लिया, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। शादी के दिन नशे में पहुंचे दूल्हे को देखकर बारात लौटा देने वाली और पूरे प्रदेश में साहस व आत्मसम्मान की मिसाल बनी मुस्कान ने अब उसी युवक के साथ मंदिर में विवाह कर लिया है। दोनों का कहना है कि बातचीत के बाद सभी गलतफहमियां दूर हो गईं और उन्होंने अपनी इच्छा से जीवनसाथी बनने का निर्णय लिया है ।



गुरुवार 9 जुलाई की सुबह मुस्कान अपने गांव कोसमंदा से महिला परिवार परामर्श केंद्र पहुंची थी। दोपहर करीब दो बजे वह केंद्र से निकली, लेकिन घर लौटने के बजाय सीधे खोखरा गांव पहुंच गई। वहां मनका दाई मंदिर में संतराम और उसके परिजनों की मौजूदगी में दोनों ने हिंदू रीति-रिवाज ▶▶| शेष पेज 7 पर

### 'शादी वाले दिन जो हुआ, वह साजिश थी'

विवाह के बाद मुस्कान और संतराम ने दावा किया कि 23 जून को शादी टूटने के बावजूद दोनों लगातार संपर्क में रहे। दोनों का कहना है कि शादी वाले दिन जो कुछ हुआ, वह एक साजिश थी। संतराम ने दावा किया कि वह शराब का सेवन नहीं करता और उसकी कोल्ड ड्रिंक में किसी ने नशीला पदार्थ मिला दिया था, जिससे लोगों को लगा कि वह नशे में है। उसने मुस्कान से माफी मांगी, बातचीत हुई और धीरे-धीरे दोनों के बीच पैदा हुई दूरियां खत्म हो गईं।

### मंदिर में रचाई दोनों ने शादी

मुस्कान गुरुवार को परिवार परामर्श केंद्र में ड्यूटी के बाद घर जाने निकली थी, लेकिन वहां खोखरा मनकादाई मंदिर पहुंच गई, वहां उसने संतराम के साथ हिंदू रीति रिवाज से शादी कर ली। घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। पूछताछ व जांच करने पर वह खोखरा मंदिर में मिली।

**- योगिता बाली खापर्डे**
सीएसपी जांजगीर चांपा

### फैसले पर मिली थी प्रदेशभर में सराहना

*23 जून को मुस्कान ने विवाह के दिन नशे की हालत में पहुंचे दूल्हे को देखकर शादी से इनकार कर दिया था। उस समय उसका यह बयान जो व्यक्ति शादी के दिन खुद को नहीं संभाल सकता, वह मुझे क्या संभालेगा? प्रदेशभर में चर्चा का विषय बना था। उसके साहसिक निर्णय की पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन और कई सामाजिक संगठनों ने सराहना की थी। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने मुस्कान को सम्मानित किया था और बाद में महिला परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलर के रूप में भी नियुक्ति मिली थी। अब वही मुस्कान अपने नए फैसले को लेकर फिर सुर्खियों में हैं। जिस शादी के टूटने की चर्चा पूरे प्रदेश में हुई थी, उसी रिश्ते के नए सिरे से जुड़ जाने ने लोगों को चौंका दिया है।*

## गुआंग्शी प्रांत में सैकड़ों सांप ब्रीडिंग फार्म से भागे, लोगों में दहशत

# चीन की बाढ़ में टूटा सांपों का फार्महाउस, पानी में तैर रहे हजारों सांप

एजेंसी ▶▶| गुआंग्शी

चीन इन दिनों भारी बारिश और बाढ़ की चपेट में है। शहर के कई इलाके जलमग्न है। इन सबके बीच गुआंग्शी इलाके के लोगों को एक अप्रत्याशित घटना का सामना करना पड़ रहा है, दरअसल सैकड़ों सांपों ने इस इलाके पर कब्जा कर लिया है।

सरकारी ब्रॉडकास्टर के मुताबिक, गुआंग्शी में भारी बाढ़ के चलते ब्रीडिंग फार्म से सैकड़ों सांप भाग निकले, जिससे अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहना पड़ रहा है। ग्लोबल टाइम्स और अन्य चीनी मीडिया आउटलेट्स की रिपोर्ट के अनुसार, कम से कम 1900 सांप खुले में घूम रहे हैं। बाढ़ से बचने के लिए जूझ रहे लोगों को सांपों ने डस लिया जिससे अभी तक तीन महिलाओं की मौत की खबर सामने आई है। खबर है कि गुआंग्शी के शहर हेंगझोउ में तीन महिलाओं को सांप के काटने के बाद इलाज नहीं मिल पाया। बाढ़ और रास्तों के बंद होने के कारण वह समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाई थी। सोशल मीडिया पर बाढ़ के पानी में तैरते सांपों के वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें लोगों को जांघ तक गहरे पानी में उन फुर्तीले सांपों को पकड़ने की कोशिश करते हुए देखा जा सकता है।

### भागे हुए सांप बेहद खतरनाक प्रजाति के

ग्लोबल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जो सांप फार्म से भाग निकले हैं, उनमें कोबरा, करैत, नील और स्पाइडर जैसे जहरीले सांप भी शामिल हैं। भागे हुए सांपों को पकड़ने के लिए टीमें तैनात की गई हैं और अधिकारियों ने सांप के काटने से पीड़ित लोगों के तुरंत इलाज के लिए अस्थायी मेडिकल क्लिनिक भी बनाए हैं।



### गुआंग्शी में सांप पालने का सबसे बड़ा हब

बता दें गुआंग्शी चीन में कमर्शियल सांप पालन का सबसे बड़ा हब है, जहां पारंपरिक दवाओं, चमड़े के सामान और मांस के लिए लगभग 3 करोड़ (30 मिलियन) सरीसृपों (रेप्टाइल्स) को पाला जाता है। बुधवार को क्षेत्रीय कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि हेंगझोउ इलाके के कई गांवों के पानी में डूबने के बाद कुछ जगह पानी में सांप देखे गए हैं।'

### चीन बाढ़ ने बरपा रखा है कहर

दरअसल इस इलाके में खतरनाक उफान के बाद जलाशय टूट गए और पानी का तेज बहाव कस्बों और शहरों में घुस गया। इस दौरान छह लोगों की मौत हो गई और लगभग 1,30,000 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाइ गये। गुआंग्शी क्षेत्रीय प्रचार कार्यालय के अनुसार, बचाव अभियान में 8,000 से ज़्यादा लोग और लगभग 5,700 नावें तैनात की गई हैं।

### टीम के साथ लोग खुद सांप पकड़ने में जुटे



आसपास के ग्रामीणों ने मिलकर एक अपनी टीम बनाई है। यह टीम खुद पानी में घुसकर सांपों को पकड़ रही है। लोगों का कहना है कि अधिकांश सांप पानी में बह गए हैं, लेकिन कुछ कचरे और जमा पानी पर बचे हैं। स्थानीय लोग मछली पकड़ने वाले औजार से सांपों को पड़कने में जुटे हैं।

## खबर संक्षेप

### विदेश जाने पर भाजपा ने साधा राहुल पर निशाना

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कथित तौर पर ''विदेश में छुट्टियां मनाने'' के लिए निशाना साधा और उन्हें एक ''अगंभीर राजनेता'' बताया जो छात्रों का इस्तेमाल सिर्फ राजनीतिक मकसद के लिए करते हैं। सत्तारूढ़ दल ने दावा किया कि गांधी की गैरमौजूदगी के कारण इस महीने उनके निर्धारित छात्र संवाद कार्यक्रम रद्द करने पड़े हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने गांधी की अनुपस्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा राहुल ''छुट्टियां मनाने में व्यस्त हैं'' और उन्होंने राजनीतिक गतिविधियों के बजाय छुट्टियों को प्राथमिकता दी है।



### ऋण धोखाधड़ी में बैंक के पूर्व प्रबंधक व नौ कर्मचारी बर्खास्त

**थेनी।** तमिलनाडु के थेनी जिले में फर्जी महिला स्वयं सहायता समूह के ऋण खातों से जुड़े 14 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी का पता चलने के बाद केनरा बैंक के एक पूर्व शाखा प्रबंधक और नौ अन्य कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोप है कि यह धोखाधड़ी जिले में बैंक की दो शाखाओं में की गई, जहां इस मामले के मुख्य आरोपी कार्तिक शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। शुरुआत में चिन्नामनूर के निकट स्थित ओडाईपट्टी शाखा में अनधिकृत लेन-देन के माध्यम से 14 करोड़ की अनियमितताओं का पता चला था।

### एक करोड़ की स्मैक बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले के बाबरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 518 ग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सुमित शुक्ला ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जांच अभियान के दौरान मोटरसाइकिल सवार मुर्सलीन को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी में उसके पास से 518 ग्राम स्मैक बरामद हुई।



## चढ़ावा प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए ट्रस्ट का बड़ा फैसला

# राम मंदिर में पहली बार सीईओ पद, 2500 कर्मियों की होगी उन पर जिम्मेदारी, 22 को घोषणा

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर के प्रशासनिक ढांचे में एक बड़ा बदलाव करने का निर्णय लिया है। मंदिर के संचालन को अधिक पेशेवर, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए पहली बार मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पद सृजित किया जा रहा है।

आगामी 22 जुलाई को होने वाली बैठक में नए सीईओ के नाम की घोषणा की जा सकती है, जिसके चयन के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन पहले ही किया जा चुका है।



नवनियुक्त सीईओ को मंदिर के प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन को लेकर व्यापक अधिकार सौंपे जाएंगे।

### सीईओ को ये मिलेंगी जिम्मेदारी

1. **चढ़ावा और वित्तीय प्रबंधन:** वित्तीय विशेषज्ञों और चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की मदद से एक आधुनिक अकाउंटिंग सिस्टम लागू किया जाएगा।
2. **2500 कर्मचारियों की निगरानी :** परिसर की सुरक्षा, सफाई और दर्शन व्यवस्था में तैनात करीब 2500 कर्मचारियों की ड्यूटी, उनके बीच समन्वय और प्रशासनिक कार्यों की कमान सीधे सीईओ के हाथों में होगी।
3. **भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था:** भीड़ के प्रभावी प्रबंधन के लिए सीईओ जिला प्रशासन और पुलिस के साथ मिलकर काम करेंगे।
4. **प्रशासनिक समन्वय:** सीईओ ट्रस्ट बोर्ड, उसके अध्यक्ष, राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में काम करेंगे ताकि सभी निर्णयों को जमीन पर तेजी से लागू किया जा सके।
5. **निर्माण और रखरखाव:** मंदिर परिसर में चल रहे शेष निर्माण कार्यों, भवनों के रख-रखाव और सीसीटीवी नेटवर्क की निगरानी का जिम्मा भी उन्हीं का होगा।

### राम मंदिर में दान की गिनती करने वाले 23 कर्मचारियों का अचानक इस्तीफा

**हरिभूमि न्यूज- नई दिल्ली ।** राम मंदिर दान चोरी के बीच चढ़ावा प्रकरण में एक और मामला सामने आया है। दान की गिनती करने वाले 23 कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। इसके चलते गुरुवार को केवल 13 गणनाकर्मी ही काम पर रहे। बताया जा रहा है कि इससे गणना का काम प्रभावित हो गया है। सामूहिक इस्तीफे के चलते ट्रस्ट, बैंक और कर्मचारियों को मुहैया कराने वाली एजेंसी को बड़ा झटका लगा है, हालांकि इस मुद्दे पर सभी ने चुप्पी साध रखी है। अयोध्या के राम मंदिर में दान चोरी के विवाद के बीच सामूहिक इस्तीफे से माहौल गरमा गया है। न सिर्फ इससे गणना का काम प्रभावित हो रहा है, बल्कि ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर भी नए सवाल खड़े हो रहे हैं। इस्तीफा देने वाले एक कर्मचारी ने मीडिया को बताया कि मंदिर में चढ़ावा गणना का काम पहले दो शिफ्टों में होता था। प्रकरण सामने आने के बाद कई लोगों को हटाया गया। इसके बाद एहतियातन दो शिफ्टों का काम एक शिफ्ट में कर दिया गया। पहले जहां छह घंटे की ड्यूटी थी, उसे बढ़ाकर नौ घंटे कर दिया गया है। सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक की शिफ्ट में काम लिया जा रहा था। इतना ही नहीं, पहले जहां उन सभी को 14755 रुपए मासिक पगार मिलती थी, उसे भी घटा दिया गया। यह पगार भी लोगों की अलग-अलग कर दी गई, यानी किसी की आठ तो किसी को ग्यारह हजार रुपए महीना। इसके अलावा महीने में मिलने वाली छुट्टियों की संख्या भी कम कर दी गई है।

#### एक साथ दिया इस्तीफा

*इस्तीफा देने वाले कर्मचारी ने बताया कि बुधवार शाम काम खत्म करने के बाद सभी कर्मचारियों ने एकजुट होकर इसका विरोध किया। कर्मचारियों ने काम के घंटे, पगार को पूर्ववत करने की मांग की। कर्मचारियों ने इसकी शिकायत एसबीआई तुलसी उद्यान शाखा, अयोध्या के अधिकारियों के साथ-साथ सैनिक सिक्योरिटी के सुपरवाइजर जयराम यादव से भी की। मगर उनकी मांग अस्वीकार कर दी गई। इस पर भड़के उन लोगों ने जिम्मेदारों को मांग पत्र और 23 कर्मचारियों के हस्ताक्षरयुक्त सामूहिक इस्तीफे सौंप दिए। कर्मचारियों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन जब गुरुवार सुबह काम पर इस्तीफा दे चुका कोई कर्मचारी नहीं आया तो हड़कंप मच गया।*

> गुरूग्राम में नंदाल गिरोह और पुलिस के बीच हुई भीषण गोलीबारी, 3 जवान भी घायल

## एसजीटी विवि संस्थापक के बेटे को बंधक बनाने वाले चार शूटर मुठभेड़ में ढेर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरूग्राम में गुरुवार देर रात को पुलिस और दीपक नंदाल गिरोह से जुड़े 5 शूटरों का आमना-सामना हो गया, जिसमें चार शूटर ढेर हो गए और एक घायल है। घटना पॉश इलाका गोल्फ कोर्स रोड एक्सटेंशन के पास सुशांत लोक-2 की है। सभी आरोपियों ने गुरुग्राम के एसजीटी विश्वविद्यालय के संस्थापक के बेटे के बेटे को आवास पर बंधक बना लिया था और रिहाई के बदले 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी जा रही थी। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो उनकी शूटरों से मुठभेड़ हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावर व्यवसायी परिवार को धमकाने के लिए आए थे।

बताया जा रहा है कि नंदाल से लगातार धमकियां मिल रही थी, जो विदेश से अपना धंधा चलाता है। पुलिस ने बताया कि कारोबारी को वांछित गैंगस्टर नंदाल बार-बार विदेश से फिरौती के संदेश भेज रहा था।



### पुलिस ने बताया- कैसे दिया मुठभेड़ को अंजाम

पुलिस ने बताया कि स्कॉर्पियो में सवार हथियारबंद लोगों के बारे में सूचना मिलने पर क्राइम ब्रांच की एक टीम को मौके पर भेजा गया था। जब टीमें मौके पर पहुंचीं, संदिग्धों ने व्यवसायी के घर पर गोलीबारी शुरू कर दी थी। पुलिस ने उनसे आत्मसमर्पण करने को कहा था, लेकिन उन्होंने टीम पर गोलीबारी की और भागने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में और आरोपियों को भागने से रोकने के लिए जवाबी कार्रवाई की थी।

### घर पर ही बदमाशों ने बना लिया था बंधक

गिरोह के 5 बदमाशों ने गुरुवार रात को विश्वविद्यालय संस्थापक के बेटे शाल बेरी को उनके सुशांत लोक स्थित आवास में बंधक बना लिया था। इसके बाद पुलिस की क्राइम ब्रांच को कंट्रोल रूम से महिंद्रा स्कॉर्पियो कार में हथियारबंद लोगों की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिली। पुलिस जैसे ही सुशांत लोक इलाके में पहुंची बदमाशों ने अत्याधुनिक हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने उनको घेरकर मुठभेड़ में ढेर कर दिया। गोलीबारी में 3 पुलिसकर्मी भी घायल हैं।

**फिरोजाबाद कोर्ट ने सुनाया फैसला**

## बच्चे को पटककर मारने वाले को सजा-ए-मौत, 40 दिन में फैसला

एजेंसी ▶▶| फिरोजाबाद

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में डेढ़ साल के मासूम आरव को पटक-पटककर बेरहमी से मारने वाले विराज उर्फ जीतेंद्र पाठक को स्थानीय कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। शिकोहाबाद में 30 मई को हुई वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसने लोगों को अंदर तक झकझोर दिया। पुलिस ने जांच पूरी कर 6 दिन में आरोपपत्र दाखिल किया और कोर्ट ने 40 दिन में फैसला सुना दिया।



फैसला सुनते ही दोषी रो पड़ा और सिर पीटने लगा। यादव कॉलोनी में वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी विराज फरार था, जिसे पुलिस ने 6 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे दोनों पैर में गोली मारकर पकड़ा था। वीडियो में वह आरव को 8 बार पटकते हुए देखा गया, जो महत्वपूर्ण सबूत साबित हुआ। यह वीडियो बेहद दर्दनाक और रोंगटे खड़े करने वाला है। शिकोहाबाद पुलिस ने 6 दिन में सभी 13 गवाहों के बयान, कैमरा फुटेज समेत अन्य साक्ष्य कोर्ट में जमा कर दिए थे।

**रति से एकतरफा प्यार करता था विराज :** बदायूं निवासी विराज रिश्ते में रति का फुफेरा देवर था। उसने रति के रिश्ते में अनबन देखकर कुछ दिन पहले शादी का प्रस्ताव रखा। रति ने बच्चे का हवाला देकर शादी से मना कर दिया, जिससे विराज काफी नाराज था। तभी उसने बच्चे को रास्ते से हटाने की सोची। 30 मई को वह यादव कॉलोनी पहुंचा और बच्चे को टॉफी दिलाने के बहाने गोद में उठा ले गया। उसने सड़क पर बच्चे की दिनदहाड़े पटक-पटककर जान ले ली।

### पी विराज ने बच्चे को क्यों मारा?

फिरोजाबाद में बामई गांव की रहने वाली रति की 2024 में बदायू के सियाराम नगर निवासी सुनित से शादी हुई थी। उनका एक बेटा आरव था। ससुराल में अनबन के कारण रति 5 महीने से मायके में थी। रति अपनी मां और बेटे के साथ 30 मई को यादव कॉलोनी में रहने वाली अपनी मौसी पुष्पलता से मिलने आई थीं। उनको सड़क हादसे में चोट लगी थी। तभी रति के पति की बुआ का बेटा विराज भी वहां पहुंच गया।

**चार दशकों में किसी भारतीय पीएम का न्यूजीलैंड का यह पहला दौरा**

## पीएम मोदी पहुंचे ऑकलैंड, एयरपोर्ट पर पीएम लक्सन ने किया स्वागत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के साथ ही भारत और न्यूजीलैंड ने द्विपक्षीय व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि हमारे द्विपक्षीय संबंधों में भारतीय प्रवासी समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है

पीएम नरेंद्र मोदी अपने तीन देशों के दौरे के आखिरी चरण के लिए शुक्रवार को ऑकलैंड पहुंचे। पीएम मोदी के यहां पहुंचने पर न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफ़र लक्सन ने उन्हें गले लगाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान न्यूजीलैंड में भारत की उच्चायुक्त मुआनपुई सैयावी समेत कई अधिकारी मौजूद थे। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए पीएम लक्सन का आभारी हूं। पीएम मोदी ने इस दौरे को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि चार दशकों में किसी पीएम का न्यूजीलैंड का यह पहला दौरा है। मैं पीएम लक्सन के साथ बातचीत करने और भारत-न्यूजीलैंड दोस्ती के सभी पहलुओं पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। बता दें, दोनों नेता व्यापार, निवेश, रक्षा और अन्य अहम क्षेत्रों में दोनों देशों के संबंधों की व्यापक समीक्षा करेंगे। पिछले दो वर्षों में भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार और रक्षा सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर भारतीय समुदाय के लोगों ने स्वागत किया।



### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने झांसी फैमिली कोर्ट के जज से मांगा जवाब

# दूसरी शादी के बाद पहले पति से गुजारा भत्ता क्यों...?

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने झांसी के अतिरिक्त प्रधान जज फैमिली कोर्ट से यह स्पष्ट करने को कहा है कि तलाक के बाद महिला के दूसरी शादी करने की जानकारी होने के बावजूद पहले पति से गुजारा भत्ता देने का आदेश क्यों दिया गया। जस्टिस प्रवीण कुमार गिरी की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए फैमिली कोर्ट से स्पष्टीकरण तलब किया। कोर्ट ने निर्देश दिया कि वह बताएं कि पत्नी के दूसरे विवाह का तथ्य आपत्ति-पत्र में स्पष्ट रूप से दर्ज होने के बावजूद पहले पति से प्रति माह 10 हजार रुपये गुजारा भत्ता देने का आदेश किस आधार पर दिया गया।

**खास बातें**

- तलाक के लगभग एक महीने बाद महिला ने दूसरा विवाह कर लिया था व शपथ पत्र भी किया था पेष
- इस मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी



### तलाक के बाद महिला ने की दूसरी शादी

मामले के अनुसार पति-पत्नी के बीच 30 जुलाई 2025 को झांसी के अतिरिक्त प्रधान जज फैमिली कोर्ट ने तलाक की डिक्री पारित की थी। पति ने इसके खिलाफ अपील दाखिल की। इस बीच तलाक के लगभग एक महीने बाद महिला ने दूसरा विवाह कर लिया। पति का कहना है कि पत्नी ने शपथपत्र में खुद दूसरी शादी की जानकारी दी थी। इस मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी।

### विधवा को मुआवजा मिलने में देरी पर हाईकोर्ट खफा

वहीं, हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार की एडवोकेट वेलफेयर स्कीम के तहत मुआवजा मिलने में देरी पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने एक अधिवक्ता की विधवा को मुआवजे के लिए बार-बार अदालत के चक्कर लगवाने को जबरन थोपा गया मुकदमा करार देते हुए उप्र अधिवक्ता कल्याण कोष ट्रस्टी सोसाइटी के सदस्य सचिव से जवाब मांगा है।

### सही हलफनामा दाखिल करने निर्देश

यह आदेश जस्टिस अजीत कुमार एवं जस्टिस इंद्रजीत शुक्ल की खंडपीठ ने ज्योतिमा की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई तक सही हलफनामा दाखिल नहीं किया गया, तो सदस्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होना होगा। इस मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी।

**बांकीपुर उपचुनाव**

**कल ही दाखिल किया था नामांकन**

## भाजपा के अभिषेक पीछे हटे अब नीरज सिन्हा उम्मीदवार

एजेंसी ▶▶| बांकीपुर

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार की बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए नया उम्मीदवार घोषित कर दिया है। पार्टी ने नीरज कुमार सिन्हा को प्रत्याशी बनाया है।



इससे पहले घोषित उम्मीदवार अभिषेक कुमार सिन्हा 'बंटी' ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए अपना नामांकन वापस ले लिया था। यह सीट पार्टी के नेता नितिन नवीन के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 13 जुलाई है। उपचुनाव 30 जुलाई को होगा और वोटों की गिनती 3 अगस्त को होना है।

### पारिवारिक कारणों का दिया हवाला

अपने पत्र में अभिषेक सिन्हा ने कहा, 'पारिवारिक कारणों से मैं विधानसभा उपचुनाव लड़ने में असमर्थ हूं। मैं पार्टी के एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पहले की तरह अपनी जिम्मेदारियां निभाता रहूंगा। इसके लिए मैं पार्टी के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं। हालांकि, नामांकन वापस लेने के फैसले पर बीजेपी की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

1 जुलाई 1994 को पटना जन्मे नीरज कुमार सिन्हा अभी 32 साल के हैं। उन्होंने संगठन में बूथ अध्यक्ष, मंडल महामंत्री और भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। वर्तमान में वह लगातार दूसरी बार नरेंद्र भारती मंडल के मंडल अध्यक्ष हैं।

रायपुर

शनिवार 11 जुलाई 2026

आषाढ़, कृष्ण पक्ष द्वादशी
वर्ष : 24, अंक : 350
पृष्ठ : 12+4+4= 20 मूल्य : 5.00**


**मौसम**
अधि. 34.0
न्यून. 25.9


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


राज्य सरकार के विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी, अब हुआ लागू

20 या अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों के लिए लागू होंगे प्रावधान

# निजी प्रतिष्ठानों के लिए नए श्रम नियम लागू, महिलाओं की नाइट शिफ्ट और ओवरटाइम 144 घंटे तक हो सकेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में अब निजी क्षेत्र के लिए नए श्रम कानून लागू हो गए हैं। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) (संशोधन) अधिनियम, 2025 विधानसभा में पारित कराया था। इसे अब राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। खास बात ये है कि नए कानून के हिसाब से महिला कर्मी अब निर्धारित सुरक्षा शर्तों के साथ रात्रि पाली (नाइट शिफ्ट) में काम कर सकेंगी। यही नहीं ओवर टाइम की लिमिट 125 से बढ़ाकर 144 घंटे साल कर दी गयी है। नए प्रावधान 20 या उससे अधिक कर्मियों वाले संस्थान पर लागू होंगे। पहले यह सीमा 10 कर्मियों वाले संस्थानों पर भी लागू होती थी।

### कारोबार और रोजगार दोनों पर असर

जानकारों के अनुसार इन संशोधनों का उद्देश्य बदलती आर्थिक गतिविधियों और 24 घंटे संचालित होने वाले सेवा क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप श्रम कानूनों को अपडेट करना है। महिलाओं के लिए रात्रिकालीन कार्य की अनुमति से सेवा क्षेत्र को अतिरिक्त मानव संसाधन मिलेगा, वहीं ओवरटाइम सीमा बढ़ने से उद्योगों और प्रतिष्ठानों को कार्यबल प्रबंधन में अधिक लचीलापन मिलेगा। दूसरी ओर, महिला कर्मचारियों की सुरक्षा, परिवहन और कार्यस्थल पर आवश्यक सुविधाओं का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण होगा।



### काम के घंटे और ओवरटाइम में बदलाव

संशोधन के तहत प्रतिष्ठानों के संचालन और कर्मचारियों के कार्य समय से जुड़े प्रावधानों में भी परिवर्तन किया गया है। दैनिक कार्य अवधि से संबंधित समय-सीमा में संशोधन किया गया है तथा स्प्रेड-ओवर (काम की कुल अवधि) से जुड़े पुराने प्रतिबंधों में बदलाव किया गया है। सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन यह है कि किसी कर्मचारी से एक वर्ष में लिए जा सकने वाले ओवरटाइम की अधिकतम सीमा 125 घंटे से बढ़ाकर 144 घंटे कर दी गई है।



### महिलाओं की नाइट शिफ्ट का रास्ता खुला

संशोधन का सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान महिलाओं के रोजगार से जुड़ा है। अब राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित सुरक्षा एवं अन्य शर्तों के अधीन महिलाओं को रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक कार्य करने की अनुमति दी जा सकेगी। इससे आईटी, बीपीओ, ई-कॉमर्स, होटल, अस्पताल, कॉल सेंटर और अन्य 24 घंटे 7 दिन सेवाओं वाले क्षेत्रों में महिला रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावना है। हालांकि यह अनुमति तभी प्रभावी होगी जब राज्य सरकार अलग से सुरक्षा, परिवहन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं संबंधी शर्तें अधिसूचित करेगी।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### वंदे मातरम ने देशभक्ति को राष्ट्रीय कर्तव्य बनाया



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि 'वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति प्रेम को पवित्र राष्ट्रीय कर्तव्य में बदल देने वाला महान प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हजारों सेनानियों को साहस, त्याग और आशा प्रदान की।

### नासिक केस : टीसीएस कर्मचारी निदा को जमानत

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक में धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न मामले की आरोपी पूर्व टीसीएस कर्मचारी निदा खान को अदालत ने जमानत दे दी है। अदालत ने कहा कि निदा पांच महीने की गर्भवती हैं और जेल में बच्चे को जन्म देने का मानसिक आघात किसी भी महिला के लिए असहनीय होता है।

### करूर भगदड़ : नौकरी की अंतरिम मंजूरी

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को करूर भगदड़ में जान गंवाने वालों के परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र जारी करने की अनुमति दे दी है। हालांकि, कोर्ट ने साफ किया कि ये नियुक्तियां अस्थायी होंगी और मामले में आगे आने वाले अदालत के आदेशों के अधीन रहेंगी। मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी।

### आईवीएफ क्लीनिक : एनसीडब्लू ने बनाई विशेषज्ञ समिति

**नई दिल्ली।** देश में तेजी से बढ़ रहे असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी सेक्टर में अनियमितताओं की बढ़ती घटनाओं के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग ने आईवीएफ क्लीनिकों से जुड़े कानूनों की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस (सेवानिवृत्त) आशा मेनन करेंगी।

*सैटेलाइट इमेज में राजस्थान-गुजरात सहित कई राज्यों से बादल गायब*

# सुपर टायफून बावी से धीमा पड़ा मानसून, देश के कई राज्यों में बारिश की रफ्तार पर ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली


पश्चिमी प्रशांत महासागर में बना सुपर टाइफून 'बावी' एशिया के कई देशों के लिए गंभीर खतरा बन गया है। करीब 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं और लगभग 1,000 किलोमीटर तक फैले इस विशाल तूफान को हाल के वर्षों के सबसे बड़े उष्णकटिबंधीय चक्रवातों में माना जा रहा है। इसका सीधा असर चीन, ताइवान और जापान पर पड़ने की आशंका है, जबकि इसका अप्रत्यक्ष प्रभाव भारत के मानसून पर भी दिखाई देने लगा है। देश ने पूरे मानसून को कवर कर लिया है, लेकिन शुक्रवार को सामने आई तस्वीरें परेशान करने वाली हैं। मौसम विभाग की सैटेलाइट इमेज में मध्य भारत में मानसून ज्यादा एक्टिव है। लेकिन बावी के चलते यह जल्द ही कमजोर पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पश्चिमी प्रशांत महासागर में बने शक्तिशाली टाइफून बावी का ▶▶|शेष पेज 7 पर

*देश के मानसून के लिए एक और बुरी खबर है। फिलीपींस के पास प्रशांत महासागर में सुपर टायफून 'बावी' बना है। यह ताइवान और चीन की ओर बढ़ रहा है। इसका असर 3 से 4 हजार किमी दूर बंगाल की खाड़ी तक पड़ रहा है। जब तक यह तूफान चीन नहीं पहुंचता, तब तक बंगाल की खाड़ी में बारिश कराने वाला नया सिस्टम बनने की उम्मीद नहीं है।*

**भारत से 4,000 किमी दूर है यह तूफान लेकिन बंगाल की खाड़ी तक पड़ रहा प्रभाव**



**कैटेगरी-4 का तूफान है बावी, चीन-ताइवान-जापान में हाई अलर्ट**



### बंगाल की खाड़ी तक दिख रहा इसका असर

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, फिलीपींस के पास प्रशांत महासागर में बना सुपर टाइफून 'बावी' तेजी से ताइवान और चीन की ओर बढ़ रहा है। हालांकि यह तूफान भारत से करीब 3,000 से 4,000 किलोमीटर दूर है, लेकिन इसका प्रभाव बंगाल की खाड़ी तक महसूस किया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक यह तूफान चीन की ओर आगे नहीं बढ़ जाता, तब तक बंगाल की खाड़ी में नया कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना बेहद कम है।

### चीन-ताइवान ने जारी किया एलर्ट

चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, सुपर टाइफून 'बावी' 11 जुलाई को चीन के फुजियान प्रांत में लैंडफॉल कर सकता है। इससे पहले यह उत्तरी ताइवान के बेहद करीब से गुजरेगा। ताइवान के मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि यह 1987 के बाद सबसे बड़े आकार का टाइफून हो सकता है। राजधानी ताइपे के आसपास के पर्वतीय क्षेत्रों में एक मीटर तक बारिश की आशंका है।

### सप्ताह भर तक रफ्तार थमने की आशंका

फिलहाल मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर भारत में मानसून काफी सक्रिय है और इन क्षेत्रों में घने बादल छाए हुए हैं। गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी भारत के कई हिस्सों में बादलों की गतिविधि कमजोर बनी हुई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 7 से 8 दिनों में बंगाल की खाड़ी में एक नया निम्न दबाव का क्षेत्र बन सकता है, जिससे मानसून को मजबूती मिलना शुरू होगी बारिश को रफ्तार मिलेगी।

**सुप्रीम कोर्ट की बड़ा फैसला**

# पॉक्सो अपराध छिपाने पर होगी कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो (पोक्सो) एक्ट को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा है कि अगर कोई नाबालिग पीड़ित किसी व्यक्ति को अपने साथ हुए यौन शोषण की जानकारी देता है, तो उस जानकारी को पूरी तरह विश्वसनीय माना जाएगा। ऐसी स्थिति में जानकारी पाने वाले व्यक्ति की ये कानूनी री होगी कि वो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दे. जस्टिस मनोज मिश्रा ▶▶|शेष पेज 7 पर

### यह है मामला

दरअसल ये पूरा मामला अरुणाचल प्रदेश के एक स्कूल से जुड़ा हुआ है। वहां एक आठ साल की बच्ची ने अपने ही स्कूल के एक सीनियर लड़के पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। बच्ची ने इस घटना के बारे में अपने टीचर्स, बड़ी बहन और क्लासमेट्स को बताया था।

### शिकायत खारिज करने के लिए न करें पूछताछ

सुप्रीम कोर्ट ने माना कि कई बार छोटे बच्चे हरकत की गंभीरता समझ नहीं पाते हैं। जहां बच्चे की बात पूरी तरह साफ न हो वहां स्थिति को समझने के लिए बच्चे से थोड़ी पूछताछ की जा सकती है। अदालत ने सख्त लहजे में कहा कि ये पूछताछ बच्चे की शिकायत को खारिज या बकवास साबित करने के लिए नहीं होनी चाहिए। इसका मकसद शिकायत के सही या गलत होना को समझना होगा।

**सतलुज विवाद के बीच नया बवाल**

# खालड़ा हत्याकांड के दोषी पूर्व डीएसपी हुए गायब?




**चंडीगढ़।** फिल्म 'सतलुज' (पहले 'पंजाब 95') पर लगे बैन और इससे जुड़े तमाम विवाद के बीच एक नया रहस्यमय घटनाक्रम सामने आया है। जसवंत सिंह खालड़ा हत्याकांड में दोषी करार दिए गए पूर्व डीएसपी जसपाल सिंह को लेकर भी नया विवाद खड़ा हो गया है। नाभा ओपन एग्रीकल्चरल जेल प्रशासन ने पंजाब पुलिस से उनके वर्तमान पते का सत्यापन करने को कहा, क्योंकि होशियारपुर जिले में दर्ज उनके पते पर वह नहीं मिले। पुलिस ने बताया कि जेल प्रशासन की ओर से मिले अनुरोध के बाद पुलिस ने संबंधित गांव में सत्यापन किया, लेकिन वहां जसपाल सिंह नहीं मिले।

■ **रहस्यमय घटनाक्रम सामने आया**

### वकील ने किया खबरों को खारिज

हालांकि, जसपाल सिंह के वकील गगनदीप सिंह घिरे ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि उनके मुवक्किल लापता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर चल रही खबरें भ्रामक हैं। जसपाल सिंह अंतरिम जमानत पर बाहर हैं और फिलहाल पंजाब में अपने बेटे के साथ जालंधर में रह रहे हैं।

**ग्रीस की घटना**

# उड़ते प्लेन की निकली खिड़की आसमान में लटका पैसेंजर




**एथेंस।** ग्रीस में एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया। यहां थेसालोनिकी से जर्मनी के मेमिंगेन जा रही एक फ्लाइट की खिड़की निकल गई। यह घटना मैसिडोनिया के ऊपर करीब 30 हजार फीट पर हुई। खिड़की उखड़ने से नजदीक बैठे 61 साल के पैसेंजर का सिर और कंधे खिड़की से बाहर निकल गए। जैसे ही वह विंडो से बाहर निकलने लगे, उनकी पत्नी ने जोर से उनके दोनों पैर पकड़ लिए। इसके बाद दूसरे पैसेंजर ने भी मदद की। अच्छी बात यह रही कि पीड़ित शख्स ने सीट बेल्ट बांध रखी थी। इससे वह बाहर नहीं फिंकाया। घायल यात्री सर्बिया का टूरिस्ट है।

■ **पत्नी ने बचाया, दोनों पैर पकड़े रही**

### इंजन के टुकड़े से खिड़की टूटने का अंदेशा

ग्रीक मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, विमान के इंजन से अलग हुए किसी पुर्जे के टुकड़े की वजह से खिड़की टूट गई। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रायनएयर ने बयान जारी कर कहा कि विमान को वापस थेसालोनिकी लौटना पड़ा। विमान ने सामान्य तरीके से लैंडिंग की। सभी यात्रियों को सुरक्षित टर्मिनल पहुंचाया गया। एयरलाइन ने बताया कि बाकी यात्रियों को मेमिंगेन पहुंचाने के लिए दूसरा विमान भेजा गया।



**सुप्रीम कोर्ट के अंदर जमकर बवाल, अनुशासन की लांघीं मर्यादाएं**

# वकील ने सीजेआई का नाम लेकर अपशब्द कहे, फाइल फेंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत, सुप्रीम कोर्ट के गलियारों में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सुनवाई के दौरान एक याचिकाकर्ता वकील ने अनुशासन की सभी मर्यादाएं लांघ दीं। जस्टिस के.वी. विश्वनाथन और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

याचिकाकर्ता, जो स्वयं अपना केस लड़ रहा था, ने अचानक कोर्टरूम में अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब याचिकाकर्ता वकील ने बेंच से लखनऊ के एसीपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने की जिद की। जब जस्टिस विश्वनाथन ने हैरान होकर पूछा कि क्या वह अदालत को आदेश दे रहे हैं, तो वकील ने आपा खो दिया। उसने न केवल खुद को 'सॉवरेन' (संप्रभु) घोषित किया, बल्कि फाइल के पन्नों को फाड़कर हवा में उछाल दिया और मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ भी अपशब्दों का प्रयोग किया।

### दिखाया संयम

इस अप्रत्याशित हंगामे से कोर्टरूम में कुछ पलों के लिए सन्नाटा पसर गया। सुरक्षाकर्मियों ने फुर्ती दिखाते हुए तुरंत वकील को हिरासत में लिया और कोर्ट से बाहर निकाल दिया। इस पूरी घटना के दौरान बेंच पर बैठे जस्टिस के.वी. विश्वनाथन और जस्टिस आलोक अराधे ने असाधारण संयम का परिचय दिया।



### हताशा में किया गया कृत्य

सुनवाई के दौरान कोर्ट का रुख काफी मानवीय रहा। हंगामे के बाद जस्टिस विश्वनाथन ने शांत भाव से कहा, 'वह व्यक्ति काफी परेशान है, यह सब हताशा में किया गया कृत्य है। हमारे मन में उनके प्रति केवल सहानुभूति है। हम उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करना चाहते।'

### पूर्व सीजेआई की ओर वकील ने फेंका था जूता

बता दें कि एक ऐसी ही घटना छह अक्टूबर 2025 को हुई थी, जब एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान अपना जूता उतारकर पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर फेंकने की कोशिश की। सुरक्षाकर्मियों उसे पकड़कर कोर्ट से बाहर ले गए। बीसीआई ने उसका लाइसेंस सस्पेंड कर दिया और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने उसकी सदस्यता खत्म कर दी।

## चिंतन

# ई20 पेट्रोल से होने वाला लाभ वाहन चालकों को क्यों नहीं

सरकार ने आखिरकार वह स्वीकार कर लिया है, जिसकी चर्चा लंबे समय से वाहन उपभोक्ताओं और ऑटोमोबाइल विशेषज्ञों के बीच होती रही थी। पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण कुछ वाहनों में ईंधन दक्षता यानी माइलेज को 3 से 5 प्रतिशत तक कम कर सकता है। सरकार का कहना है कि यह कमी बेहतर इंजन प्रदर्शन, कम प्रदूषण और आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता घटाने जैसे दीर्घकालिक लाभों के सामने छोटी है। दरअसल ई20 को लेकर विवाद का केंद्र केवल माइलेज नहीं है, बल्कि यह सवाल भी है कि क्या ऊर्जा सुरक्षा के नाम पर उपभोक्ता पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। पहली बार आधिकारिक तौर पर यह माना गया है कि माइलेज में कुछ कमी आ सकती है, लेकिन साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि ई20 का उद्देश्य पेट्रोल सस्ता करना नहीं, बल्कि भारत की ऊर्जा अर्थव्यवस्था को अधिक आत्मनिर्भर बनाना है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है और अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है। ऐसे में जैव-ईंधन (बायोफ्यूल) की ओर बढ़ना केवल पर्यावरणीय विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता भी है। इसी सोच के तहत वर्ष 2001 में एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। 2022 में भारत ने निर्धारित समय से पहले 10 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य हासिल किया और 2025-26 में 20 प्रतिशत मिश्रण तक पहुंच गया। इस कार्यक्रम से अब तक लगभग 1.97 लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है और लगभग 952 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम हुआ है। साथ ही किसानों को एथेनॉल खरीद के माध्यम से 1.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान हुआ है। इसने ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण आय जैसे तीनों लक्ष्यों को एक साथ साधने का काम किया है। क्या इन उपलब्धियों का लाभ सीधे वाहन मालिकों तक भी पहुंच रहा है? यही सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है। यदि किसी वाहन का माइलेज 3 से 5 प्रतिशत कम होता है, तो वाहन चालक को समान दूरी तय करने के लिए अधिक ईंधन खरीदना पड़ेगा। यदि पेट्रोल की कीमत में कोई राहत नहीं मिलती और ई20 पारंपरिक पेट्रोल से सस्ता भी नहीं है, तो उपभोक्ता के लिए वास्तविक परिचालन लागत बढ़ सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब कच्चा तेल सस्ता होता है, तब एथेनॉल की लागत पेट्रोल से अधिक भी हो सकती है। इसका अर्थ है कि ई20 को केवल सस्ते ईंधन के रूप में प्रस्तुत करना उचित नहीं होगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि ई20 को लेकर वाहन सुरक्षा संबंधी आशंकाएं व्यापक परीक्षणों के बाद ही दूर की गई हैं। यदि ई20 एक राष्ट्रीय रणनीति है, जिसका लाभ पूरे देश को मिलेगा तो क्या उसका आर्थिक भार केवल वाहन उपभोक्ताओं को उठाना चाहिए? क्या सरकार को कर संरचना, मूल्य निर्धारण या अन्य प्रोत्साहनों के माध्यम से इस अतिरिक्त लागत का कुछ हिस्सा स्वयं वहन नहीं करना चाहिए? इसी प्रकार, यदि माइलेज में कमी वैज्ञानिक तथ्य है, तो इसकी स्पष्ट जानकारी वाहन खरीदते समय उपलब्ध कराई जानी चाहिए। किसी भी बड़े सुधार की सफलता केवल उसके उद्देश्य से नहीं, बल्कि उसके क्रियान्वयन और जनता की स्वीकृति से तय होती है। यदि देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, तो इस यात्रा में नागरिकों का विश्वास भी उतना ही आवश्यक है जितना उनका योगदान। ऊर्जा परिवर्तन तभी टिकाऊ होगा, जब उसका लाभ और उसकी लागत दोनों समाज के सभी वर्गों के बीच संतुलित रूप से साझा किए जाएं।



आर्थिकी
महेन्द्र तिवारी

# समुद्र पर बनेगा भारत का हवाई अड्डा

महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई के निकट पालघर जिले के कोरे बीच के पास भारत का पहला ऑफशोर अर्थात समुद्र आधारित हवाई अड्डा विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यदि यह परियोजना निर्धारित योजना के अनुसार साकार होती है तो यह केवल एक नया एयरपोर्ट नहीं होगा, बल्कि भारत की विमानन क्षमता, समुद्री इंजीनियरिंग, व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक विकास का नया प्रतीक बनेगा। यह परियोजना देश को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में खड़ा कर सकती है, जिन्होंने समुद्र से भूमि तैयार कर विश्वस्तरीय हवाई अड्डों का निर्माण किया है।

भारत की आर्थिक प्रगति का सबसे बड़ा आधार उसकी आधुनिक अवसंरचना है। पिछले कुछ वर्षों में देश ने सड़क, रेल, बंदरगाह, मेट्रो, एक्सप्रेसवे और हवाई अड्डों के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार देखा है। अब इसी श्रृंखला में एक और ऐतिहासिक पहल जुड़ने जा रही है। महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई के निकट पालघर जिले के कोरे बीच के पास भारत का पहला ऑफशोर अर्थात समुद्र आधारित हवाई अड्डा विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यदि यह परियोजना निर्धारित योजना के अनुसार साकार होती है तो यह केवल एक नया एयरपोर्ट नहीं होगा, बल्कि भारत की विमानन क्षमता, समुद्री इंजीनियरिंग, व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक विकास का नया प्रतीक बनेगा। यह परियोजना देश को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में खड़ा कर सकती है, जिन्होंने समुद्र से भूमि तैयार कर विश्वस्तरीय हवाई अड्डों का निर्माण किया है। ऑफशोर एयरपोर्ट का विचार अपने आप में अत्यंत आधुनिक और दूरदर्शी है। सामान्यतः हवाई अड्डे विशाल भूमि पर बनाए जाते हैं, लेकिन महानगरों में भूमि की उपलब्धता लगातार कम होती जा रही है।

बढ़ती आबादी, तेजी से फैलते शहर और भूमि अधिग्रहण से जुड़ी सामाजिक तथा कानूनी चुनौतियां नई परियोजनाओं को कठिन बना देती हैं। ऐसे में समुद्र के भीतर कृत्रिम भूमि तैयार कर उस पर एयरपोर्ट का निर्माण एक व्यावहारिक विकल्प बनकर उभरा है। अरब सागर में पुनः प्राप्त भूमि पर बनने वाला यह एयरपोर्ट भारतीय इंजीनियरिंग क्षमता की नई पहचान बनेगा। प्रस्तावित एयरपोर्ट की क्षमता इसे विश्व के प्रमुख हवाई अड्डों की श्रेणी में ला सकती है। योजना के अनुसार यहां प्रतिवर्ष लगभग 9 करोड़ यात्रियों के आवागमन और लगभग 30 लाख मीट्रिक टन कार्गो की आवाजाही की व्यवस्था होगी। दो समानांतर रनवे विकसित किए जाने की भी योजना है, जिससे बड़ी संख्या में विमानों का संचालन संभव हो सकेगा। यह क्षमता केवल वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नहीं बल्कि आने वाले कई दशकों की मांग को ध्यान में रखकर निर्धारित की गई है। भारत में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और यह परियोजना भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार की जा रही है। मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी है। यहां स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में शामिल है। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण के बावजूद भविष्य में यात्रियों और माल परिवहन की बढ़ती मांग को देखते हुए अतिरिक्त क्षमता की आवश्यकता महसूस की जा रही है। प्रस्तावित ऑफशोर एयरपोर्ट इस चुनौती का दीर्घकालिक समाधान बन सकता है। इससे न केवल मुंबई क्षेत्र के हवाई यातायात का दबाव कम होगा बल्कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों और माल परिवहन के लिए भी नई संभावनाएं खुलेंगी। इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका बहुआयामी संपर्क तंत्र है। प्रस्तावित एयरपोर्ट को वधावन बंदरगाह, मुंबई अहमदाबाद हाई स्पीड रेल, मुंबई वडोदरा एक्सप्रेसवे तथा प्रस्तावित उत्तन विरार सी लिंक से जोड़ने की योजना है। इसके अतिरिक्त समर्पित माल



गलियारे और अन्य सड़क संपर्क भी विकसित किए जाएंगे। इससे हवाई, समुद्री, रेल और सड़क परिवहन का ऐसा समन्वित नेटवर्क तैयार होगा जो भारत में मल्टीमॉडल परिवहन का उत्कृष्ट उदाहरण बन सकता है। वधावन बंदरगाह स्वयं भारत की सबसे महत्वपूर्ण समुद्री परियोजनाओं में गिना जा रहा है। यदि उसके साथ विशाल कार्गो क्षमता वाला एयरपोर्ट भी विकसित हो जाता है तो पश्चिमी भारत में अंतरराष्ट्रीय व्यापार का नया केंद्र उभर सकता है। समुद्री मार्ग से आने वाला माल कम समय में हवाई मार्ग से देश और विदेश भेजा जा सकेगा। हवाई मार्ग से आने वाला उच्च मूल्य का सामान सीधे बंदरगाह तक पहुंचाया जा सकेगा। इससे निर्यात और आयात दोनों क्षेत्रों को गति मिलेगी तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका और मजबूत होगी। स्थानीय युवाओं को निर्माण, विमानन, आतिथ्य, सुरक्षा, परिवहन और तकनीकी सेवाओं में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इससे क्षेत्रीय आर्थिक असंतुलन भी कम हो सकता है। इतनी विशाल परियोजना के साथ कई तकनीकी और पर्यावरणीय चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। समुद्र से भूमि तैयार करना अत्यंत जटिल इंजीनियरिंग कार्य है। किसी भी बड़े विकास कार्य में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के सिद्धांतों का पालन अनिवार्य है। यदि इन पहलुओं की अनदेखी की गई तो दीर्घकाल में परियोजना को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक दृष्टि से भी यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य से इस्पात, सीमेंट, मशीनरी, इंजीनियरिंग, परिवहन और निर्माण उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। परियोजना पूर्ण होने के बाद विमानन, पर्यटन, व्यापार, ई कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स और निर्यात आधारित उद्योगों में नई ऊर्जा आएगी। विदेशी निवेशकों के लिए भी यह क्षेत्र अधिक आकर्षक बन सकता है क्योंकि आधुनिक परिवहन अवसंरचना निवेश का सबसे महत्वपूर्ण आधार होती है। इससे महाराष्ट्र के साथ साथ पूरे पश्चिमी भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी। भारत ने पिछले दशक में विमानन क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। छोटे शहरों तक हवाई सेवाएं पहुंचाने की योजनाओं से लेकर नए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के निर्माण तक अनेक प्रयास किए गए हैं। आज भारत विश्व के सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में शामिल है। ऐसे समय में ऑफशोर एयरपोर्ट जैसी परियोजना यह संकेत देती है कि देश केवल वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने तक सीमित नहीं रहना चाहता बल्कि भविष्य की मांग को ध्यान में रखकर दीर्घकालिक योजना बना रहा है। हालांकि परियोजना की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि योजना निर्माण से लेकर क्रियान्वयन तक सभी चरणों में पारदर्शिता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए। स्थानीय समुदायों की चिंताओं को समझना, पर्यावरणीय प्रभावों का निष्पक्ष मूल्यांकन करना, वित्तीय अनुशासन बनाए रखना और समयबद्ध निर्माण करना उतना ही महत्वपूर्ण होगा जितना स्वयं एयरपोर्ट का निर्माण। यदि इन सभी पहलुओं पर संतुलित ढंग से कार्य किया गया तो यह परियोजना केवल महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि पूरे भारत के लिए विकास का नया मॉडल बन सकती है। भारत आज उस दौर में प्रवेश कर चुका है जहां अवसंरचना केवल सुविधाओं का विस्तार नहीं, बल्कि आर्थिक शक्ति, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का आधार बन चुकी है। पालघर के समुद्र में प्रस्तावित यह ऑफशोर एयरपोर्ट उसी बदलते भारत की कहानी कहता है जो सीमित संसाधनों में भी नए समाधान खोजने का साहस रखता है। यदि यह सपना साकार होता है तो यह केवल समुद्र पर बना एक हवाई अड्डा नहीं होगा, बल्कि भविष्य के भारत की दूरदृष्टि, तकनीकी क्षमता और विकास के संकल्प का जीवंत प्रतीक बनकर उभरेगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जनसंख्या दिवस
राजेश जैन




# 148 करोड़ लोगः भारत की सबसे बड़ी ताकत या चुनौती

आज के दिन 11 जुलाई को हर साल विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया की बढ़ती आबादी के आंकड़ों की चर्चा का अवसर बनता है, लेकिन भारत के लिए इसका महत्व इससे कहीं अधिक है। यह केवल जनसंख्या गिनने का दिन नहीं, बल्कि यह सोचने का अवसर है कि क्या देश अपनी सबसे बड़ी मानव पूंजी को विकास की ताकत बना पाएगा या यही आबादी भविष्य में सबसे बड़ी चुनौती बन जाएगी। आज भारत लगभग 148 करोड़ लोगों के साथ दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। एक वर्ग इसे देश की सबसे बड़ी शक्ति मानता है, जबकि दूसरा इसे बेरोजगारी, संसाधनों पर बढ़ते दबाव और सामाजिक असमानता की वजह मानता है। सच यह है कि आबादी अपने आप में न ताकत होती है और न बोझ। उसकी दिशा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल और रोजगार तय करते हैं। किसी भी देश की वास्तविक ताकत उसके नागरिकों की गुणवत्ता से तय होती है। यदि लोग शिक्षित, स्वस्थ और कुशल हैं तो बड़ी आबादी आर्थिक विकास का इंजन बन जाती है। कमजोर शिक्षा, सीमित रोजगार और खराब स्वास्थ्य व्यवस्था उसी आबादी को विकास में बाधा बना देती है। चीन ने दशकों तक प्रशिक्षित कार्यबल के दम पर दुनिया की फैक्ट्री बनने का गौरव हासिल किया, लेकिन आज वहां तेजी से बढ़ती वृद्ध आबादी नई चुनौती बन गई है। भारत की स्थिति अलग है। यहां औसत आयु लगभग 29 वर्ष है और करीब 65 प्रतिशत आबादी कार्यशील आयु वर्ग में है। हमारे लिए यह जनसांख्यिकीय लाभांश यानी डेमोग्राफिक डिविडेंड है, लेकिन यह अवसर स्थायी नहीं है। यदि आने वाले वर्षों में शिक्षा, कौशल और रोजगार पर पर्याप्त निवेश नहीं हुआ तो यही लाभांश भविष्य में आर्थिक और सामाजिक दबाव में बदल सकता है। भारत केवल आबादी के लिहाज से बड़ा नहीं है, बल्कि दुनिया के सबसे आकर्षक उपभोक्ता बाजारों में भी शामिल है। यही वजह है कि वैश्विक कंपनियां भारत को अगले दो दशकों का सबसे महत्वपूर्ण बाजार मान रही हैं। डिजिटल इंडिया और यूपीआई जैसी पहलों ने इस क्षमता को नई गति दी है। इंटरनेट गांवों तक पहुंचा है, डिजिटल भुगतान आम हो चुका है और स्टार्टअप संस्कृति ने युवाओं के लिए नए अवसर खोले हैं। इन उपलब्धियों के बावजूद एक बड़ी चुनौती सामने है। हर साल लाखों युवा रोजगार बाजार में प्रवेश करते हैं, लेकिन उद्योगों को योग्य कर्मचारी नहीं मिलते और युवाओं को उनकी क्षमता के अनुरूप रोजगार नहीं मिलता। समस्या केवल नौकरियों की संख्या नहीं, बल्कि रोजगार योग्य कौशल की भी है। यहीं सरकार की नीतियों की असली परीक्षा शुरू होती है। पिछले एक दशक में नई शिक्षा नीति, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आयुष्मान भारत जैसी कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की गईं। इनसे नए अवसर जरूर बने हैं, लेकिन अपेक्षित परिणाम अभी पूरी तरह सामने नहीं आए हैं।

नई शिक्षा नीति कौशल आधारित शिक्षा पर जोर देती है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी, डिजिटल संसाधनों का अभाव और राज्यों के बीच असमानताएं इसकी राह कठिन बनाती हैं। स्किल इंडिया ने प्रशिक्षण का दायरा बढ़ाया है, लेकिन उद्योगों और प्रशिक्षण संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल अभी भी जरूरी है। स्टार्टअप इंडिया ने नवाचार को बढ़ावा दिया है, हालांकि इसका लाभ अभी मुख्य रूप से बड़े शहरों तक सीमित है। छोटे शहरों और ग्रामीण भारत को भी इस बदलाव से जोड़ना होगा। इतनी बड़ी आबादी वाले देश के लिए मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था अनिवार्य है। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने लाखों परिवारों को राहत दी है, लेकिन ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएं, डॉक्टरों की उपलब्धता, कुपोषण और मानसिक स्वास्थ्य जैसी चुनौतियां अभी भी गंभीर हैं। इसी तरह महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाए बिना भारत अपनी पूरी क्षमता हासिल नहीं कर सकता। भारत के लिए अगले 20 से 25 वर्ष निर्णायक हैं। 148 करोड़ लोगों का देश होना न उपलब्धि है और न समस्या। असली सवाल यह है कि इन लोगों में कितने शिक्षित, स्वस्थ, कुशल और उत्पादक हैं। यदि भारत अपनी मानव पूंजी में सही निवेश करता है तो यही आबादी उसकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी। यदि यह अवसर चूक गया, तो यही संख्या भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती भी साबित हो सकती है। विश्व जनसंख्या दिवस हमें यही याद दिलाता है कि किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति उसके नागरिक होते हैं। भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा मानव पूंजी है। अब यह देश पर निर्भर है कि वह इसे विकास की सबसे बड़ी शक्ति बनाता है या एक चूके हुए अवसर में बदल देता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
**दर्शन**

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

## एक दिन का पुण्य ही क्यूँ?



संकलित
**प्रेरणा**

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहाँ से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे छमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूँ तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारीः बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन से होगा हरित रेल क्रांति का आगाज

भारतीय रेल केवल देश का सबसे बड़ा सार्वजनिक परिवहन तंत्र नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक प्रगति की जीवनरेखा भी है। लगभग डेढ़ शताब्दी पहले भाप के इंजनों से शुरू हुई इसकी यात्रा आज अत्याधुनिक तकनीकों के नए युग में प्रवेश कर चुकी है। वंदे भारत, अमृत भारत, समर्पित माल गलियारे 'कवच' जैसी स्वदेशी सुरक्षा प्रणाली और व्यापक विद्युतीकरण के बाद अब भारतीय रेल हाइड्रोजन फ्यूल-सेल तकनीक के साथ एक और ऐतिहासिक उपलब्धि की दहलीज पर खड़ी है। विगत दिनों दिल्ली-जींद रेलखंड पर स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन का सफल परीक्षण इस बात का संकेत है कि भारत हरित, आत्मनिर्भर और भविष्य उन्मुख रेल व्यवस्था की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है।

**-विनोद यादव**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### भारत-न्यूज़ीलैंड की दोस्ती



नाद वोकल एन्सेम्बल की शानदार प्रस्तुति देखकर बहुत खुशी हुई। संगीत में लोगों को एक साथ लाने की अनोखी क्षमता होती है और आज की प्रस्तुति ने भारत-न्यूज़ीलैंड की दोस्ती की गर्मजोशी और गहराई को खूबसूरती से दर्शाया।

**- नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### रेड्डी का गणित कमजोर



मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का गणित कमजोर है। वे बार-बार कहते हैं कि केंद्र ने कुछ नहीं दिया। कांग्रेस के ये लोग बस एक ही बात दोहराते हैं: वे खुद कुछ कमा नहीं सकते और दूसरों का सहारा लेना बंद नहीं करेंगे! हिमाचल प्रदेश में भी वे यही करते हैं।

**- जगत प्रकाश नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### 16 पार्षद भाजपा में शामिल



आज दिल्ली की प्रगति और जनसेवा के संकल्प को नई मजबूती मिली है। इंद्रप्रस्थ डेवलपमेंट पार्टी के सोलह पार्षद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। पार्षदों का यह निर्णय राजधानी के विकास कार्यों को नई गति देगा।

**- रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### अप्रेंटिसशिप जरूरी



अब भारत में अप्रेंटिसशिप की बड़े पैमाने पर वापसी के लिए सही समय आ गया है। मैन्युफैक्चरिंग हमारे लिए बहुत ज़रूरी है। और एआई व नई टेक्नोलॉजी के आने के साथ, 'काम करते हुए सीखना' ही आगे बढ़ने का सही रास्ता है।

**- अनिल अग्रवाल**, उद्यमी

## करंट अफेयर


# 10 लाख महिलाओं को मदद मिलनी बंद हो गई : संरा

महिलाओं के लिए काम करने वाली संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 18 महीनों में बजट में कटौती के कारण कम से कम 10 लाख महिलाओं को मानवीय और अन्य जरूरी मदद नहीं मिल पा रही है। एजेंसी 'यूएन वीमेन' का कहना है कि सर्वेक्षण में शामिल 84 प्रतिशत महिला संगठनों ने बताया है कि जनवरी 2025 से उनकी जरूरतें बढ़ गई हैं। इसी समय अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता संभाली थी और विदेशी मदद में कटौती शुरू की थी। अमेरिका संयुक्त राष्ट्र को सबसे ज्यादा वित्तीय सहायता देने वाला देश है। एजेंसी की शीर्ष अधिकारी सोफिया कॉलटॉर्प ने कहा, ''महिलाओं के संगठनों से वापस लिया गया हर डॉलर, यौन हिंसा की शिकार महिलाओं, विस्थापित माताओं, स्कूल छोड़ने पर मजबूर लड़कियों और जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे समुदायों से वापस लिया गया डॉलर है।'' सर्वेक्षण में शामिल लगभग 90 प्रतिशत महिला समूहों ने कहा कि वे अब जरूरत के मौजूदा स्तर को पूरा नहीं कर सकते, और हर पांच में से एक समूह ने कहा कि उन्हें आशंका है कि वे अगले साल कुछ समय के लिए या हमेशा के लिए कामकाज बंद कर देंगे।



## ऑफ बीट

# युवाओं में बढ़ रहा कम उम्र में जुए की लत का खतरा



विशेषज्ञों का कहना है कि युवाओं में कम उम्र में जुए की लत लगने का खतरा बढ़ रहा है और इस समस्या से निपटने के लिए सरकार को जुए के विज्ञापनों और उद्योग पर कड़े नियंत्रण लगाने के साथ-साथ परिवारों को भी बच्चों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना होगा। अध्ययन के अनुसार आठ प्रतिशत से अधिक वयस्क किसी न किसी रूप में जुए के दुष्प्रभावों से प्रभावित हैं, जबकि लगभग एक प्रतिशत वयस्क अत्यधिक जोखिम वाले स्तर पर जुआ खेलते हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि 18 से 34 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं पर विशेष रूप से जुए की लत का जोखिम है। नियमित रूप से 'पोकी' (पोकर मशीन) और ऑनलाइन सट्टेबाजी करने वाले इस आयु वर्ग के लगभग 90 प्रतिशत लोगों को आर्थिक नुकसान, रिश्ते टूटने और अन्य गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विशेषज्ञों के अनुसार, पोकर मशीन और ऑनलाइन सट्टेबाजी जैसे जुए के कुछ स्वरूप अन्य की तुलना में अधिक नुकसानदेह हैं और इनसे लत लगने की आशंका अधिक रहती है। उन्होंने कहा कि जुए से होने वाला सबसे आम नुकसान आर्थिक होता है। इसमें खर्च के लिए कम धन बचने से लेकर जीवनभर की बचत या मकान तक गंवाने जैसी गंभीर स्थितियां शामिल हैं।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



## म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे आदित्य, मिलाप करेंगे निर्देशन


**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर जल्द ही डायरेक्टर मिलाप जावेरी की एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह एक्शन और बेहतरीन गानों से भरपूर एक अनोखी म्यूजिकल लव स्टोरी होगी। फिल्म निर्माता भूषण कुमार और आदित्य रॉय कपूर एक बार फिर साथ आ रहे हैं। इससे पहले दोनों आशिकी 2 और मलंग जैसी हिट फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अब दोनों साथ में एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी करेंगे। मिलाप जावेरी और आदित्य रॉय कपूर एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। मिलाप जावेरी ने कहा कि आदित्य में प्यार और दर्द को पर्दे पर दिखाने का एक अनोखा टैलेंट है। इस फिल्म में उनका किरदार काफी गहरा और दमदार होगा, जिसे दर्शक बेहद पसंद करेंगे। सत्यमेव जयते और मरजावां जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध मिलाप जावेरी ने बताया कि इस आगामी म्यूजिकल ड्रामा लव स्टोरी में दर्शकों को जबरदस्त एक्शन, बेहतरीन डायलॉग और रोमांस दिल को छू लेगा। बहरहाल, फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। इसकी शूटिंग इसी साल 2026 के आखिर में शुरू होगी और यह फिल्म 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

# बिना ऑडिशन धमाल 4 में हुई एंट्री

पहले मैंने टेलीविजन पर काम किया था, इसलिए जो लोग टीवी देखते थे, वे मुझे जानते थे। फिल्म इंडस्ट्री के बहुत ज्यादा लोग मुझे नहीं जानते थे। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने मेरे लिए यह बदल दिया। इंडस्ट्री के लोग मुझे पहचानने लगे। अब किसी को दोबारा परिचय नहीं देना पड़ता है। यह कहना है अभिनेत्री अंजलि आनंद का।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अंजलि आनंद शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म 'धमाल 4' में कामेडी करती दिख रही हैं। धमाल 4 से जुड़ने को लेकर वह कहती है कि मुझे लगता है कि यह फिल्म मेरे हिस्से में आनी ही थी। जब मेरी डायरेक्टर इंद्र कुमार से मुलाकात हुई, तो हमने करीब ढाई घंटे तक फिल्म की बात ही नहीं की। हम उनकी पुरानी फिल्मों के बारे में बातें करते रहे। फिर उन्होंने बस इतना कहा कि बेटा, मुझे तुम्हारा आडिशन लेने की जरूरत नहीं है। तुम इस फिल्म का हिस्सा हो। मुझे लगता है कि उन्होंने फिल्मों के प्रति मेरा प्यार देखा। उन्होंने मेरा दूसरा कोई काम भी नहीं देखा था, लेकिन शुरू से ही मुझ पर भरोसा किया। अंजलि कहती हैं कि बचपन से धमाल, भागम भाग, भूल भुलैया, गोलमाल से लेकर फिर हेरा फेरी तक मैंने सारी कॉमेडी फिल्में देखी हैं। ये मेरे दोस्तों की भी पसंदीदा फिल्में हैं। उनके डायलॉग आज भी हम सबको जुबानी याद हैं। मैं तो बस उस पल का इंतजार कर रही थी, जब मुझे भी अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा और मैं यह साबित कर पाऊंगी कि मैंने इन सभी फिल्मों से बहुत कुछ सीखा है। अंजलि ने आगे कहा, 'अब उनके साथ परफार्म करने को मिल रहा है।



सच कहूं तो मेरा अंदर का बच्चा बहुत खुश था। रितेश देशमुख से जब मैं पहली बार से मिली, तो मैंने उनसे कहा कि आपने जो फिल्म हे बेबी में शावर वाले सीन में गाना गाया था, उसे मैं आज तक नहीं भूल पाई हूं। वह सीन मेरे और मेरे दोस्तों के बीच आज भी सबसे पसंदीदा है। हम अक्सर उस सीन की नकल करते हैं। फिल्म बन टिक्की में जीनत अमान के साथ काम के अनुभवों पर वह कहती हैं कि शादी से पहले मेरी मां उनकी बॉडी डबल हुआ करती थीं।




# राजेश ने माचिस से शुरू किया कॅरियर परिणीता फिल्म से मिली शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीलुड और बंगाली फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेता राजेश शर्मा इन दिनों चर्चा में हैं। खबर है कि वह हैदराबाद में प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'फौजी' की शूटिंग में बिजी थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश शर्मा कई दशकों से इंडस्ट्री में हैं। फिल्मों और टीवी शो में काम करने वाले इस स्टार ने कई हिट प्रोजेक्ट्स में काम किया है। उनका जन्म 8 अक्टूबर 1970 को लुधियाना, पंजाब में हुआ था। उन्हें कम उम्र में ही एक्टिंग का शौक हो गया था। इसी वजह से उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। एक एक्टर के तौर पर उनकी पहली फिल्म 1996 में आई 'माचिस' थी। उन्होंने कई बंगाली फिल्मों में काम किया, जिसके बाद 2003 में 'परिणीता' फिल्म से शोहरत मिली। तब से, उन्होंने कई बड़े बजट की फिल्मों में काम किया है और भारतीय सिनेमा में लगातार सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभा कर अपने फैंस का दिल जीता है।



### कीड़े काटने से बीमार

प्रभास की आने वाली फ़िल्म की शूटिंग के दौरान कथित तौर पर कीड़े के काटने से बीमार पड़े लोकप्रिय बंगाली अभिनेता राजेश शर्मा अब भी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। फ़िलहाल वह ख़तरे से बाहर हैं और डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं।

### इन बड़ी फिल्मों में किया काम

राजेश शर्मा की बेहतरीन फिल्मों में भूल भुलैया 3, पीकू, खोसला का घोसला, द डर्टी पिक्चर, टॉयलेटः एक प्रेम कथा, तनु वेड्स मनु' और कई अन्य शामिल हैं। उन्हें स्पेशल 26 और एम.एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी से खासा पहचान मिली। राजेश शर्मा ने साल 2005 में बंगाली अभिनेत्री सुदीप्ता चक्रवर्ती के साथ शादी की थी। बाद में साल 2009 में दोनों अलग हो गए। इसके बाद उन्होंने संगीता शर्मा से साल 2011 में शादी की। राजेश शर्मा लगभग 55 साल के हो चुके हैं लेकिन उनके बच्चे नहीं हैं।

# मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई का धुरंधर से तुलना

**नई दिल्ली।** सच्ची घटना पर आधारित एक और नई फिल्म 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसे देख यूजर्स 'धुरंधर' से तुलना कर रहे हैं। जिस तरह हमजा ने पाकिस्तान में घुसकर धज्जियां उड़ाई थीं, उसी तरह इस बार हरफन बुखारी है। कई सच्ची घटनाओं पर आधारित 'धुरंधर' के बाद अब एक और जासूसी फिल्म आ रही है, जिसमें 'धुरंधर' जैसा ही दमखम देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म का नाम है 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ ए स्पाई' और फिल्म की कास्ट भी काफी दमदार है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो चर्चा में है। मालूम हो कि पहले 'मुखबिर' एक वेब सीरीज के तौर पर रिलीज की गई थी, पर अब फिल्म बनाकर रिलीज की जा रही है। जिस तरह 'धुरंधर' में मौत की सजा पाए जसकीरत सिंह रंगी को एक भारतीय जासूस बनाकर पाकिस्तान हमजा अली मजारी के नाम से भेजा जाता है।




# द पैराडाइज से राघव का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** फिल्म 'द पैराडाइज' में राघव जुयाल अहम भूमिका में नजर आएंगे। उनके किरदार का नाम विक्रम मालिक है। इस फिल्म में अभिनेता का नेगेटिव रोल है। शुक्रवार को राघव के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म से उनका पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ शुभकामनाएं दी हैं। राघव जुयाल ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसी के साथ 'द पैराडाइज' से राघव के किरदार की झलक दिखाई है। सामने आए पोस्टर में राघव जुयाल मुंह में सिगरेट दबाए धुआं के छल्ले बना रहे हैं। काला चश्मा लगा रखा है और तीखे तेवर के साथ देख रहे हैं। उनका यह लुक किसी खूंखार डॉन जैसा है। किल और बैड्स ऑफ बॉलीवुड में राघव जुयाल पहले ही अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। अब वे तेलुगु फिल्म में अपने अभिनय का जलवा दिखाएंगे।





# सिलक्यारा टनल हादसे पर बनेगी फिल्म, कबीर होंगे निर्देशक

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस, माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और कबीर खान फिल्म्स ने नई फिल्म 'सिलक्यारा 41' का ऐलान किया है। अपकमिंग फिल्म भारत के उत्तराखंड में मौजूद सिलक्यारा टनल में हुए अद्भुत बचाव अभियान पर आधारित होगी। इस अभियान में विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया) के स्थानीय हीरो और दुनिया भर में मशहूर टनलिंग एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने शानदार काम किया था। इस फिल्म को अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय फिल्ममेकर कबीर खान डायरेक्ट करेंगे। इसे मशहूर ऑस्ट्रेलियाई स्क्रीनराइटर एंड्रयू एनास्टासियोस (द वॉटर डिवाइनर) ने लिखा है।



यह फिल्म भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक रोमांचक साझेदारी को दिखाएगी। फिल्म के बारे में बात मेकर्स ने बताया 'हमें माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और आमिर खान प्रोडक्शंस के बीच इस अहम सहयोग की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। सिलक्यारा टनल बचाव अभियान की कहानी ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है। यह नामुमकिन हालात में हिम्मत, मजबूती, सूझ-बूझ और इंसानियत की कहानी है। हमें इस ऐतिहासिक दिन पर इसकी घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने आपसी रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं।' ऐसे समय में जब दोनों देशों के नेता और प्रतिनिधिमंडल रिश्तों को मजबूत करने और आपसी सहयोग के नए दौर की शुरुआत करने के लिए मिल रहे हैं। यह घोषणा ऑस्ट्रेलिया और भारत के रिश्तों में एक अहम मोड़ पर हो रही है। उत्तराखंड की सिलक्यारा सुरंग 2023 में तब सुर्खियों में आई, जब चट्टानों के टूटने और पानी के रिसाव की वजह से सुरंग ढह गई और 41 निर्माण कर्मचारी 17 दिनों तक अंदर फंसे रहे।




## रक्तांचल 3 में बदला और वर्चस्व का खूंखार खेल, आमने-सामने विजय-वसीम


**नई दिल्ली।** पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी वेब सीरीज 'रक्तांचल' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विजय सिंह और वसीम खान एक बार फिर आमने सामने हैं। इस बार बात सिर्फ बदले की नहीं है, बल्कि राजनीति के बदलते समीकरण और धोखेबाजी की भी है। रितम श्रीवास्तव के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। समय ने बहुत कुछ छीना है हमसे, अब क्रोध भी नहीं है, सिर्फ एक आग है... ''रक्तांचल' सीजन 3' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया है और पहले ही कुछ सेकेंड में विजय सिंह के किरदार का यह डायलॉग टोन सेट कर देता है। सच्ची घटनाओं पर आधारित इस वेब सीरीज का करीब दो मिनट का यह ट्रेलर हमें पूर्वांचल के उस खूंखार इलाके में वापस ले जाता है, जहां विजय सिंह और वसीम खान की पुरानी दुश्मनी, दबी हुई नफरत और सत्ता के नए खेल एक बार फिर भड़कने को तैयार हैं। कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल इलाके के दो मशहूर माफिया की 1980 के दशक की असल घटनाओं से प्रेरित है। सीरीज में क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर लीड रोल में हैं। जब 2020 में इसका पहला सीजन और फिर 2022 में दूसरा सीजन रिलीज हुआ था, तब इस सीरीज की हिंसक और राजनीतिक दुनिया ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। अब तीसरे सीजन में बात वर्चस्व से आगे बढ़कर बदले की है।

## हिना और रुबिना का नया टॉक शो हुआ ट्रोल

**नई दिल्ली।** टीवी के चर्चित सितारे भी अक्सर विवादों का हिस्सा बनते हैं। हाल ही में टीवी सेलेब्स से जुड़ी कुछ कंट्रोवर्सीज पर रुबिना दिलैक और हिना खान ने अपने नए टॉक शो में बात की। यह बातचीत फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को नहीं पसंद आई। इस वजह से दोनों एक्ट्रेसेस को ट्रोल भी किया गया है। रुबिना दिलैक ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने नए शो 'पीओवी' का एक वीडियो शेयर किया। इसमें रुबिना के पति और एक्टर अभिनव शुक्ला भी नजर आए। साथ ही हिना खान और उनके पति रॉकी भी मौजूद दिखे। यह चारों शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चमोला जैसी टीवी एक्ट्रेसेस की पिछली कंट्रोवर्सी पर चर्चा कर रही थीं। दोनों को लेकर अपने विचार जाहिर कर रही थीं। जब फैंस ने हिना खान और रुबिना के टॉक शो का वीडियो देखा तो उन्होंने खरी-खोटी सुना दी। दरअसल, यह दोनों ही टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेसेस हैं, दोनों की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इन्हें इस तरह से दूसरों एक्टर्स की कंट्रोवर्सी पर बात करते देख, फैंस को अच्छा नहीं लगा। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इन्हें खूब ट्रोल किया।







**टोपी, कपड़े बदलने की चाल भी नहीं बचा सकी**

शहर के पॉश इलाकों में सूने मकानों को निशाना बनाकर पुलिस की नींद उड़ाने वाला सीरियल चोर आखिरकार एक सीसीटीवी फुटेज से बेनकाब हो गया। गैस चूल्हा बनाने वाले मिस्त्री बनकर वह पहले रेकी करता, फिर रात में चोरी कर कपड़े बदलकर फरार हो जाता था। रिटायर्ड बैंक मैनेजर के घर सात लाख की चोरी के बाद पुलिस ने छह दिन तक 150 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले और एक बाइक नंबर के सहारे आरोपी तक पहुंच गई। गिरफ्तारी के बाद आठ चोरियों का खुलासा हुआ और 64 लाख रुपए के जेवर बरामद कर लिए गए।

# 150 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद खुला चोरियों का राज

● बिलासपुर से कृष्णा तम्बोली

सूने मकानों में चोरी की वारदातों ने पुलिस की नाक में दम कर दिया था, पुलिस चोर को पकड़ने के लिए हवा में हाथपैर मार रही थी, अचानक एक रिटायर्ड बैंक मैनेजर के घर 7 लाख की चोरी में पुलिस के हाथ अहम सुराग चोर का सीसीटीवी फुटेज हाथ लगा। उसके बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी। 6 दिन बाद भागते हुए चोर की बाइक का नम्बर दिख गया। उसके आधार पर पुलिस ने शातिर चोर व दो खरीदारों को धरदबोचा और उनसे 8 मकानों से चोरी गए 64 लाख का जेवर बरामद किया गया। अब तीनों जेल में गुनाहों की सजा काट रहे हैं।

वर्ष 2025 - 26 में वीआईपी सिविल लाइन क्षेत्र के रिहायशी इलाका नेहरू नगर, नर्मदा नगर, मंगला क्षेत्र में लगातार सूने मकानों में चोरी की वारदात ने पुलिस के नाक पर दम कर दिया था। जांच के दौरान पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही थी। इस बीच 20 अप्रैल 2026 को नेहरू नगर गीतांजली विहार निवासी रिटायर्ड बैंक मैनेजर देवदास बर्मन पिता शबल दास बर्मन मकान के दरवाजे में ताला लगाकर रायपुर चले गए। मकान की देखरेख करने के लिए उन्होंने मकान की चाबी नौकरानी सीमा यादव को दी थी। 22 अप्रैल की सुबह सीमा यादव उनके घर साफ सफाई करने गई, मेन गेट का ताला खोलकर वह अंदर गई तो अंदर के दरवाजे का कुंदा टूटा मिला, आलमारी का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। नौकरानी सीमा ने तत्काल श्री बर्मन को फोन कर चोरी की जानकारी दी। उसी दिन दोपहर 12 बजे श्री बर्मन पत्नी के साथ घर लौट गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम उनके घर गई और जांच में जुट गई। श्री बर्मन के पड़ोसी के घर में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था। पुलिस ने फुटेज खंगाला तो एक युवक टोपी लगाकर उनके घर का मुआयना करते हुए दरवाजा फांदकर अंदर घुसते और 40 मिनट बाद बाहर निकलते नजर आया। फुटेज हाथ लगने पर एसएसपी रजनेश सिंह ने चोर को पकड़ने का आदेश दिया। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, एएसआई चंद्रकांत डहरिया टीम के साथ नेहरू नगर, नर्मदा नगर, मंगला चौक, उसलापुर रोड, मुंगेली नाका रोड में एक एक मकान व संस्थानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लग गए। 6 दिन में 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पुलिस के हाथ अहम सुराग हाथ लगा।

## गैस चूल्हा बनाने की आड़ में 8 सूने मकानों में चोरी

### ऐसे हुआ खुलासा

पुलिस को श्री बर्मन के घर से चोरी करने के बाद बाहर निकलने के समय के बाद मंगला चौक में मुंगेली नाका रोड की ओर मुड़ते हुए एक बाइक सवार का गाड़ी नम्बर सीजी 31 ए 0474 हाथ लगा। पुलिस ने इस नम्बर की डिटेल निकाली तो वह गौरेला खोडरी निवासी सूरज काछी पिता सुरेश काछी (30) का निकला। पतासाजी के दौरान उक्त बाइक उसलापुर रेलवे स्टेशन के स्टैण्ड में खड़ी हुई मिली। पुलिस उसकी तलाश में गौरेला खोडरी गई तो वह घर में नहीं मिला। पता चला सूरज काछी सरकण्डा बंगालीपारा में किराए के मकान में रहता है। पुलिस ने सरकण्डा में दबिश देकर सूरज को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने बैंक मैनेजर श्री बर्मन के घर के अलावा मंगला क्षेत्र के अन्य 7 सूने मकानों में भी चोरी कर जेवर सराफा व्यापारी कटनी गौतम गली निवासी सनी सोनी पिता कृष्णा सोनी (34), पेंड्रा बस स्टैण्ड निवासी संजय सोनी पिता संतोष सोनी के पास बेचना व कुछ जेवर गौरेला खोडरी में अपने घर में रखना बताया। पुलिस ने दोनों सराफा व्यापारियों को पकड़कर व उसके घर व रायपुर के दोस्त के पास 64 लाख के चोरी के सोने चांदी के जेवर बरामद किया।



### लावारिस कुत्ते ने दिखाई वफादारी

बैंक मैनेजर के घर में चोरी करने जाते समय शातिर चोर सीधे चलते दिखाई दे रहा था। वह चोरी कर बाहर निकलकर जाते समय लंगड़ाकर चल रहा था। पुलिस ने उसे पकड़ा तो उसके एक पैर में जख्म मिले। पूछताछ में उसने बताया, वह चोरी करने जा रहा था तब मैनेजर के घर के पास लावारिस कुत्ता भौंकने लगा। वह उसके उनके घर के करीब गया तो कुत्ते ने पैर को काट लिया था। पुलिस ने उसे रैबीज का इंजेक्शन लगवाने के बाद जेल भेजा था।

### धरी रह गई होशियारी

पकड़ा गया चोर इतना शातिर था कि वह चोरी के जेवर सराफा व्यापारियों के पास बेचकर कुछ पैसा और बाकी रकम से नए सोने के जेवर लेकर रसीद लेता था। रसीद के सहारे वह 10 तोला सोने के जेवर सस्ते में रायपुर के एक बैंक में गिरवी रखकर पैसा ले लेता था। उसके बाद लोन की रसीद अपने दोस्त रायपुर निवासी अनिल तिवारी को भेजता था। अनिल तिवारी उसकी लोन की राशि पटाकर सोने के जेवर छुड़ाकर उच्च दामों में बेचकर सूरज को कमीशन देता था।

### कपड़ा बदलकर भागता था

शातिर चोर सरकण्डा क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर मंगला, नर्मदा नगर, नेहरू नगर में गैस चूल्हा बनाने के बहाने फेरा लगाने के दौरान सूने मकानों की रेकी करता था। उसके बाद वह रात में घर से बाइक में एक जोड़ा दूसरा कपड़ा लेकर निकलता था। बाइक दूर खड़ी कर पैदल जाता था और चोरी के करने के बाद अपनी बाइक के पास आकर दूसरा कपड़ा पहनकर भाग जाता था। इसी तरह वह चोरी में बाइक व स्कूटी का इस्तेमाल करता था ताकि कोई उसको पहचान ना सके।



---

शातिर और कुख्यात अपराधी भी अपराध को अंजाम देने के बाद मौके से उन सभी सबूतों को मिटाने का प्रयास करते हैं, जो उन्हें सजा दिलाने के लिए कोर्ट में साक्ष्य बन सकते है, लेकिन एक छोटे से गांव में एक ऐसा भी आरोपी हुआ। जिसने जुर्म करने के पहले अपने हाथ में अपने दुश्मनों का नाम लिखवा रखा था। उसने अपनी मंशा को पूरा करने के लिए महीनों इंतजार किया। जब मौका मिला भी तो उसके दुश्मनों को तो कुछ नहीं हुआ, बल्कि एक निर्दोष व्यक्ति की जान चले गई।



● राजनांदगांव से धन्य कुमार जैन

# एक अपराधी ऐसा भी, जिसने अपने हाथ में लिखवाई जुर्म की दास्तान

राजनांदगांव जिले के अंतर्गत आने वाले डोंगरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम जामसरार कला स्थित दाऊ कृषि फार्म में 28 अप्रैल 2024 को बोर पंप में ब्लास्ट हुआ। इस बोर को प्रतिदिन डोंगरगांव के प्रतिष्ठित दाऊ परिवार का सुनील वैष्णव आ हिरेंद्र दास वैष्णव चालू करता था। संयोग से उस दिन भी वह फार्म हाउस जरूर गया, लेकिन मजदूरों को काम बताकर घर लौट आया। वह घर पहुंचा ही था कि उसे बोर में ब्लास्ट होने की खबर मिली। मौके पर जाने पर पता चला कि उसके फार्म हाउस में काम करने वाले नरेश कुमार ओटी ने पंप चालू करने के लिए जैसे ही स्टार्टर के स्विच को आन किया तो धमाका हो गया। ब्लास्ट की चपेट में आने से नरेश की मौके पर ही मौत हो गई।

### समूचे क्षेत्र में फैली सनसनी

कृषि फार्म में ब्लास्ट होने की खबर फैलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और अटकलों का बाजार गर्म हो गया। कोई दाऊ परिवार को मारने की साजिश बता रहा था तो कोई नक्सली घटना होने का अनुमान लगा रहा था।

### रंजिशवश किया जुर्म

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर हर एंगल को ध्यान में रखकर जांच शुरू की। तफ्तीश से जांच करने पर खुलासा हुआ है कि घटना को आपसी रंजिश में अंजाम दिया गया था। जांच में यह भी पता चला कि गांव के ही इलेक्ट्रीशियन कुमान कंवर ने बिजली के तार और पटाखे के बारूद का उपयोग कर बम बनाया। पंप के स्टार्टर की बटन में बम का वायर कनेक्ट कर दिया था।

**निर्दोष व्यक्ति की जान चली गई**



### हाथ में दुश्मनों के नाम

आरोपी ने पुलिस को अपने बयान में बताया कि उसके और दाऊ परिवार के बीच पुरानी दुश्मनी रही है। आरोपी ने अपने बांये हाथ में एक टैटू साल 2015 में बनवा रखा था, जिसमें लिखा है कि, मेरा जानी दुश्मन कांग्रेस नेता संतोष वैष्णव, सतीश वैष्णव और पप्पू वैष्णव का परिवार है। मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने आरोपी कुमान कंवर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### छ माह से रच रहा था साजिश

मौक पर मिले साक्ष्य और कुछ ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने इलेक्ट्रीशियन कुमान कंवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इसके बाद उसने बताया कि वह पिछले 6 माह से घटना को अंजाम देने साजिश रच रहा था।

---

उस बच्चे ने कभी नहीं सोचा था कि उसका जन्मदाता ही एक दिन उसकी जान ले लेगा। महज एक गिलास पानी के लिए इस कलयुगी पिता ने अपने नाबालिग बच्चे की हत्या करने अपने मजबूत हाथों से उसका गला व नाक दबा दिया। इस दौरान बच्चे की नाक से निकल रहे खून को बकायदा रुमाल से पोछता रहा।




**आरोपी जेल में**

पुत्र की हत्या के मामले में आरोपी परमेश्वर साहू को न्यायालय ने 20 वर्ष की सजा से दण्डित किया है। वर्तमान में आरोपी जेल में सजा काट रहा है।

● धमतरी से संतोष सोनकर

**चौबीस घंटे घर में छिपाकर रखा शव, पूछताछ होने पर उगला राज**

# एक गिलास पानी के लिए पिता ने की नाबालिग बेटे की हत्या

घटना सन 2020 की है, धमतरी जिले के करेली बड़ी थाना मगरलोड के ग्राम भेण्ड्री के तत्कालीन सरपंच से 27 अप्रैल 2020 की सुबह फोन पर गांव के बरदेपारा निवासी परमेश्वर साहू द्वारा अपने 13 वर्षीय पुत्र सागर साहू की गला दबाकर हत्या कर देने की सूचना मिली। सुबह-सुबह हत्या जैसी गंभीर घटना की जानकारी मिलने पर चौकी पुलिस सकते में आ गई। पुलिस दल बल के साथ तत्काल घटनास्थल ग्राम भेण्ड्री के बरदेपारा पहुंची। जहां उक्त घर के कमरे में रखे दीवान पलंग और दीवार के बीच सागर साहू (13) का शव रखा था। जिसे कपड़ों से ढंक दिया गया था। पुलिस ने प्रकरण में धारा 302 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर फरार आरोपी की तलाश शुरु कर दी। इस घटना में किसी तरह का कोई रहस्य नहीं था। स्पष्ट हो चुका था कि पिता परमेश्वर साहू ने ही अपने पुत्र सागर साहू की हत्या की है, लेकिन पुलिस परिजन व ग्रामीण एक पिता द्वारा अपने ही नाबालिग बेटे की हत्या करने के कारणों को जानना चाहते थे। इस प्रकरण में पुलिस की जांच आगे बढ़ती गई। शव पंचनामा के दौरान लिए गए बयानों से नाबालिग बच्चे की हत्या का कारण परत दर परत खुलता चला गया।

### दिन-रात बेटे के शव के साथ रहा आरोपी पिता

हत्या के बाद बेटे के शव को छिपाकर परमेश्वर दिनभर घर पर ही था। शाम को पत्नी द्वारा पूछे जाने पर परमेश्वर ने सागर को दोस्त के घर जाना बताया। पत्नी भी पति की बात पर यकीन कर घरेलू कार्यों में जुट गई। रात में खाना खाकर सो गए। दूसरे दिन पत्नी के काम पर चले जाने के बाद परमेश्वर ने शव को दीवान पलंग से बाहर निकाल लिया। शव को पलंग व दीवार के बीच रख कपड़ों से ढंक दिया। चौबीस घंटे शव के साथ रहने व अपने पुत्र की हत्या कर देने पछतावा होने पर परमेश्वर आत्मग्लानिवश घटना की जानकारी गांव के सरपंच प्रीतराम देवांगन को देकर मौके से फरार हो गया।

### आखिरकार नाबालिग बच्चे ने दम तोड़ दिया

26 अप्रैल 2020 की सुबह सागर साहू की मां काम पर चली गई थी। इस दौरान सागर व उसके पिता परमेश्वर साहू घर पर थे। पिता परमेश्वर ने सागर को पानी लाने कहा। बेटे ने पानी लाने से मना कर दिया। इतने में परमेश्वर ने गुस्से में आगबबूला होकर गालियां देते हुए पूरी ताकत से अपने हाथों से पुत्र सागर का गला व नाक दबा दिया। इससे सागर की नाक से खून बहने लगा। आखिरकार नाबालिग बच्चे ने दम तोड़ दिया। इस दौरान सागर की नाक से खून बह रहा था। परमेश्वर ने रुमाल से खून को पोछकर साफ किया। किसी के देखे जाने से पहले परमेश्वर ने बेटे की लाश और खून से सने रुमाल को कमरे में रखे दीवान पलंग के भीतर छिपा दिया।

### घेराबंदी में फंसा आरोपी पिता

फरार आरोपी परमेश्वर की पुलिस ने जोर-शोर से तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस को अपने सूचना तंत्र से आरोपी के अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम परेवाडीह में देखे जाने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल ग्राम परेवाडीह पहुंचकर घेराबंदी कर दी। अपराध दर्ज होने के बाद से फरार आरोपी परमेश्वर साहू पिता मोतीलाल ग्राम भेण्ड्री बरदेपारा पुलिस चौकी करेली बड़ी निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने खून से सने रुमाल को भी दीवान पलंग के भीतर से जब्त कर लिया।

## इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू का ऐलान, अभी युद्ध समाप्त नहीं हुआ है

# 'ईरान संग समझौता हो या न हो, तेहरान को कभी नहीं बनाने देंगे परमाणु हथियार'

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल किसी भी हाल में ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा। उन्होंने कहा कि देश विदेशी खरीद पर निर्भरता कम करने के लिए अपने यहां हथियारों का उत्पादन बढ़ाएगा। वायु सेना के पायलटों के ग्रेजुएशन समारोह में नेतन्याहू ने कहा, 'हमारी नीति बिल्कुल साफ है। समझौता हो या न हो, ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होंगे।'

एजेंसी ▶▶ यरुशलम

सन्हिुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले नहीं किए होते, तो ईरान खुद को हथियारों से लैस कर चुका होता। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच फिर से हमले हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि तेहरान के साथ समझौते की संभावना अब खत्म हो चुकी है।



### ट्रंप के 'ओके' का इंतजार, हमले को तैयार नेतन्याहू

अमेरिका और ईरान के बीच फिर तेज हुए सैन्य तनाव के बीच इजरायल भी दोबारा युद्ध में शामिल हो सकता है। एक इजरायली अधिकारी के हवाले से कहा गया, जरूरत पड़ी तो हम ईरान फिर कार्रवाई करेंगे। इजरायल ईरान के खिलाफ फिर से सैन्य कार्रवाई करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मंजूरी का इंतजार कर रहा है। हमने पहले भी अमेरिका के साथ खड़े होकर यह साबित किया है। अधिकारी ने यह भी माना कि इजरायल दोबारा युद्ध जैसी स्थिति नहीं चाहता, लेकिन ईरान की गतिविधियों को नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता।

### ईरान को झटका लगा लेकिन खतरा बरकरार

स्थानीय मीडिया के अनुसार नेतन्याहू ने कहा, 'ईरानी शासन को करारा झटका लगा है और हमारी नीति साफ है कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होंगे, चाहे कोई समझौता हो या न हो। अगर हमने कार्रवाई नहीं की होती तो ईरान परमाणु हथियार हासिल कर चुका होता। युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ है और हमारे सामने नई चुनौतियां उभर रही हैं।'

### ट्रंप की हत्या की साजिश रच रहा ईरान, इजरायली दावा

वाशिंगटन। इजरायल की खुफिया एजेंसी ने पेंटागन को संकेत दिया है कि तेहरान एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश रच रहा है। सीएनएन के अनुसार, ईरान की कथित हत्या की योजना के बारे में यह चेतावनी इसी सप्ताह मिली है। हालांकि, एक अन्य सूत्र ने बताया कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को हाल के हफ्तों में इस योजना की सुगबुगाहट मिल रही थी, लेकिन इजरायल से मिली चेतावनी नई थी और एक विशिष्ट साजिश से संबंधित थी। पेंटागन अधिकारियों के अनुसार ट्रंप की सुरक्षा में कोई कमी नहीं है।

### इजरायली सेना प्रमुख बोले-जंग के लिए तैयार

इजरायल के सेना प्रमुख एयाल जमीर ने कहा कि इजरायल ईरान और लेबनान की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई के लिए तैयार है। वहीं रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि सेना पूरी तरह सतर्क है और अभियान दोबारा शुरू करने के लिए तैयार है। इस बीच, रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को कहा कि जब तक हिज्बुल्लाह पूरी तरह से हथियार नहीं छोड़ देता, तब तक इजरायली सेना लेबनान में बनी रहेगी।

## गहनों के लिए फर्जी चेक देने के आरोप में महिला गिरफ्तार

तेजपुर। असम के तेजपुर में एक आभूषण दुकान के मालिक को फर्जी चेक थमाकर 58 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण ले जाने के आरोप में अहमदाबाद से एक महिला को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि सभी आभूषण बरामद कर लिए गए हैं। उप पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि यह घटना चार जुलाई को तेजपुर में आभूषण की एक दुकान पर हुई। आरोपी प्रियंका पाटिल अपने पिता शिवरंजन दास के साथ दुकान पर पहुंची थी। शिवरंजन दास दुकान मालिक के परिवार के रिश्तेदार हैं। उन्होंने बताया कि दोनों ने सोने के आभूषण पसंद किए और तत्काल भुगतान करने के बजाय तीन चेक दिए, जबकि दुकान में चेक के माध्यम से भुगतान स्वीकार नहीं किया जाता है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, महिला ने खुद को उनका रिश्तेदार बताते हुए, दुकान मालिक का भरोसा जीता और कहा कि शेष राशि 'आरटीजीएस' के माध्यम से भेज दी जाएगी। दुकान मालिक ने उन पर भरोसा कर आभूषण सौंप दिए लेकिन बैंक में जमा कराने पर तीनों चेक फर्जी निकले।


**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR**
**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION**

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

NIT NO:- 133/PWD/Zone-9/2026 (3rd Call) RAIPUR DATED : 10/07/2026

Online bids are invited for the following works of works up to Date 20/07/2026 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work | Amount of the Estimate | Earnest Money Deposit | Eligible class of Contractor /Firm | Type of Tender | Time allowed for Completion | SOR Applicable |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 195216 | अधोसंरचना मद के तहत कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक-07 अंतर्गत दलदल सिवनी शीतला तालाब में पुल निर्माण कार्य | 34,12,000/- | 26,000/- | Class-D & above | तृतीय | 06 माह | लोक निर्माण विभाग के भवन एस. ओ. आर 01. 01.2015 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 10/07/2026, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

Note:- 1. All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No.* 18004199140 or through Email ID *helpdesk.eproc@cgswan.gov.in*
3. कार्य के लिए निविदा शुल्क रु. 1500/- देय होगा जो कि आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से डी.डी. के रूप में स्वीकार किया जावेगा वापसी अयोग्य होगी।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE - 9
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)



संगीत नाटक अकादेमी Sangeet Natak Akademi

**National Academy of Music, Dance & Drama**
**Rabindra Bhavan, 35 Feroze Shah Road, New Delhi - 110 001**
**Tel: 011-23386648, 23387246, 23387247, 23387248**
**email: mail@sangeetnatak.gov.in**

**Advertisement for Recruitment**

Sangeet Natak Akademi (SNA), an autonomous organization under by the Ministry of Culture, Government of India, invites applications from eligible Indian nationals for filling up **following posts in the Akademi by transfer on deputation basis, for a period of three years.**

| Name of Post | No. of Post | Pay Matrix Level |
|---|---|---|
| Deputy Secretary (Administration) | 01 | Pay Level - 11 |
| Deputy Secretary (Finance & Accounts) | 01 | Pay Level - 11 |
| Audit Officer | 01 | Pay Level - 7 |

The requirements and other details for the posts are available at the SNA website: www.sangeetnatak.gov.in. Interested candidates may submit their applications through proper channel in the prescribed format along with Vigilance Clearance and ACRs/APARs for the last 5 years to The Secretary, Sangeet Natak Akademi, Rabindra Bhavan, 35 Feroze Shah Road, New Delhi-110001. The last date for receipt of applications at Sangeet Natak Akademi, New Delhi is 31 August 2026.

The Akademi reserves the right to reject any / or all applications or cancel the proceedings / recruitment at any time without assigning any reason thereof.

Secretary
Sangeet Natak Akademi
New Delhi

CBC- 09114/11/0004/2627


## भैंस चोरी के शक में 14 साल के बच्चे की पीट-पीटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगरौली

यहां भैंस चोरी के शक में तीन दबंगों द्वारा 14 वर्षीय बच्चे विनोद सिंह की लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। इलाज के दौरान अस्पताल में बच्चे की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने शुक्रवार को तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। घटना करकोसा गांव की है, जहां आसमान सिंह नामक व्यक्ति की भैंस 6 जुलाई को चोरी हुई थी। आसमान सिंह और उसके परिवार को शक था कि सरईडर गांव के निवासी विनोद को इस चोरी की जानकारी थी। आरोप था कि चोरों ने भैंस को खूंटे से खोलने के लिए विनोद को 400 रुपए दिए थे। इसी शक में 7 जुलाई को आसमान सिंह और उसके दो भतीजों ने विनोद को बेरहमी से पीटा, जिससे उसके सिर और कनपटी पर गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। दबंगों के खौफ से डरे परिजन शुरुआत में न तो पुलिस के पास गए और न ही अस्पताल। लेकिन 8 जुलाई की रात जब विनोद की तबीयत ज्यादा बिगड़ी, तो उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां 9 जुलाई को उसकी मौत हो गई।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// संशोधित निविदा आमंत्रण सूचना //**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ऑनलाईन निविदा क्रमांक 01, सिस्टम निविदा क्रमांक 193741 दिनांक 22.06.2026 जी क्रमांक- 262701783 में प्रकाशित है, जिसमे निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| पूर्व में प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|
| अनुमानित लागत - 98.06 लाख | अनुमानित लागत - 96.39 लाख |

अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

G- 262702019/4



**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान**
**(सिम्स चिकित्सालय) बिलासपुर छ.ग.-495001**
**FAX (O) - 07752-237400, PHONE (O)- 07752-237400**
**Email address- mscimsbsp@gmail.com**

क्रमांक / संसंएवंअधी. / सिम्स / 26 / 2523/ बिलासपुर, दिनांक 09/07/2026

**// दावा आपत्ति हेतु सूचना //**

सिम्स चिकित्सालय में निम्न मशीनों का वार्षिक रखरखाव एवं मरम्मत किया जाना है जिस हेतु निर्माता / अधिकृत कंपनी से प्राक्कलन प्राप्त हुआ है विवरण निम्न है–

| Sr. No | Machine | Purchase Year | Qty | CMC Amount per Year | Total CMC amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Cardiac monitor (Truscope elite A8) | 2018 | 40 nos | 1,13,000.00 | 45,20,000.00 |
| 2 | Lift (TKE) Patient Lift | 2024 | 01 Nos | 1,40,055.30 | 1,40,055.30 |

GST EXTRA

जिसके दावा आपत्ति हेतु निर्माता / अधिकृत एजेंसी से मुहरबंद लिफाफा स्पीडपोस्ट / रजिस्ट्रड डाक के माध्यम से की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| दावा आपत्ति एवं प्राक्कलन संबंधी दस्तावेज भेजने की अंतिम तिथि एवं लिफाफा खोले जाने का अंतिम समय | दिनांक 11.08.2026 समय शाम 4 बजे तक<br>पत्ता– संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, सदर बाजार, गोंडपारा, सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर, छ.ग. |

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर छ.ग.

G-262702039/3


## मां ने दो मासूमों सहित कुएं में लगाई छलांग, बच्चियां मृत

रांची। झारखंड के कंडा गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। खबर है कि पति से झगड़े के बाद सरिता देवी ने अपनी ढाई साल और चार साल की दो मासूम बेटियों को कुएं में फेंक दिया। इसके बाद वह खुद भी कुएं में छलांग लगा दी, हालांकि उसकी जान बच गई। वहीं, उनकी सबसे बड़ी बेटी सुषमा (छह साल) किसी तरह शोर मचाकर वहां से भाग निकली।

**सरिता देवी गिरफ्तार, 2 बच्चों की डूबने से मौतः** सुषमा की चीखें सुनकर गांव वाले दौड़कर मौके पर पहुंचे और उन्होंने सरिता को कुएं से बाहर निकाल लिया। मदद पहुंचने तक दोनों मासूम बेटियों की पहले ही डूबने से मौत हो चुकी थी, यह जानकर सब दंग रह गए। पुलिस ने सरिता को गिरफ्तार कर लिया है और उस पर एफआईआर भी दर्ज कर ली है। बच्चों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## यूएन में संघर्ष संबंधी यौन हिंसा की निंदा

# भारत बोला- यह एक जघन्य कृत्य राजनीतिक दमन का बड़ा हथियार

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



भारत ने संघर्ष-संबंधी यौन हिंसा (सीआरएसवी) की कड़ी निंदा करते हुए इसे युद्ध, आतंकवाद, यातना और राजनीतिक दमन का एक हथियार बताया है, जिसका प्रयोग समुदायों को अधीन करने, असहमति को दबाने और मानवीय पीड़ा पहुंचाने के लिए किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में संघर्ष-संबंधी यौन हिंसा पर खुली बहस में बोलते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पी. हरीश ने कहा कि इस तरह की हिंसा दण्ड मुक्ति की प्रचलित संस्कृति के बीच जारी है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसे जघन्य कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव की रिपोर्ट का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि 2025 में सत्यापित मामलों में हुई तीव्र वृद्धि सामूहिक कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा में भारत के महत्वपूर्ण योगदानों पर प्रकाश डाला। डालते हुए, हरीश ने कहा कि महिला शांतिरक्षकों की तैनाती ने संघर्ष-संबंधी यौन हिंसा से निपटने में परिवर्तनकारी प्रभाव डाला है। उन्होंने यह घोषणा भी की कि संघर्ष से संबंधित यौन हिंसा को रोकने में उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए भारतीय शांति रक्षक मेजर मोइज़ यासीन और मेजर सोनिया देवेंद्र नवस्कर को वर्ष 2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव का मिलिट्री जेंडर ऑफ द ईयर का मान्यता प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

## स्पेन के जंगल में लगी आग से 12 की मौत, 23 लापता

मैड्रिड। स्पेन के जंगल में लगी आग ने शुक्रवार तड़के तक 12 लोगों की जान ले ली जबकि 23 अन्य लोग लापता हैं। आग लगने की इस घटना को स्पेन के इतिहास के सबसे घातक दावानल में से एक बताया जा रहा है। लोकप्रिय पर्यटन स्थल दक्षिणी प्रांत अल्मेरिया में लगी इस आग में कई लोगों के शव जली हुई गाड़ियों के अंदर मिले। माना जा रहा है कि आग से बचकर भागने की कोशिश के दौरान उनकी मौत हो गई। आग पर काबू पाने के लिए 150 दमकलकर्मी और स्पेन की सैन्य आपदा इकाई के 220 सैनिक तैनात हैं।


**छ.ग. शासन वन विभाग बिलासपुर,**
**वनमंडल बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**कोटा काष्ठागार नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बिलासपुर वनमण्डल बिलासपुर के अधीनस्थ काष्ठागार कोटा बिलासपुर में उपलब्ध इमारती लकड़ी (काष्ठ, जलाऊ,) एवं बांस का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय बिलासपुर अथवा काष्ठागार कोटा डिपो से प्राप्त कर सकते है।

डिपो का नाम :- विक्रय काष्ठागार कोटा
नीलाम दिनांक :- 17/07/2026
समय :- 9.00 बजे प्रातः से

| क्र. | प्रजाति | नया | | | पुराना | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | (बल्ली/खूंटा | जलाऊ | लट्ठा | (बल्ली/खूंटा | जलाऊ | व्यापारी/औ. बांस | |
| | | घ.मी. | नग | चट्टा | घ.मी. | नग | चट्टा | नग | नो.टन |
| 1 | सागौन | 14.913 | 16 | - | 407.490 | 8450 | - | - | - |
| 2 | साल | 23.313 | 01 | - | 145.524 | 111 | - | - | - |
| 3 | बीजा, तिंसा, शीशम | 11.696 | - | - | 55.240 | 153 | - | - | - |
| 4 | साजा | 11.221 | 20 | - | 95.534 | 405 | - | - | - |
| 5 | अर्जुन | 8.519 | - | - | 11.542 | - | - | - | - |
| 6 | हल्दू/मुंडी | 0.531 | - | - | 259.303 | 162 | - | - | - |
| 7 | खम्हार | 1.032 | 5 | - | 19.334 | 584 | - | - | - |
| 8 | धावड़ा | 8.968 | 55 | - | 69.090 | 375 | - | - | - |
| 9 | सलई | - | - | - | 3.095 | - | - | - | - |
| 10 | अन्य | 86.835 | 709 | - | 375.236 | 6747 | - | - | - |
| 11 | जलाऊ | - | - | 105.5 | - | - | 569 | - | - |
| 12 | व्या. बांस | - | - | - | - | - | - | 1691 | 3.561 |
| 13 | निरस्त लॉट | - | - | - | 20.975 | - | - | - | - |
| | योग :- | 167.028 | 806 | 105.5 | 1462.363 | 16987 | 569 | 1691 | 3.561 |

टीपः-. क्रेता को ई-ऑक्शन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-ऑक्शन पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी.ई-ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगीन करके देख सकते है।ई-ऑक्शन में लॉट क्रय पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 30 सेकेण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमंडलाधिकारी
बिलासपुर वनमंडल बिलासपुर (छ.ग.)

G262702013/5


## अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच ओमान के विदेश मंत्री से हुई जयशंकर की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



अपनी छह देशों की विदेश यात्रा के तहत विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने शुक्रवार को ओमान की यात्रा की है। मस्कट में उनकी अपने समकक्ष और विदेश मंत्री सय्यद बदर बिन हमद अल बुसैदी के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई।

जिसमें दोनों शीर्ष मंत्रियों ने भारत और ओमान की रणनीतिक साझेदारी से जुड़े हुए हर पहलू की गहनता के साथ समीक्षा की। इसके अलावा साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी चर्चा की गई है।

### खाड़ी क्षेत्र में रहते 1 करोड़ भारतीय

खाड़ी क्षेत्र में जारी यह युद्ध भारत के लिए भी चिंता का सबब बना हुआ है क्योंकि वहां पर हमारे कुल करीब 1 करोड़ लोग रहते हैं। बीते दिनों होर्मुज जलडमरूमध्य और उसके आस-पास के इलाकों में भारतीय सवार मालवाहक जहाजों पर बढ़ते अमेरिका के मिसाइल हमलों के बीच भारत-ओमान के विदेश मंत्रियों की यह अहम बैठक हुई है। हमलों में देश के कई नागरिकों की मौत भी हो चुकी है।

### भारतीयों ने साझेदारी में दिया योगदान

एक्स पर एक अन्य पोस्ट में जयशंकर ने बताया कि आज सुबह ओमान में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ एक अच्छी बातचीत हुई। जिसमें दोनों देशों के संबंधों को सशक्त बनाने में उनकी उत्साहपूर्ण भूमिका साफ-साफ दिखाई देती है। मैंने स्थानीय समाज से इतर दोनों देशों की साझेदारी को सशक्त बनाने के लिए किए गए उनके प्रयासों की भी सराहना की है।


**छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर**

**(प्रपत्र-अ) प्रथम निविदा आमंत्रण**
**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)**
**Website - www.cgmsc.gov.in**
**Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in**

| स. क्र. | नि.आ. सू.क्र. | कार्य का नाम | राशि (रू. लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | 10949 | जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी - भरतपुर में नवीन नर्सिंग महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ का निर्माण कार्य । | 812.30 |
| 2 | 10950 | जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ में नवीन नर्सिंग महाविद्यालय सरिया का निर्माण कार्य । | 812.30 |
| 3 | 10951 | जिला कांकेर ब्लॉक पखांजूर के छोटे कापसी में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य । | 25.38 |
| 4 | 10952 | जिला बीजापुर ब्लॉक भोपालपट्टनम के सेन्ड्रा में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य । | 25.33 |
| 5 | 10953 | जिला बीजापुर ब्लॉक उसूर के पुसगुड़ी में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य । | 25.33 |
| 6 | 10954 | जिला नारायणपुर ब्लॉक नारायणपुर के मधोनार में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य । | 24.91 |
| 7 | 10955 | जिला कोरबा विकासखण्ड कोरबा के काशी नगर में शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का निर्माण कार्य । | 23.38 |
| 8 | 10956 | जिला कोरबा विकासखण्ड कोरबा के राटाखार में शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का निर्माण कार्य । | 23.38 |
| 9 | 10957 | जिला रायगढ़ के कुम्हार पारा, रिया पारा वार्ड नं. 08 में शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के निर्माण कार्य । | 23.38 |
| 10 | 10958 | जिला रायगढ़ के राजीव नगर गली नं. 01 में शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के निर्माण कार्य । | 23.38 |
| 11 | 10959 | जिला कोरबा वि.ख. कटघोरा के ऊर्जानगर में शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का निर्माण कार्य । | 23.38 |
| 12 | 10960 | जिला कोरबा विख. कटघोरा के छुरी में शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का निर्माण कार्य । | 23.38 |
| 13 | 10961 | जिला कोरबा वि.ख. कटघोरा के कटघोरा में शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का निर्माण कार्य । | 23.38 |
| 14 | 10962 | जिला कोरबा वि.ख. कटघोरा के कृष्णा नगर में शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का निर्माण कार्य । | 23.38 |
| 15 | 10963 | जिला सक्ती में डिस्ट्रिक टीबी सेंटर एवं डिस्ट्रिक ड्रग स्टोर का निर्माण कार्य । | 28.06 |
| 16 | 10964 | जिला - दंतेवाड़ा ब्लॉक- कटेकल्याण के लखारास में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का शेष निर्माण कार्य । | 21.12 |
| 17 | 10965 | जिला कांकेर के स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय कांकेर में विभिन्न मरम्मत / लघु निर्माण कार्य । | 26.47 |
| 18 | 10966 | जिला बस्तर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दरभा में ब्लड बैंक का निर्माण कार्य । | 38.76 |
| 19 | 10967 | जिला कोण्डागांव ब्लॉक बड़ेराजपुर के जिर्रापारा में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य । | 26.89 |
| 20 | 10968 | जिला सरगुजा के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य भगवानपुर को उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य केन्द्र (हमर अस्पताल) के रूप में उन्नयन कार्य । | 46.77 |
| 21 | 10969 | जिला सरगुजा के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य नवागढ़ को उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य केन्द्र (हमर अस्पताल) के रूप में उन्नयन कार्य । | 46.77 |
| | | निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर **दिनांक** 21/07/2026 से देखी जा सकती है। जिसकी **अंतिम तिथि दिनांक** 11/08/2026 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी। | |

S-48416/1

अधीक्षण अभियंता

# मैनपाट पर्यटन स्थल में बाइकर्स गैंग का उत्पात, एक दिन में 158 बाइक जब्त

सरगुजा में पुलिस ने बाइकर्स गैंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मैनपाट में उत्पात मचाने वाले बाइकर्स के खिलाफ अपराध दर्ज किया है और वीडियो के आधार पर उनकी पहचान की जा रही है। इधर उत्पात मचाने वाले बाइकर्स के खिलाफ अभियान चलाकर एक दिन में 158 बाइक को जब्त किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

पुलिस ने बाइक चालकों के परिजन को बुलाकर अंतिम चेतानवी दी है और इसके बाद पकड़े जाने पर उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि सरगुजा जिले में बाइकर्स गैंग का आतंक चरम पर है। बाइकर्स झुण्ड में निकलकर शहर के साथ ही पर्यटन स्थलों में उत्पात मचा रहे है। हाल ही में जिले के मैनपाट में बाइकर्स गैंग के उत्पात मचाने का वीडियो सामने आया था। इस दौरान दर्जनों की संख्या में बाइकर्स मैनपाट के खतरनाक घाटी पर उत्पात मचाने के साथ ही हुडदंग कर रहे थे। परिवार के साथ मैनपाट पर्यटन स्थल पहुंचे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। ऐसे में अब एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

**सरगुजा में बाइकर्स के खिलाफ अब तक की बड़ी कार्रवाई, उत्पात मचाने का वीडियो आने के बाद एक्शन**

### घेराबंदी कर बाइकर्स को पकड़ा

सरगुजा जिले में यातायात पुलिस, कमलेश्वरपुर, दरिमा, मणीपुर, कोतवाली थाना की पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। चेकिंग प्वाइंट लगाकर और घेराबंदी कर उत्पात मचाने वाले बाइकर्स को पकड़ा गया। फिलहाल पुलिस ने नाबालिग बाइक चालकों के परिजन को बुलाकर कड़ी समझाइश दी है और भविष्य में पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



### अलग- अलग थानों में कार्रवाई

शुक्रवार को एक दिन में चेकिंग के दौरान यातायात शाखा द्वारा कुल 50 वाहन चालक, थाना कमलेश्वरपुर द्वारा 55 वाहन चालक, थाना दरिमा द्वारा 40 वाहन चालक, थाना कोतवाली द्वारा 8 वाहन चालक एवं थाना मणीपुर द्वारा 5 वाहन चालक कुल 158 वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की गई।

### बाइकर्स के परेशान करने पर दें सूचना

पुलिस ने आम नागरिकों से आह्वान किया है कि किसी भी दर्शनीय स्थल या अन्य स्थानों पर बाइकर्स समूह द्वारा सड़क जाम करने अथवा वाहनों के साइलेंसर से तेज आवाज निकालकर परेशान करने सम्बन्धी जानकारी अथवा सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल सरगुजा पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 9479193599 अथवा डायल 112 में फोन कर अपनी सूचना दर्ज करा सकते है।

## एलआईसी सेटेलाइट कार्यालय का प्रशासनिक अधिकारी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** गबन के मामले में एसीबी ने शुक्रवार को भारतीय जीवन बीमा निगम सेटेलाइट कार्यालय सूरजपुर के तत्कालीन सहायक प्रशासनिक अधिकारी को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र विशेष न्यायालय पीसी ऐक्ट सूरजपुर में पेश किया है। आरोपी ने 2019-20 में 28 लाख 55 हजार रूपए से अधिक का गबन किया था। इस मामले में जांच के बाद कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि भारतीय जीवन बीमा निगम सेटेलाइट कार्यालय बिश्रामपुर जिला सूरजपुर के ब्रांच मैनेजर विनोद कुमार सोनी द्वारा ईओडब्ल्यू रायपुर में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि बिश्रामपुर भारतीय जीवन बिमा निगम निगम सेटेलाईट कार्यालय में पदस्थ तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारी अमोद कुमार लकड़ा द्वारा अपने पद का दुरूपयोग कर बीमा निगम की राशि का गबन किया गया था। डीएसपी एसीबी प्रमोद खेस ने कहा कि गबन के पुराने मामले में आरोपी भारतीय जीवन बीमा निगम सेटेलाइट कार्यालय बिश्रामपुर के तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारी अमोद कुमार लकड़ा को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया है। विवेचना चल रही है।

### जल जीवन मिशन 2.0 पर सीएस की उच्चस्तरीय बैठक

# गांवों की पेयजल व्यवस्था होगी पंचायतों के हवाले, बरबादी रोकने के लिए लगेंगे मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब जल जीवन मिशन का सोशल ऑडिट कराया जाएगा। इसके साथ ही अब गांवों की पेयजल व्यवस्था पंचायतों के हवाले होगी। सरकार पानी की बरबादी रोकने के लिए वाटर मीटर लगाने पर भी विचार कर रही है। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जल जीवन मिशन 2.0 के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और छत्तीसगढ़ जल जीवन मिशन के अधिकारियों के साथ संचालन एवं रखरखाव नीति पर व्यापक चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

- मिशन का होगा सोशल ऑडिट



### पंचायतों को हस्तांतरित होगी व्यवस्था

बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि राज्य में निर्मित सभी नल-जल योजनाओं का सफल संचालन शासन के निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण घरों में प्रतिदिन नल से शुद्ध जल मिले, इसके लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की जाए। पेयजल योजनाओं की संस्थागत व्यवस्था को पूरी तरह से ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित किया जाएगा, जिसके लिए पंचायतों को हर आवश्यक सहयोग दिया जाएगा। इन योजनाओं का रखरखाव ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों के माध्यम से होगा, जिससे जन-सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

### सोशल ऑडिट और ग्राम सभाओं में चर्चा अनिवार्य

पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि योजनाओं का सही संचालन और गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति जांचने के लिए सोशल ऑडिट (सामाजिक अंकेक्षण) कराया जाए। इसके साथ ही, प्रत्येक गाँव की ग्राम सभा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति के मुद्दे पर अनिवार्य रूप से चर्चा सुनिश्चित की जाए।

### वाटर मीटर लगाने पर विचार

बैठक के दौरान योजना के दीर्घकालिक क्रियान्वयन के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से मंथन हुआ। योजनाओं के रखरखाव के लिए बजट प्रबंधन और उचित जल शुल्क निर्धारण पर चर्चा हुई। जल की बर्बादी (क्षति) को कम करने और बेहतर राजस्व प्राप्ति के लिए भविष्य में बजट प्रावधानों के अनुसार वाटर मीटर लगाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। पेयजल की गुणवत्ता का मूल्यांकन, विभिन्न स्तरों पर मॉनिटरिंग व्यवस्था, अनुपालन और सामुदायिक भागीदारी लेखा परीक्षा को लेकर अधिकारियों ने विस्तृत जानकारी दी। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने जल जीवन मिशन छत्तीसगढ़ नीति के प्रारूप और उसके विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से प्रस्तुतिकरण दिया। इस उच्च स्तरीय बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह सहित जल जीवन मिशन, पीएचई और अन्य संबद्ध विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## बिजली खंभा खड़ा करने के दौरान हाईटेंशन लाइन से टकराया, 5 झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



नगर निगम क्षेत्र के सिरगिट्टी वार्ड में शुक्रवार की दोपहर स्ट्रीट लाइट के लिए बिजली का खंभा खड़ा करने के दौरान हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे तेज करंट फैल गया। पोल को पकड़कर काम कर रहे पांच मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। जिला अस्पताल में उनका उपचार जारी है। नगर निगम ने जांजगीर की ठेका कंपनी को नोटिस जारी किया है।

- जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, उपचार जारी

जानकारी के अनुसार सिरगिट्टी मुख्य रोड आदर्श नगर वार्ड नं 11 पानी टंकी के पास नगर निगम की ओर से स्ट्रीट लाइट का पोल लगाने का कार्य चल रहा है। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे मजदूर पोल खड़ा कर रहे थे। इसी दौरान पोल अचानक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन (33 केवी) लाइन से टकरा गया। देखते ही देखते पूरे पोल में करंट दौड़ गया और उसे संभाल रहे मजदूर उसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों ने तुरंत डायल-112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में घायल मजदूरों की पहचान दीपक यादव (30 वर्ष), मुकेश कुमार (38 वर्ष), सेवाराम (24 वर्ष), प्रहलाद चौरसिया (45 वर्ष) तथा जयंती धुर्वे के रूप में हुई है।

### ठेकेदार को दिया गया नोटिस

सिरगिट्टी में आदर्श नगर के पास नगर निगम की ओर से स्ट्रीट लाइट का पोल लगाने का कार्य चल रहा है। कार्य के दौरान करेंट की चपेट में आने से पांच मजदूर घायल हो गए हैं। सभी का इलाज जारी है जहां उनकी हालत ठीक है। ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है।

- **पूजा विधानी**, महापौर, ननि बिलासपुर

## खेत में धान का रोपा लगा रहे मजदूर की करंट से दर्दनाक मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़

बिजली विभाग की लापरवाही से धान का रोपा लगाने गए एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो घायलों का सिविल अस्पताल में इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार पिपलाकछार निवासी चेतनदास साहू के खेत में रोपा लगाने खम्हारडीह और पिलाकछार के दो दर्जन से ऊपर मजदूर गए थे। दोपहर एक बजे के आसपास खाना खाने की छुट्टी में चंपा पति जोहित साहू 50 साल हाथ-मुंह धोने खेत के किनारे की ओर गई थी। अचानक जोर का झटका लगा और वो गिर गई, जिसे बचाने साथी मजदूर सिमन पिता डेमनदास साहू 24 साल महिला के पास पहुंचा तो देखा कि बिजली का तार खेत में गिरा था। उसे समझ आ गया कि चंपाबाई को करंट लगा है और वो भी लकड़ी लेकर बिजली का तार हटाने का प्रयास कर रहा था, लेकिन बदहवासी में उसने जो लकड़ी हाथ में रखा था, वो गीला था। वह भी करंट की चपेट में आ गया। इसी प्रकार दोनों को बचाने के प्रयास में पिपलाकछार निवासी 50 साल का धनसाय पिता तुलाराम पटेल भी करंट का शिकार हो गया।



### दो महीने पहले दिया था आवेदन

खेत मालिक चेतनदास साहू ने 19 मई 26 को पांडादाह सब-डिवीजन ऑफिस में लिखित शिकायत दर्ज कराकर जानकारी दी थी कि बिजली का तार टूट गया और लटक रहा है। दो महीने तक उसके शिकायत आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सीएम हेल्पलाइन में भी इसकी जानकारी दी तो मैसेज आया कि शिकायत कारवाई के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिया जा चुका है, बिजली विभाग के जिम्मेदारों की आंख नहीं खुली और उनकी लापरवाही के चलते धनसाय की दर्दनाक मौत हो गई।

## एक भ्रष्टाचारी को बचाने धरना-प्रदर्शन और आंदोलन कर रही कांग्रेसः डॉ. मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी को लेकर दो टूक कहा है कि जो भी कांग्रेस नेता इस भ्रष्टाचार में शामिल या हिस्सेदार हैं, वे स्वयं होकर अपना अपराध स्वीकार कर लें तो यह प्रदेश व जनता के हित के नजरिए से श्रेयस्कर होगा। पूछताछ में तो अग्रवाल खुद ही बता देंगे कि कौन-कौन मिल-बांटकर पैसा लेते थे, खाते थे और पैसा आता था।



भाजपा प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सन् 2023 तक जब प्रदेश में कांग्रेस की भूपेश सरकार थी, पार्टी के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल द्वारा जिस तरह लेवी का पैसा, राइस मिलर्स के कस्टम मिलिंग का पैसा, शराब का पैसा पकड़ा गया जो बेनामी तरीके से सूर्यकांत तिवारी की मिली डायरियों में रिकॉर्ड रहा। इन डायरियों में यह भी दर्ज है कि भ्रष्टाचार का पैसा कैसे आया और किसे कितना रुपया दिया गया?

- भाजपा प्रवक्ता का सवाल: क्या कांग्रेस भ्रष्टाचारियों के साथ मिली हुई है?

उन्होंने इस मामले में कांग्रेस की राजनीतिक दुविधा पर करारा कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस की ऐसी दशा है कि जिस रामगोपाल अग्रवाल को कल तक वह अपना कोषाध्यक्ष बताती नहीं थक रही थी, दो दिन के अंदर परसों गिरफ्तारी होते ही नेता अब यह कह रहे हैं कि यह हमारे कोषाध्यक्ष नहीं है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस का एक तबका अग्रवाल के पक्ष में धरना-प्रदर्शन आंदोलन कर रहा है। भ्रष्टाचार करके जो अपने एकाउंट में लिया करते थे और वह पैसा कांग्रेस भवन जाया करता था, कांग्रेस के एकाउंट में जाता था। अब एक तरफ कांग्रेस के लोग कहते हैं, वह हमारे साथ नहीं है और दूसरी तरफ कहते हैं कि हम इनके संरक्षण के लिए आंदोलन धरना-प्रदर्शन करेंगे! तो, कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि क्या वह भ्रष्टाचारियों के साथ मिली हुई है? पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. किरण बघेल एवं तौकीर रजा उपस्थित रहे।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking : Raipur- 6263818152 79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

### टीचर

**WANTED TEACHERS-** Primary, Middle and Higher Secondary School (All Subjects including Computer and PTI) WALK-IN-INTERVIEW Sunshine Hr. Sec. School, Durg Opp. Utsav Palace, Station Road, Durg Date: 13.07.2026 Timings: 12:30p.m. to 2:30p.m. Phone No: 9300768856, 9098532963.(आरो न - 1315)

**Requirement-** science teacher to teach -chemistry & biology - contact Vardhman The School Nahar Road Krishna Nagar Santoshi Nagar Raipur. 9109329528. (आरो-14)

### मैकेनिकल इंजीनियर

**आवश्यकता है-** भिलाई में फेब्रिकेशन उद्योग हेतु एक अनुभवी मैकेनिकल इंजीनियर की आवश्यकता है, जिसे कटिंग प्लान, प्रोडक्शन क्वालिटी तथा संबंधित तकनीकी ज्ञान हो। न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव जरुरी।- 7000629300, 9425550250. (आरो न.-314)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** जनरल दुकान में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता हैं। वेतन 11,000 रूपये प्रतिमाह, अपने परिचय पत्र के साथ मिले- **श्री कृष्णा मार्केटिंग, पेटी लाईन, गोल बाजार, रायपुर, फोन: 7224926767.** (आरो-096)

**आवश्यकता है-** बैंगल की दुकान में कार्य करने हेतु सेल्स गर्ल की आवश्यकता है। कंप्यूटर जानकर graduated वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क द बैंगल स्टूडियो शुभम 'केमार्ट के सामने संतोषी नगर रायपुर 93028-22500.** (आरो-280)

### इलेक्ट्रीशियन

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रिशियन की आवश्यकता है रायपुर शहर में बिजली फिटिंग करने के लिए अनुभवी इलेक्ट्रिशियन की आवश्यकता है **शीघ्र संपर्क करें। नरेंद्र साहू ब्राह्मण पारा रायपुर मोबाइल :- 70241-77554, 81207-47449.** (आरो-885)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** घरेलु गाड़ी व एम्बुलेंस चलाने 2 ड्राइवर की आवश्यकता है, रहने की सुविधा **संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 07712425009.**(RO-907)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** चायपत्ति में पैकिंग कार्य के लिये लेडिस व लोडिंग अनलोडिंग के लये पुरूष कि आवश्यकता है **संपर्क जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मों नं. - 74699-80000, 0771-4075490.**(आरो-883)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** पूनम स्वीट्स, प्रतिष्ठित मिठाई दुकान में सेल्समैन, सेल्सगर्ल, मिठाई कारीगर एवं भेल, सैंडविच, शेक कारीगर की आवश्यकता है. आकर्षक वेतन कोई शैक्षणिक योग्यता नहीं. रहने की सुविधा उपलब्ध। **संपर्क: पूनम स्वीट्स, जयस्तंभ चौक, रायपुर. मोबाइल: 9893397633.**(RO-16576)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सेंट जेवियर स्कूल (अवंती विहार, रायपुर) में सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है. 12- घंटे ड्यूटी, वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क- मोबाइल: 7828090392, 8319204585.**(RO-16577)

### ऑफिस बॉय/प्यून

**आवश्यकता है-** ऑफिस बॉय प्यून जिसे साफ- सफाई, माल लोड अनलोड करना, किचन कार्य/चाय बनाना एवं वाहन 04 व्हीलर चलाना आता हो **संपर्क करें। संपर्क कर्ता मोबाइल :- 9301512896.** (आरो- 885)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### मैनेजर/पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** माना बस्ती स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प मे कार्य हेतु मैनेजर एव पम्प स्टाफ की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता **संपर्क करे:- 9329798983, 7755098983.** (आरो-046)

**Property प्रापर्टी**

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है -** भिलाई पावर हाउस से मात्र 12–15 किमी की दूरी पर फार्महाउस प्लॉट₹ ₹ कीमतः 135 प्रति वर्गफुट₹ ₹ लोकेशनः नंदिनी अहिवारा, सुविधाएं 40 फीट चौड़ी WBM सड़क, हरियाली से भरपूर पौधा रोपण भिलाई पावर हाउस से **उत्कृष्ट कनेक्टिविटी शांत एवं प्राकृतिक वातावरण संपर्क करें:- 8882287253.** (आरो-045)

**प्लॉट बेचना है -** भाठागांव भर्री खार श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में डायवर्सन प्लाट 600 फिट बेचना है लम्बाई 30 फ्रन्ट 20 फिट रेट 1500 प्रतिवर्ग फुट **संपर्क मों. :- 9754685471, 8823780696.पता परशु राम नगर रायपुर (छ.ग.)** (RO-882)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152









## जैकेट के शेष

### छग में अब निजी विश्वविद्यालय ....

छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जा सकेंगे। इस संशोधन से राज्य में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना को प्रोत्साहन मिलेगा।

### महादेव सट्टे का काला ....

अन्य राज्यों में दर्ज विभिन्न एफआईआर को भी जांच में शामिल किया गया। इन मामलों में ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के संचालकों, प्रमोटरों और सहयोगियों के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, जालसाजी और अन्य गंभीर अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।

### पूर्व में भी हो ....

इस मामले में ईडी ने 2 हजार 825 करोड़ रुपए मूल्य की चल, अचल संपत्तियां, विदेशी परिसंपत्तियां, बैंक खातों में जमा राशि तथा अन्य वित्तीय संपत्तियां कुर्क कर चुकी है। अब विकास और उनसे जुड़ी संस्थाओं की 940.77 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क किए जाने के बाद इस मामले में अब तक कुल करीब 3 हजार 800 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच की जा चुकी हैं।

### अचानक भरभराकर गिरा ....

वाली आंगनबाड़ी केंद्रों के व्यवस्थित तरीके से संचालन पर चर्चा हो रही थी। इसी दौरान दशकों पुराने छत का प्लास्टर भरभरा कर गिर पड़ा। जिसकी चपेट में आने से परियोजना अधिकारी सिब्रिया केरकेट्टा का सिर फट गया। इसके साथ ही पर्यवेक्षक प्रीति कश्यप एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर शिखा साहू भी चोटिल हो गई।तीनों घायलों को तत्काल हॉस्पिटल ले जाया गया जहां परियोजना अधिकारी के सिर में तीन टांके लगे। इसके साथ ही घायल पर्यवेक्षक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर का भी हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार किया गया। इस हादसे के बाद वहां कार्यरत कर्मचारियों में भय का माहौल निर्मित हो गया है। दुर्घटना की आशंका की वजह से कर्मचारी दशकों पुराने जर्जर कार्यालय जाने से कतराने लगे है। दशकों पुराने जर्जर भवन को लेकर दहशत का ये आलम है कि कार्यालय संचालन हेतु किराये का भवन खोजा जा रहा है ताकि अधिकारी कर्मचारीयों का जानमाल सुरक्षित हो सके और वो निडर होकर ऑफिस में ड्यूटी कर सके।

### 12% से ज्यादा अल्कोहल ....

दवाओं (सिरप/टॉनिक) को 'शेड्यूल H1' श्रेणी में डाल दिया है। इस फैसले के बाद अब ऐसी दवाएं काउंटर पर खुलेआम बिना डॉक्टर के पर्चे (प्रिस्किप्शन) के नहीं बेची जा सकेंगी। सरकार द्वारा जारी नए नियमों के मुताबिक, दो शर्तों को पूरा करने वाली सभी ओरल लिक्विड दवाएं अब कड़ी निगरानी के दायरे में होंगी। पहली, जो भी दवा 30 मिलीलीटर (एमएल) से बड़ी पैकिंग में आती है। दूसरी, जिसमें इथाइल अल्कोहल की मात्रा 12% से अधिक है।

**शेड्यूल एच1 लिस्ट में शामिल** : इन दोनों मापदंडों के दायरे में आने वाली सभी दवाओं को अब शेड्यूल एच1 लिस्ट में शामिल कर दिया गया है। आपको बता दें कि यह वही लिस्ट है जिसमें नींद की गोलियां, हैवी पेनकिलर्स और नशे के लिए इस्तेमाल की जा सकने वाली बेहद संवेदनशील दवाएं शामिल होती हैं।

**यह हो रहा था पहले** : इस नियम का ड्राफ्ट अक्टूबर 2025 में ही जनता के सामने रखा गया था, ताकि लोग अपनी राय या आपत्ति दे सकें. 30 दिन का समय दिया गया था, लेकिन किसी ने भी कोई आपत्ति नहीं जताई। इसके बाद सरकार ने दवा तकनीकी सलाहकार बोर्ड से भी बात की और अब इसे पक्का कानून बना दिया है। यह नया नियम गजट में छपने के 6 महीने बाद लागू होगा, यानी करीब जनवरी 2027 से इस पर सख्ती शुरू हो जाएगी। तब तक दवा कंपनियों और दुकानदारों को अपनी पैकिंग और बिक्री का तरीका बदलने का समय मिलेगा।

### छत्तीसगढ़ में 24 ...

(उत्तर) उमेश प्रसाद गुप्ता को बीजापुर का एसपी, डीसीपी (पश्चिम) मयंक गुर्जर को सुकमा का एसपी और गौरव रामप्रवेश को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले का नया एसपी बनाया गया है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर को अब कोरिया जिले की कमान सौंपी गई है।

### तबादले इस तरह हैं ...

अधीक्षक, जिला-धमतरी से सेनानी, 4थी वाहिनी, छसबल, माना, रायपुर।
त्रिलोक बंसल (2016): पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ., बघेरा, दुर्ग से पुलिस अधीक्षक, जिला-बेमेतरा।
सुनील शर्मा (2017): सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर से पुलिस अधीक्षक , जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़।
जितेन्द्र कुमार यादव (2018): पुलिस अधीक्षक, जिला-बीजापुर से पुलिस अधीक्षक , जिला-कबीरधाम (कवर्धा)।
चव्हान किरण गंगाराम (2018): पुलिस अधीक्षक, जिला-सुकमा से पुलिस अधीक्षक, जिला-बालोद।
योगेश कुमार पटेल (2018): पुलिस अधीक्षक, जिला-बालोद से पुलिस अधीक्षक, जिला-सूरजपुर।
राय गौरव रामप्रवेश (2019): पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा से, पुलिस अधीक्षक, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा।
उमेश प्रसाद गुप्ता (2020): पुलिस उपायुक्त (उत्तर), रायपुर नगरीय पुलिस से पुलिस अधीक्षक, जिला-बीजापुर।
मयंक गुर्जर (2020): पुलिस उपायुक्त (पश्चिम), रायपुर नगरीय पुलिस से पुलिस अधीक्षक , जिला-सुकमा।
संदीप कुमार पटेल (2020): पुलिस उपायुक्त रायपुर से पुलिस अधीक्षक जिला-नारायणपुर
रॉबिन्सन गुरिया (2020): पुलिस अधीक्षक नारायणपुर से पुलिस उपायुक्त पश्चिम रायपुर
श्रीमती भावना पाण्डेय (भापुसे): सहायक पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा से पुलिस अधीक्षक, जिला-धमतरी।
हरीश राठौर (भापुसे): पुलिस अधीक्षक, माननीय मुख्यमंत्री सुरक्षा से पुलिस अधीक्षक , जिला-कोरिया.

### जिस दूल्हे की बारात ...

से विवाह कर लिया। बताया जा रहा है कि इस विवाह की जानकारी लड़के के परिवार को पहले से थी, जबकि लड़की के परिजनों को इसकी सूचना बाद में मिली। मंदिर में विवाह के बाद दोनों ने एक-दूसरे को जीवनसाथी के रूप में स्वीकार कर लिया। इधर शाम तक मुस्कान के घर नहीं पहुंचने और मोबाइल बंद मिलने पर परिजनों को चिंता सताने लगी उन्होंने बिना देरी किए पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस और साइबर टीम सक्रिय हुई। जांच के दौरान पता चला कि मुस्कान खोखरा गांव में संतराम के घर पर हैं। सूचना मिलते ही सीएसपी योगिता खापर्डे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने दोनों से बातचीत की, जहां मुस्कान ने स्पष्ट कहा कि उसने अपनी इच्छा से विवाह किया है और वह संतराम के साथ रहना चाहती है। इसके बाद पूरे घटनाक्रम की पुष्टि हो गई।

## पेज एक के शेष

### सुपर टायफून बावी से धीमा पड़ा मानसून...

भी भारतीय मानसून पर असर पड़ रहा है। यह तूफान फिलीपींस से होते हुए ताइवान और दक्षिणी चीन की ओर बढ़ रहा है। दोनों मौसम प्रणालियां एक ही समुद्री क्षेत्र से नमी खींच रही हैं, जिससे मानसूनी हवाओं की दिशा प्रभावित हो रही है। इसका मतलब यह है कि आगामी दिनों में बारिश की रफ्तार कम होगी।

### पॉक्सो अपराध छिपाने पर होगी...

और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने बताया कि किन परिस्थितियों में माना जाएगा कि किसी व्यक्ति को पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध होने की 'जानकारी' थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि इस एक्ट के तहत जब कोई पीड़ित बच्चा किसी व्यक्ति को ये बताता है कि उसके साथ कोई अपराध हुआ है या होने की आशंका है, तो ये मान लिया जाएगा कि उस व्यक्ति को इसकी पूरी जानकारी थी। इसलिए, वो व्यक्ति कानूनन इस बात को छुपा नहीं सकता।

बतौर सेनाप्रमुख यह उनकी पहली यात्रा

# सेना प्रमुख जन. सेठ पहुंचे उत्तरी कमान, परखी युद्धक तैयारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

तेजी से बदलते घरेलू-वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के बीच सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ ने जम्मू-कश्मीर स्थित उत्तरी कमांड का व्यापक स्तर पर दौरा कर सेना की रणनीतिक तैयारियों की व्यापक आधार पर समीक्षा की है। इसके अलावा सैन्य कर्मियों को हर परिस्थिति में तैयार रहने का निर्देश दिया। पिछले महीने 30 जून को सेनाप्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली यात्रा रही। जो 7 से 9 जुलाई तक चली।

**उप-राज्यपाल व सीएम से भी की मुलाकात**

उन्होंने जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ शिष्टाचार भेंट की। जिसमें हुई वार्ता में केंद्रशासित प्रदेश की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। उत्तरी कमांड में चिनार कोर, कश्मीर घाटी, व्हाइट नाइट कोर तथा जम्मू क्षेत्र के अग्रिम इलाके शामिल हैं।

### अमरनाथ यात्रा की व्यवस्थाओं को जांचा

सेना के मुताबिक, जनरल सेठ ने चिनार कोर में सेना की परिचालन तैनाती, आतंकवाद रोधी अभियानों, अलग-अलग एजेंसियों के बीच समन्वय, सुरक्षा चुनौतियों में आ रहे बदलाव के साथ-साथ वर्तमान में चल रही अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की है। प्रौद्योगिकी के समावेशन, क्षमता संवर्धन और तमाम तरह के सैन्य अभियानों के लिए एकीकृत युद्धक तैयारी से जुड़ी हुई पहलों का अवलोकन किया।

### कुपवाड़ा, उड़ी में सैनिकों संग किया संवाद

चिनार कोर के बाद सेनाप्रमुख ने कुपवाड़ा, उड़ी और मानसबल में अधिकारियों, जवानों, सैनिकों तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल कर्मियों से बातचीत की। जनरल सेठ ने व्हाइट नाइट कोर मुख्यालय में पुंछ, राजौरी और सुंदरबनी में एलओसी के अग्रिम क्षेत्रों में सुरक्षा स्थिति, आतंकवाद रोधी ग्रिड, सैन्य संरचनाओं की एकीकृत युद्धक तैयारियों की समीक्षा की।

कैथोलिक बिशप ऑफ इंडिया को किया गुमराह

# वेणुगोपाल का दावा, एफसीआरए नियमों को लेकर शाह ने बोला झूठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के नए नियमों को लेकर कांग्रेस और केंद्र सरकार के बीच टकराव और तेज हो गया है। कांग्रेस महासचिव एवं सांसद के. सी. वेणुगोपाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर झूठ बोलने का आरोप चस्पा किया। उन्होंने कहा, अमित शाह ने कैथोलिक बिशप ऑफ इंडिया को एफसीआरए के मुद्दे पर गुमराह किया है और अपनी सरकार की जिम्मेदारी से बचने के लिए झूठे दावे किए हैं। वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि मोदी सरकार वर्षों से एफसीआरए कानून का इस्तेमाल मुखर सामाजिक संगठनों और अल्पसंख्यक संस्थाओं को परेशान करने तथा उनकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कर रही है।



### 2026 के संशोधनों पर नया विवाद


वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि 2026 में सरकार ने संसद में ऐसा संशोधन लाने का प्रयास किया था जिससे एफसीआरए लाइसेंस समाप्त होने पर संस्थाओं की संपत्तियों पर सरकारी नियंत्रण का रास्ता खुल जाता। विपक्ष के विरोध के बाद सरकार ने विधेयक को आगे नहीं बढ़ाया, लेकिन बाद में वही प्रावधान नियमों के जरिए लागू करने का प्रयास किया गया।

### सरकार ने कहा- पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना है

केंद्र सरकार का कहना है कि एफसीआरए में किए गए बदलावों का उद्देश्य विदेशी चंदे की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तकनीक आधारित और जवाबदेह बनाना है। गृह मंत्रालय के अनुसार हाल ही में शुरू किया गया एफसीआरए 2.0 पोर्टल आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाएगा, कागजी कार्यवाही कम करेगा और विदेशी अंशदान की रियल-टाइम निगरानी सुनिश्चित करेगा। सरकार का यह भी कहना है कि ये कदम राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेशी फंड के दुरुपयोग को रोकने के लिए आवश्यक हैं।

26 जून को वायुसेना के दो सी-17 विमानों को भेजकर हुई थी शुरुआत

# सफलतापूर्वक संपन्न हुआ वेनेजुएला में भारत का 'अमिस्ताद' अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पिछले महीने वेनेजुएला में आए विनाशकारी भूकंप के बाद तत्काल आधार पर सहायता प्रदान करने के लिए भारत द्वारा शुरू किया गया मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) अभियान 'अमिस्ताद' समाप्त हो गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी आधिकारिक रूप से घोषणा करते हुए बताया कि वेनेजुएला से 10 जुलाई को भारतीय राहत दल के नई दिल्ली लौटने के बाद अमिस्ताद अभियान अब सफलता के साथ पूरी तरह से खत्म हो गया है। जिसके लिए वेनेजुएला की वर्तमान में कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है। भारत ने अपने अमिस्ताद अभियान के तहत भारत पहुंचने से पहले फील्ड अस्पताल में सेना के डॉक्टरों ने 8 हजार से अधिक मेडिकल प्रोसिजर और प्रयोगशाला जांच की। जिसमें 20 बड़ी सर्जरी भी शामिल हैं।

### फील्ड अस्पताल से पहुंचाई मदद

26 जून को भारत ने इस अभियान की शुरुआत वायुसेना के 2 सी-17 ग्लोबमास्टर-तीन विमानों को वेनेजुएला के लिए रवाना कर की थी। भारतीय सेना के 60 पैरा फील्ड अस्पताल का 41 सदस्यीय चिकित्सा दल भी दक्षिण अमेरिकी देश भेजा गया था।



# स्टेट बैंक को 133.52 करोड़ रुपए की चपत, सीबीआई ने 5 को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीबीआई ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ 133.52 करोड़ रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुंबई और कोच्चि स्थित कई ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई मुंबई स्थित निजी कंपनी फर्नेस फैब्रिका (इंडिया) लिमिटेड के निदेशकों से जुड़े परिसरों पर की गई। सीबीआई ने यह मामला 9 जुलाई को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्ट्रेस्ड एसेट मैनेजमेंट शाखा, मुंबई की शिकायत पर दर्ज किया। मामले में कंपनी के निदेशकों के अलावा अज्ञात लोक सेवकों और अज्ञात निजी व्यक्तियों को भी आरोपी बनाया गया है। जिनको पकड़ा गया है उनमें ए. आर. बशीरुद्दीन, बद्री प्रसाद, नेज़ी बशीरुद्दीन, रईज़ बशीरुद्दीन सनम बशीर हैं।

### छापे में महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद

कंपनी के निदेशकों ने आपराधिक साजिश रचकर बैंक से ज्यादा क्रेडिट फैसिलिटी हासिल करने के लिए कथित रूप से गलत और भ्रामक वित्तीय जानकारी प्रस्तुत की। इसके बाद बैंक से प्राप्त ऋण राशि का उपयोग उस उद्देश्य के लिए नहीं किया गया, जिसके लिए ऋण स्वीकृत हुआ था। छापे में जांच से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है।

मामला दर्ज होने के अगले ही दिन, 10 जुलाई, शुक्रवार को सीबीआई की टीमों ने महाराष्ट्र के मुंबई और केरल के कोच्चि में आरोपियों से जुड़े कई परिसरों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया।

**जांच का दायरा बढ़ेगा** : सीबीआई ने कहा कि जांच अभी जारी है। एजेंसी यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कथित साजिश में किन-किन लोगों की भूमिका रही, क्या इसमें किसी सरकारी अधिकारी की मिलीभगत थी, बैंक से प्राप्त ऋण राशि का अंतिम उपयोग कहां हुआ।

# मथुरा में स्कूल बस ट्रैक्टर में टक्कर से दो की मौत

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में शुक्रवार को एक स्कूल बस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी, जिसके कारण दो महिलाओं की मौत हो गई और 16 अन्य लोग घायल हो गए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि यह हादसा अपराह्न करीब एक बजे राया थाना क्षेत्र के बिरहाना गांव के पास हुआ। उस समय ट्रैक्टर-ट्रॉली में 20-25 लोग अपने एक रिश्तेदार की शोकसभा में शामिल होने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है और अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

# चीन के दो प्रशिक्षु सैन्य पायलट की मौतः रिपोर्ट

**बीजिंग।** चीन में पिछले महीने प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान एक वरिष्ठ कमांडर सहित दो सैन्य पायलटों की मौत हो गई। चीन आमतौर पर सैन्य कर्मियों की मौत की जानकारी सार्वजनिक नहीं करता और उसने इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान भी जारी नहीं किया है। हांगकांग के समाचार पत्र 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' ने क्षेत्रीय सरकारी सूचनाओं और स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के हवाले से कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों पायलटों की मौत एक ही दुर्घटना में हुई या अलग-अलग घटनाओं में।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर**
**जिला-कोरिया (छ.ग.)**
Phone No. 07836-232224 Email ID- nppbkp@gmail.com
क्र. / 2187 / न.पा.परि. / लो.नि./2026 बैकुण्ठपुर, दिनांक 10/07/2026
-:: ई-प्रोक्यरमेंट द्वितीय निविदा सूचना ::-
लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से विभिन्न वार्डो में पाईप लाईन विस्तार कार्य कराये जाने हेतु ऑनलाईन द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सिस्टम टेंडर क्रमांक 195003 है जिसकी कुल लागत राशि 46.51 लाख रू. एवं निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 29.07.2026 है। उपरोक्त कार्यों की निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेवसाईट www.uad.cg.gov.in या http://eproc.cgstate.gov.in का अवलोकन करें।
-: स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें।:-
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई**
क्र./ जोन-3/न.नि./2026/134 // ई-प्राक्यूरमेंट निविदा सूचना // 327 भिलाई, दिनांक -7/7/26
लोक कर्म विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई टेंडर आमंत्रित की गई है। जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर न. | अनुमानित निविदा लागत (लाख में) | अमानत राशि | ई-टेंडर आमंत्रण दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जोन क्र. 03 अंतर्गत प्रणितनगर, मदरटेरेसा नगर, बैकुण्ठ धाम, संतोषी पारा, शिवाजी नगर, शारदा पारा, श्याम नगर एवं संत रविदास नगर क्षेत्र के नालियों को प्रीकास्ट स्लैब से कव्हर करने का कार्य। | 194768 | 73.18 | 65,000.00 | 03.07.2026 से 27.07.2026 तक |

नोट :-1. धरोहर राशि / डी.डी. offline जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 29.07.2026 शाम 5.30 बजे तक कार्यपालन अभियंता / जोन आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई के पक्ष में निक्षेप होगा। 2. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई प्राक्यूरमेंट वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in में उपयुक्त श्रेणी में सम्मिलित होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिये वेबसाइट पर देखें ।
जोन आयुक्त, जोन-3

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
--:: ईश्तहार ::--
रा.प्र. क्र...... अ/62, वर्ष, 2025-26
वाद भूमि ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19
एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक आत्मबोध पिता लालचंद अग्रवाल कास्तकार ग्राम झिरिया तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा में स्थित उनके भूमिस्वामी हक की विभिन्न खसरा नंबरों की भूमि पर सागौन प्रजाति के 1000 वृक्ष लगाया गया है। उक्त लगाये गये 1000 सागौन के वृक्ष की कटाई की अनुमति हेतु निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ आवेदित भूमि का बी-1, खसरा की प्रति संलग्न किया है।
अतः उक्त आवेदित वृक्षों को काटे जाने की अनुमति प्रदान किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 15/07/2026 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
अतएव आज दिनांक 30/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
--:: ईश्तहार ::--
रा.प्र. क्र...... अ/62, वर्ष, 2025-26
वाद भूमि ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19
एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रजनी देवी अग्रवाल पति लालचंद अग्रवाल कास्तकार ग्राम झिरिया तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा में स्थित उनके भूमिस्वामी हक की विभिन्न खसरा नंबरों की भूमि पर सागौन प्रजाति के 1000 वृक्ष लगाया गया है। उक्त लगाये गये 1000 सागौन के वृक्ष की कटाई की अनुमति हेतु निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ आवेदित भूमि का बी-1, खसरा की प्रति संलग्न किया है।
अतः उक्त आवेदित वृक्षों को काटे जाने की अनुमति प्रदान किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 15/07/2026 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
अतएव आज दिनांक 30/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

## शब्द पहेली - 6283



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 6282 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ह | का | रि | ता | ■ | अ | चा | न | क |
| हा | र | ■ | य | ■ | ना | वि | क | ■ | त | र |
| थ | ■ | त | र | जु | मा | ■ | ल | ता | ■ | दा |
| मा | कू | ल | ■ | ■ | र | थ | ■ | क | वि | ता |
| र | ■ | घ | ■ | फ | ना | ■ | खा | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | य | ज | म | ह | ल |
| ■ | थ | ■ | त | ■ | मो | ह | ■ | ह | ■ | प |
| क | ना | त | ■ | रा | ह | ■ | ■ | क | पा | ल |
| र | ■ | ना | प | ■ | त | म | क | ना | ■ | पा |
| ता | ना | ■ | ली | ड | र | ■ | थ | ■ | का | ना |
| र | च | यि | ता | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6293

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 6292 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

# अब नहीं रुकेगी 1600 सीरीज की कॉल! ट्राई ने जारी किए नए नियम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को कहा कि 1600 नंबर श्रृंखला से आने वाली कॉल को कोई भी मोबाइल ऐप ब्लॉक नहीं कर सकता, क्योंकि ये कॉल सरकार एवं विनियमित संस्थाओं की तरफ से आम लोगों के साथ संवाद के लिए निर्धारित हैं।

- 140 नंबर श्रृंखला वाली काल को ब्लाक किया जा सकता है

इसके साथ ही ट्राई ने कहा कि 140 नंबर श्रृंखला से आने वाली कॉल को केवल 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) पंजीकरण के जरिए ही ब्लॉक किया जा सकता है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने स्पष्ट किया कि दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियम (टीसीसीसीपीआर) के तहत 1600 श्रृंखला से आने वाली कॉल को टैग, ब्लॉक या फिल्टर करने की अनुमति नहीं है।

## कोई भी मोबाइल ऐप इस सीरीज को ब्लाक नहीं कर सकता

**1600 सीरीज का उपयोग आरबीआई, सेबी, इरडा आदि करती है :** ट्राई के मुताबिक, 1600 नंबर श्रृंखला का उपयोग भारतीय रिजर्व बैंक, सेबी, बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) और पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) जैसे नियामकों के अधीन आने वाली बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा कंपनियां अपने ग्राहकों से सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल के लिए करती हैं।

**140 की सीरीज टेलीमार्केटिंग कंपनियां उपयोग करती है**

इसके साथ ही ट्राई ने कहा कि 140 नंबर श्रृंखला का उपयोग पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों द्वारा प्रचार संबंधी कॉल के लिए किया जाता है। इन कॉल को किसी ऐप के माध्यम से टैग या फिल्टर नहीं किया जा सकता और इन्हें केवल 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) पंजीकरण के जरिए ही ब्लॉक किया जा सकता है।




*सरकारी संस्थाएं भी इसी सीरीज का उपयोग करती है: इसके अलावा, सरकारी संस्थाएं भी नागरिकों से संवाद के लिए इसी फोन नंबर श्रृंखला का इस्तेमाल करती हैं। उद्देश्य इन्हें नागरिकों के लिए अधिक विश्वसनीय बनाना है।*

**140 सीरीज में डीएनडी का पंजीकरण हो सकता है**
प्राधिकरण ने कहा, /"ट्राई डीएनडी ऐप सहित विभिन्न माध्यमों से 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) पंजीकरण कराया जा सकता है। जहां तक 140 श्रृंखला की कॉल का सवाल है तो उसे टैग या फिल्टर नहीं किया जा सकता है, क्योंकि इससे उन उपभोक्ताओं को भ्रम हो सकता है जिन्होंने किसी क्षेत्र से कॉल की अनुमति दी हुई है।

**प्रचार कॉल को अनुमति दे सकते हैं या ब्लॉक कर सकते हैं :** नियामक के अनुसार, उपभोक्ता डीएनडी रजिस्ट्री पर अपनी पसंद दर्ज कर किसी एक या सभी क्षेत्रों से आने वाली प्रचार कॉल को अनुमति दे सकते हैं या उन्हें ब्लॉक कर सकते हैं। यदि किसी उपभोक्ता ने किसी क्षेत्र की कॉल ब्लॉक कर दी है, तो उसे उस क्षेत्र से 140 श्रृंखला की कोई भी कॉल नहीं आएगी।

### इस सीरीज की फर्जी कॉल में काफी वृद्धि हुई

ट्राई के इस स्पष्टीकरण का मतलब है कि उपभोक्ता 1600 और 140 नंबर श्रृंखला से आने वाली कॉल को 'स्पैम' या 'फ्रॉड' के रूप में चिह्नित नहीं कर पाएंगे। इस बीच, कॉलर की पहचान करने वाले ऐप 'ट्रूकॉलर' के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ऋषित झुनझुनवाला ने कहा कि 140 और 1600 श्रृंखला से आने वाली फर्जी (स्पैम) कॉल में काफी वृद्धि हुई है।

### 5.1 करोड़ से अधिक कॉल लोग उठाते नहीं

इन दोनों श्रृंखलाओं से प्रतिदिन आने वाली 5.1 करोड़ से अधिक कॉल को लोग उठाते भी नहीं है। उन्होंने बताया कि 1600 श्रृंखला से आने वाली कॉल को ब्लॉक करने की कार्रवाई में अक्टूबर 2025 से 208 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है और पिछले आठ महीनों में इस श्रृंखला के खिलाफ 7.4 करोड़ से अधिक मैनुअल ब्लॉकिंग की गई है।

## खबर संक्षेप

### इंडियन बैंक के लाभ में 10 प्रतिशता का इजाफा

इंडियन बैंक Indian Bank आपका अपना बैंक • YOUR OWN BANK

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही अप्रैल-जून में 10 प्रतिशत बढ़कर 3,273 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चेन्नई के इस बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की इसी तिमाही में 2,973 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### एचएफसीएल को डेटा सेंटर कंपनी से मिला निर्यात ठेका




**नई दिल्ली।** घरेलू दूरसंचार उपकरण विनिर्माता एचएफसीएल को एक अंतरराष्ट्रीय डेटा सेंटर कंपनी से ऑप्टिकल फाइबर केबल आधारित डेटा सेंटर संपर्क समाधान की आपूर्ति के लिए 495.80 करोड़ रुपये का निर्यात ठेका मिला है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस ठेके को दिसंबर, 2026 तक पूरा किया जाना है।

### रुपया 14 पैसे मजबूत होकर 95.33 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया 14 पैसे चढ़कर 95.33 प्रति डॉलर पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कमजोर होते डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से रुपये को समर्थन मिला। पूंजी निकासी और पश्चिम एशिया में नए सिरे से तनाव को लेकर अनिश्चितता बढ़ने का स्थानीय मुद्रा पर दबाव रहा।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र का लाभ 27 प्रतिशत बढ़ा

बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra एक परिवार एक बैंक

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही अप्रैल-जून में 27 प्रतिशत बढ़कर 2,020 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुणे स्थित बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की इसी तिमाही में 1,593 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

## मंत्रालय ने एथेनॉल मिश्रित कार्यक्रम की आलोचनाओं का दिया जवाब

# ई20 से पांच प्रतिशत घट सकती है माइलेज लेकिन स्वच्छ दहन जैसे लाभ अधिक: मंत्रालय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) के इस्तेमाल से कुछ वाहनों में ईंधन दक्षता (माइलेज) तीन से पांच प्रतिशत तक कम हो सकती है, लेकिन इसके बदले मिलने वाले ऊर्जा सुरक्षा, कम कार्बन उत्सर्जन और बेहतर इंजन प्रदर्शन जैसे लाभ कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।

मंत्रालय के अनुसार, इसके अलावा ऑक्टेन रेटिंग, बेहतर एंटी-नॉक क्षमता, तेज दहन, बेहतर पिकअप आदि जैसे लाभ भी इसमें शामिल हैं।एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम की आलोचनाओं का जवाब देने के लिए जारी प्रश्नोत्तर दस्तावेज में मंत्रालय ने कहा कि ई20, ई10 या शुद्ध पेट्रोल की तुलना में ''अधिक स्वच्छ, बेहतर गुणवत्ता वाला और अधिक दक्ष ईंधन है।'

## कलपुर्जों खराब होने की कोई शिकायत नहीं मिली

मंत्रालय ने कहा कि मारुति सुजुकी और हीरो मोटोकॉर्प सहित वाहन विनिर्माताओं से मिली प्रतिक्रिया के अनुसार, वास्तविक परिस्थितियों में उपयोग किए गए वाहनों में ई20 के कारण जंग लगने, असामान्य घिसाव या कलपुर्जों के जल्दी खराब होने की कोई शिकायत नहीं मिली है।




### जरूरी नहीं की पेट्रोल से ई20 सस्ता हो

*कीमतों के संबंध में मंत्रालय ने कहा कि ई20 जरूरी नहीं कि पारंपरिक पेट्रोल से सस्ता हो, क्योंकि किसानों को समर्थन देने के लिए एथनॉल की खरीद कीमत लाभकारी स्तर पर तय की जाती है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत कम होने पर यह पेट्रोल से भी महंगा पड़ सकता है।*

- कुछ वाहनों में ईंधन क्षमता तीन से पांच फीसदी तक घट सकती है
- पेट्रोल की तुलना में अधिक स्वच्छ, गुणवत्ता वाला और दक्ष है
- मंत्रालय ने यह आशंका खारिज की कि कार्यक्रम जल्दबाजी में लागू किया गया

***पुराने वाहनों पर भी व्यापक परीक्षण***
*पुराने वाहनों को लेकर उठी चिंताओं पर मंत्रालय ने कहा कि ई20 को देशभर में लागू करने से पहले इंजन की टिकाऊ क्षमता, ईंधन प्रणाली, विभिन्न सामग्रियों के साथ अनुकूलता, जंग-रोधी क्षमता, वाहन संचालन और उत्सर्जन सहित अनेक पहलुओं पर व्यापक परीक्षण किए गए।*

***कई प्रकार के ईंधन उपलब्ध कराने की मांग की खारिज :*** *मंत्रालय ने पेट्रोल पंप पर शुद्ध पेट्रोल, ई10 और ई20 जैसे कई प्रकार के ईंधन उपलब्ध कराने की मांग को भी खारिज करते हुए कहा कि पूरे देश में समानांतर आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने से लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ेगी और एक लाख से अधिक खुदरा ईंधन केंद्रों पर वितरण व्यवस्था जटिल हो जाएगी।*

### 1.97 लाख करोड़ की विदेशी मुद्रा की बचत

मंत्रालय ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पेट्रोल पंपों पर कीमतें घटाना नहीं बल्कि आयातित कच्चे तेल पर भारत की निर्भरता कम करना, कीमतों में स्थिरता लाना और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना है। मंत्रालय के अनुसार, 2014-15 के एथनॉल आपूर्ति वर्ष से अब तक एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम के कारण 1.97 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है।

### कच्चे तेल की आवश्यकता 316 लाख टन कम हुई

कच्चे तेल के आयात की आवश्यकता लगभग 316 लाख टन कम हुई है, कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन करीब 952 लाख टन घटा और किसानों को 1.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है। मंत्रालय ने उपभोक्ताओं से ई20 को लेकर फैलाई जा रही भ्रामक जानकारी से प्रभावित नहीं होने की अपील की।

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 828 अंक उछला

एजेंसी ⏭ मुंबई



- कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार को मिली मजबूती
- रिलायंस, आईसीआईसीआई व एचडीएफसी में रही खरीदारी

प्रमुख कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक एवं एचडीएफसी बैंक में लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 828 अंक और निफ्टी 244 अंक के लाभ में रहा।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के जून तिमाही के बेहतर नतीजों के बाद आईटी शेयरों में आई तेजी से भी बाजार को मजबूती मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 827.57 अंक उछलकर 77,569.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 900.41 अंक चढ़कर 77,642.23 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी 244.10 अंक की बढ़त के साथ 24,206.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील और इन्फोसिस के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त के साथ बंद हुए। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस का शेयर करीब एक प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। दूसरी तरफ, इटर्नल (जोमैटो और ब्लिंकिट का संचालन करने वाली), भारती एयरटेल, सन फार्मा और ट्रेंट के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

### क्रूड गिरकर 76 डॉलर पर

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"बाजार में सकारात्मक रुख तिमाही नतीजों के सत्र की स्थिर शुरुआत से प्रेरित रहा। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार नरमी और रुपये में स्थिरता ने भी निवेशकों के भरोसे को समर्थन दिया।/"वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.30 प्रतिशत गिरकर 76.07 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### टीसीएस के नतीजों से धारणा बदली

ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर ने कहा, /"टीसीएस के उम्मीद से बेहतर नतीजों ने आईटी क्षेत्र को लेकर धारणा बदलने का काम किया है। बैंक, रियल्टी, धातु, तेल एवं गैस और रक्षा शेयरों में लिवाली से तेजी को समर्थन मिला।/"

## रामा टीएमटी के डिस्ट्रिब्यूटर मीट में बाइंडिंग वायर लांच



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित स्टील ब्रांड रामा टीएमटी द्वारा राजधानी के होटल में एक भव्य डिस्ट्रिब्यूटर मीट का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का नाम 'विस्तार 2026' रखा गया था। इस गरिमामयी समारोह में कंपनी से जुड़े 250 से अधिक डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स शामिल हुए।

इस मौके पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय गोयल ने डीलर्स को संबोधित करते हुए कंपनी के नए प्रॉडक्ट 'बाइंडिंग वायर' को बाजार में उतारने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह नया प्रॉडक्ट पार्टनर्स के लिए कमाई के नए मौके लाएगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में कंपनी के नए मैस्कॉट 'मिस्टर अटूट' को भी सबके सामने पेश किया गया, जो मजबूती और भरोसे का प्रतीक है।

कार्यक्रम के दौरान कंपनी के डायरेक्टर पंकज सोमानी ने 'विस्तार 2026' के नाम के महत्व को समझाते हुए कहा कि 'विस्तार' केवल एक नाम नहीं, बल्कि कंपनी की आगे बढ़ने की सोच है। इसका सीधा मतलब व्यापार को बढ़ाना, नए क्षेत्रों में अपनी पहुंच को और गहरा करना तथा अपने पार्टनर्स के साथ मिलकर तरक्की की नई ऊंचाइयों को छूना है।

सोमानी ने आगे की बड़ी योजनाओं को साझा करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बाजारों में अपनी मजबूत पकड़ बनाने के बाद अब कंपनी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, और उड़ीसा जैसे नए राज्यों में अपने व्यापार को फैलाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## पॉलिसीबाजार ने अमिताभ को ब्रांड एंबेसडर बनाया




**नई दिल्ली।** बीमा मंच 'पॉलिसीबाजार' ने दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की शुक्रवार को घोषणा की। इसके साथ ही कंपनी ने स्वास्थ्य और 'टर्म' बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अभियान की शुरुआत की है। पॉलिसीबाजार ने एक बयान में कहा कि बीमा नियामक भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के वर्ष 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य के अनुरूप यह जागरूकता अभियान देश के हर हिस्से में रहने वाले परिवारों को वित्तीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने और अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

## सोने में 400 रुपए की तेजी, चांदी 5,000 रुपए मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 400 रुपये बढ़कर 1,48,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं चांदी की कीमत में 5,000 रुपये का उछाल आया।

तेजी का कारण कारोबारियों के नीचे मूल्य पर लिवाली और अमेरिकी डॉलर में कमजोरी रुख के बाद कीमती धातुओं की मांग में आई तेजी थी। इससे पहले के सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी ने भी लगातार तीन सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला तोड़ा और बृहस्पतिवार के 2,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 5,000 रुपये बढ़कर 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई। यह सुधार डॉलर सूचकांक के लगातार तीसरे सत्र में कमजोर होने की वजह से आई, जिससे कीमती धातुओं की मांग बढ़ी। साथ ही, इस हफ्ते की शुरुआत में सोने की कीमत एक हफ्ते के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद निवेशकों ने कम कीमतों का फायदा उठाते हुए लिवाली की।



- सोने की कीमत बढ़कर 1,48,500 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी बढ़कर हुई 2,37,000 रुपए प्रति किलोग्राम

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''शुक्रवार को सोने की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी हुई क्योंकि कमजोर अमेरिकी डॉलर और कम कीमत पर खरीदारी ने कारोबारी धारणा को सहारा दिया, जबकि इस हफ्ते की शुरुआत में सर्राफा की कीमत एक सप्ताह के निचले स्तर पर रह गई थी।''

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 17.57 डॉलर यानी 0.43 प्रतिशत टूटकर 4,106.25 डॉलर प्रति औंस रह गया और चांदी लगभग एक प्रतिशत टूटकर 59.54 डॉलर प्रति औंस रही। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस मामलों के प्रमुख, प्रवीण सिंह ने कहा, ''हाजिर सोना की कीमत स्थिर बनी हुई है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7.26 अरब डॉलर बढ़ा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन जुलाई को समाप्त सप्ताह में 7.26 अरब डॉलर बढ़कर 674.19 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.65 अरब डॉलर घटकर 666.93 अरब डॉलर रह गया था। इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, संघर्ष के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा और आरबीआई को विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर बेचकर हस्तक्षेप करना पड़ा, जिससे इसके बाद कई सप्ताह तक भंडार में गिरावट दर्ज की गई।

## सुमीत बाजार का 'डिस्काउंट पे डिस्काउंट' ऑफर शुरू



**रायपुर।** शहरवासियों के लिए सुमीत बाज़ार ने एक बार फिर आकर्षक खरीदारी का अवसर प्रदान करते हुए 'डिस्काउंट पे डिस्काउंट' ऑफर की शुरुआत की है। इसके तहत पहले से रियायती कीमतों पर उपलब्ध चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर ग्राहकों को एक्सट्रा 50 प्रतिशत ऑफ का अतिरिक्त लाभ मिलेगा, जिससे खरीदारी और अधिक किफायती हो जाएगी। ऑफर के अंतर्गत मेंस, विमेन्स और किड्स वियर की आकर्षक रेंज उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा चुनिंदा उत्पादों पर बाय 3 - फ्लैट 50 फीसदी ऑफ का विशेष ऑफर भी ग्राहकों के लिए रखा गया है।

सुमीत बाजार में महिलाओं के लिए डोला सिल्क डिजाइनर पल्लू साड़ी, डिजिटल प्रिंट साड़ी, जयपुर हैंडवर्क बंधेज प्रिंट और पार्टी वियर साड़ियों का आकर्षक कलेक्शन उपलब्ध है। वहीं पुरुषों के लिए राउंड नेक टी-शर्ट, ब्रांडेड जीन्स, ब्रांडेड शर्ट, कोट-सूट और शेरवानी की नवीनतम रेंज ग्राहकों को लुभा रही है। बच्चों के लिए भी बॉयज को-ऑर्ड सेट, टी-शर्ट तथा गर्ल्स टी-शर्ट और शॉर्ट्स सहित ट्रेंडिंग कलेक्शन उपलब्ध हैं। फैशन परिधानों के अलावा सुमीत बाजार में गृह उपयोगी वस्तुओं, सजावटी सामान और फर्निशिंग आइटम्स की भी विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है, जिससे ग्राहकों को एक ही छत के नीचे उनकी हर जरूरत की वस्तुएं मिल रही हैं।

### ऑफर ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार

सुमीत बाज़ार प्रबंधन के अनुसार, यह ऑफर उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है जो पूरे परिवार के लिए बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद किफायती कीमतों पर खरीदना चाहते हैं। आगामी त्योहारों और नए सीजन को देखते हुए यह पहल ग्राहकों को अधिक बचत का अवसर प्रदान करेगी। प्रबंधन ने शहरवासियों से सीमित अवधि के इस विशेष ऑफर का लाभ उठाने और सुमीत बाज़ार में डबल डिस्काउंट के साथ खरीदारी करने की अपील की है।

## कंगाल होने की कगार पर आई क्रिप्टो कंपनी अमेरिकन बिटकॉइन कार्प

# ट्रंप को बर्बाद कर गया बेटा, जिद ने डुबोए 5700 करोड़ रुपए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे एरिक ट्रंप की क्रिप्टोकरेंसी कंपनी अमेरिकन बिटकॉइन कॉर्प इस समय गहरे संकट में है। बिटकॉइन के मंदी के दौर में जाने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मांग बढ़ने के कारण निवेशकों ने उन कंपनियों को प्राथमिकता दी जो अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को एआई डेटा सेंटरों में बदल सकती थीं।

- कंपनी के शेयरों में 95 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज

इसके विपरीत, अमेरिकन बिटकॉइन कॉर्प अपनी पुरानी क्रिप्टो रणनीति पर ही टिकी रही। इसके परिणामस्वरूप कंपनी के शेयरों में उसके उच्चतम स्तर से 95 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, पिछले 10 महीनों में एरिक ट्रंप की हिस्सेदारी के बाजार मूल्य में 600 मिलियन डॉलर (करीब 5700 करोड़ रुपए) से अधिक की कमी आई है।

### एआई में क्यों नहीं उतर पाई कंपनी?

असल में कंपनी के पास सिर्फ बिटकॉइन माइनिंग मशीनें और बिटकॉइन हैं। जबकि बिजली, जमीन, डेटा सेंटर और दूसरी बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं उसकी साझेदार कंपनी हट 8 के पास हैं। हट 8 ने अपनी रणनीति बदलते हुए एआई डेटा सेंटर के कारोबार पर बड़ा दांव लगाया और उसके शेयर इस साल दोगुने से ज्यादा चढ़ गए। लेकिन अमेरिकी बिटकॉइन के पास ऐसा करने की ज्यादा गुंजाइश नहीं थी।






### क्या है बिटकॉइन की स्थिति?

*पिछले काफी समय से बिटकॉइन में गिरावट ज्यादा और बढ़त कम देखने को मिल रही है। हाल में इसकी कीमत 60 हजार डॉलर से नीचे आ गई थी। फिलहाल यह करीब 64 हजार डॉलर पर कारोबार कर रहा है। पिछले एक साल में बिटकॉइन में 40 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है।*

### रिवर्स स्टॉक स्प्लिट का लेना पड़ा सहारा

नैस्डैक पर अपनी लिस्टिंग बनाए रखने के लिए कंपनी को 1 के मुकाबले 15 रिवर्स स्टॉक स्प्लिट का सहारा लेना पड़ा है और बुधवार को इसके शेयर की कीमत सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गई थी। जहां अन्य अमेरिकी माइनिंग कंपनियों (जैसे रिओट प्लेटफॉर्म, चिफर डिजिटल) ने एआई के लिए अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को लीज पर देकर इस साल अपने शेयरों में औसतन 60 प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की, वहीं अमेरिकन बिटकॉइन कॉर्प के शेयर 77 प्रतिशत तक गिर गए।

### निवेशकों से भरोसा बनाए रखने की अपील

कंपनी के अधिकारियों और एरिक ट्रंप का मानना है कि क्रिप्टोकरेंसी अंततः सबसे अधिक रिटर्न देगी और मंदी के समय इसे जमा करना फायदेमंद होगा। हाल ही में एक पॉडकास्ट में एरिक ट्रंप ने कहा कि कंपनी की अपनी होल्डिंग्स को बेचने की कोई योजना नहीं है।

## फ्रांस ने क्वार्टर फाइनल में मोरक्को को 2-0 से हराया

# एमबाप्पे का मैजिक, फ्रांस ने लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में मारी एंट्री



एजेंसी ▶▶| फॉक्सबोरो

काइलियन एमबाप्पे ने पहले हाफ में पेनल्टी किक चूकने के बाद शानदार वापसी करके एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की, जिससे फ्रांस ने विश्व कप फुटबॉल के पहले क्वार्टर फाइनल में मोरक्को को 2-0 से हराकर लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। फ्रांस की तरफ से ओस्मान डेम्बेले ने दूसरा गोल किया। अब सेमीफाइनल में उसका मुकाबला मंगलवार को डलास में स्पेन या बेल्जियम में से किसी एक से होगा।

### जीत नहीं जाते, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे : एमबाप्पे

एमबाप्पे ने कहा, 'आराम करने का सिर्फ एक ही तरीका है और वो है जीत हासिल करना। जब तक हम जीत नहीं जाते, हम चैन से नहीं बैठेंगे। हम सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और बहुत खुश हैं, लेकिन अभी लंबा सफर तय करना बाकी है।' एमबाप्पे ने कहा, 'मेरे टखने में चोट लगी थी, लेकिन मैं ठीक हूं।'



### एमबाप्पे का मनोबल अविश्वसनीय : डेम्बेले

डेम्बेले ने कहा, ' एमबाप्पे हमारे कप्तान हैं और उनका मनोबल अविश्वसनीय है। हम उनसे और भी अधिक गोल की उम्मीद कर रहे हैं।'

### एमबाप्पे के विश्व कप में 20 गोल पूरे

एमबाप्पे का 60वें मिनट में किया गया गोल उनके विश्व कप करियर का 20वां गोल था, जिससे वह अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेस्सी से सिर्फ एक गोल पीछे रह गए। डेम्बेले ने 66वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना पांचवां गोल किया। कतर में 2022 में खेले गए सेमीफाइनल में फ्रांस ने मोरक्को को इसी स्कोर से हराया था। फ्रांस अब लगातार तीन विश्व कप के फाइनल में खेलने वाला तीसरा देश बनने की राह पर है। एमबाप्पे ने इस साल के विश्व कप में अपना आठवां गोल करने के बाद अपनी बाहें फैलाकर चारों ओर चक्कर लगाया।

### 'गोल्डन बूट' की दौड़ मेस्सी की बराबरी पर एमबाप्पे

फॉक्सबोरो। काइलियन एमबाप्पे फ्रांस की विश्व कप क्वार्टर फाइनल में मोरक्को पर 2-0 की जीत से 'गोल्डन बूट' की दौड़ में अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेस्सी की बराबरी पर पहुंच गए हैं।इन दोनों खिलाड़ियों ने मौजूदा टूर्नामेंट में अभी तक 8- 8 गोल किए हैं। वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी को मिलने वाले 'गोल्डन बूट' की दौड़ में सबसे आगे हैं। एमबाप्पे ने हालांकि तीन गोल करने में मदद की है, जबकि मेस्सी ने एक बार ही ऐसा किया है। 'गोल्डन बूट' हासिल करने की दौड़ में इन दोनों को नॉर्वे के स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड (सात गोल), इंग्लैंड के हेरी केन (छह) और फ्रांस के ओस्मान डेम्बले (पांच) से कड़ी चुनौती मिल रही है।

### मोरक्को के डिफेंडर ने एमबाप्पे को गिराया


मैच का पहला शॉट भी एमबाप्पे ने ही चौथे मिनट में लगाया था, जो गोल के दाहिनी ओर से थोड़ा बाहर चला गया। फिर 25वें मिनट में जब वह बाईं ओर से आगे बढ़ रहे थे तो बॉक्स के अंदर मोरक्को के डिफेंडर नौसेर मजराउई ने उन्हें गिरा दिया। इससे फ्रांस को पेनल्टी मिल गई। लेकिन एमबाप्पे का दाहिने कोने की ओर मारा गया शॉट गोलकीपर यासीन बोनू ने सही दिशा का अनुमान लगाकर रोक लिया। मोरक्को को गोल करने का सबसे अच्छा मौका हाफ टाइम की सीटी बजने से ठीक पहले मिला जब अशरफ हकीमी ने बॉक्स के बाहर से एक फ्री किक मारी जो दाहिने पोस्ट के पास से निकल गई। फ्रांस के पास अब ब्राजील और पश्चिम जर्मनी की तरह लगातार तीन विश्व कप फाइनल में पहुंचने का मौका है।

# जोकोविच को हराकर फाइनल में सिनर

एजेंसी ▶▶| लंदन

गत चैंपियन यानिक सिनर ने सात बार के विजेता नोवाक जोकोविच को 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन फाइनल में प्रवेश कर लिया, जहां उनका सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी यानिक सिनर ने शुक्रवार को नोवाक जोकोविच को विंबलडन के सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में जगह बना ली है। मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर मैच की शुरुआत से ही सात बार के विंबलडन विजेता नोवाक जोकोविच पर भारी नजर आए। उन्होंने शुरुआती दो सेट में आराम से जीत हासिल की और फिर तीसरे सेट में दोनों के बीच अच्छी टक्कर देखने को मिली। वहीं महिला वर्ग का फाइनल शनिवार को चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा का सामना हमवतन लिंडा नोस्कोवा से होगा।



### ज्वेरेव ने फेरी को सेमीफाइनल में दी मात

फ्रेंच ओपन में पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के महज एक महीने बाद जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव अब विंबलडन के फाइनल में पहुंच गए हैं। ऑल इंग्लैंड क्लब में खेले गए पुरुष एकल सेमीफाइनल में उन्होंने ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी आर्थर फेरी के शानदार अभियान का अंत किया। दूसरी वरीयता प्राप्त 29 साल के इस खिलाड़ी ने विश्व रैंकिंग में 114वें स्थान पर काबिज फेरी पर 7-6, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की।

#### विंबलडन हमेशा मेरे लिए कठिन ग्रैंड स्लैम: ज्वेरेव

इस जीत के बाद ज्वेरेव ने कहा, 'विम्बलडन हमेशा मेरे लिए सबसे कठिन ग्रैंड स्लैम रहा है और अब मैं इसके फाइनल में हूं। रविवार को अभी एक मुकाबला और बाकी है, फिलहाल पूरा ध्यान उसी पर है। ज्वेरेव अब पेशेवर युग (1968 के बाद) में ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बनने की कोशिश में हैं, जो अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीतने के तुरंत बाद अगले ही ग्रैंड स्लैम का खिताब भी अपने नाम करे। फेरी का घर ऑल इंग्लैंड क्लब से थोडी ही दूरी पर है।

### ओस्टापेंको-अरेवालो ने जीता मिक्स्ड डबल्स का खिताब

जेलेना ओस्टापेंको और मार्सेलो अरेवालो की जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए विंबलडन का मिक्स्ड डबल्स खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म हंटर और मार्क पोलमैन्स की जोड़ी को 4-6, 7-5, 6-2 से हराया। फाइनल की शुरुआत ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने शानदार अंदाज में की। हंटर और पोलमैन्स ने पहला सेट 6-4 से जीत लिया। दूसरे सेट में भी उन्होंने जल्दी सर्विस ब्रेक हासिल कर 3-1 की बढ़त बना ली थी। ऐसा लग रहा था कि मुकाबला सीधे सेटों में खत्म हो जाएगा, लेकिन ओस्टापेंको और अरेवालो ने इसके बाद शानदार वापसी की।



## खबर संक्षेप

### डब्ल्यूपीजीटी : वाणी ने जीता नौंवे चरण का खिताब



होसुर। गोल्फर वाणी कपूर ने अंतिम दौर के आखिरी 10 होल में पांच बर्डी लगाकर शानदार प्रदर्शन करते हुए हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के नौंवे चरण का खिताब अपने नाम किया। वाणी ने पहले दो दौर में 70 और 68 के कार्ड खेले थे और अंतिम दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड हासिल किया। उनका कुल स्कोर 11 अंडर रहा जिससे वह युवा अन्वी दहिया (70-69-69) से तीन शॉट आगे रहीं।

# साउथम्प्टन में आज साख बचाने उतरेगी इंडिया

एजेंसी ▶▶| साउथम्प्टन

ब्रिटेन के दौरे में अब तक निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम को अगर इंग्लैंड के खिलाफ 'क्लीन स्वीप' से बचना है तो उसे शनिवार 11 जुलाई को होने वाले पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

दक्षिणी शहर साउथम्प्टन में पांच मैचों की श्रृंखला का आखिरी मैच खेलेगी। इस श्रृंखला का पहला मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। कप्तान बनने के बाद उन्हें अब भी अपनी पहली जीत की तलाश है। भारतीय टीम के 2006 में पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद से यह सबसे लंबा अंतराल है जबकि वह कोई मैच नहीं जीत पाई।

### भारत को 'क्लीन स्वीप' से बचने के लिए करना होगा अच्छा प्रदर्शन



#### नॉटिंघम में भारत ने की सबसे खराब बल्लेबाजी

ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए दूसरे मैच को छोड़कर भारतीय टीम ने खेल के हर विभाग में लचर प्रदर्शन किया। दूसरे मैच में भारत अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन रवि बिश्नोई के 17वें ओवर ने भारत को जीत से दूर कर दिया। नॉटिंघम में भारत ने अब तक का सबसे खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन किया और टीम 76 रन पर आउट हो गई। ब्रिस्टल में खेले गए चौथे मैच में टीम प्रत्येक विभाग में नाकाम रही। अब भारतीय टीम प्रतिष्ठा बचाने के लिए मैदान पर उतरेगी। अय्यर का कट्टर प्रशंसक उनकी कप्तानी के शुरुआती दिनों में 0-4 की शर्मनाक हार से बेहतर 1-3 की हार को ही स्वीकार कर लेगा।

# भारत की पहली पारी 285 रन पर सिमटी स्मृति, हरमनप्रीत और दीप्ति की फिफ्टी

लंदन। स्मृति मंधाना (83 रन), कप्तान हरमनप्रीत कौर (58 रन) और हरफनमौला दीप्ति शर्मा (57 रन) के अर्धशतकों के बाद भारतीय टीम खेले जा रहे एकमात्र महिला टेस्ट के पहले दिन पहली पारी में 285 रन पर सिमट गई।

इन तीनों की अर्धशतकीय पारियों के अलावा जेमिमा रोड्रिग्स ने 35 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिए सोफी



एक्लेस्टोन ने 3 विकेट झटके जबकि लॉरेन फाइलर, इसी वोंग और मैडी विलियर्स ने दो-दो विकेट प्राप्त किए। लॉरेन बेल को एक विकेट मिला।


### स्मृति ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

स्मृति मंधाना ने लॉड्र्स के ऐतिहासिक मैदान पर एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित कर दिया। इंग्लैंड के खिलाफ लॉड्र्स के मैदान पर खेले जा रहे पहले ऐतिहासिक महिला टेस्ट मैच के दौरान मंधाना ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 300वां मैच खेला। महज 29 साल की उम्र में इस जादुई आंकड़े को छूकर वह क्रिकेट इतिहास में 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली दुनिया की सबसे युवा महिला खिलाड़ी बन गई हैं।

## बिग बैश लीग

# बीबीएल का पहला मैच चेन्नई में क्रिकेट के नए चैप्टर की शुरुआत

**12 दिसंबर को बिग बैश लीग के 16वें सीजन का मुकाबला**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में हुए खास कार्यक्रम में बड़ा ऐलान किया। उन्होंने बताया कि ऑस्ट्रेलिया की घरेलू टी20 लीग बिग बैश लीग (बीबीएल) के 16वें सीजन का पहला मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम क्रिकेट स्टेडियम में 12 दिसंबर को खेला जाएगा। दोनों देशों द्वारा मिलकर शुरू की गई इस नई पहल को भारत में क्रिकेट के नए चैप्टर की शुरुआत भी माना जा रहा है।

### बीबीएल की लोकप्रियता में होगा इजाफा

*क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का भी यही कहना है कि भारत में मैच होने से बिग बैश लीग की लोकप्रियता में कई गुना इजाफा होगा। माना जा रहा है कि बीबीएल के इस मैच को देखने फैंस भारी तादाद में पहुंच सकते हैं। हालांकि, बिग बैश लीग के इस कदम को महज एक शुरुआत माना जा रहा है। भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता और सजे हुए बाजार को देखते हुए भविष्य में अन्य देश भी अपनी लीगों के मुकाबले भारत में करवाने की पेशकश कर सकते हैं।*

### पहली बार होगा बीबीएल का मैच विदेशी धरती पर

ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट इतिहास में यह पहला मौका होगा जब बिग बैश लीग का कोई मैच विदेशी धरती पर खेला जाएगा। हालांकि, चुनावों की वजह से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) कई बार आईपीएल का आयोजन घर से बाहर कर चुका है। मगर ऐसा पहली बार होगा जब किसी विदेशी टी20 लीग का मैच भारत में होगा। इसकी वजह यह भी है कि भारत में क्रिकेट को काफी महत्व दिया जाता है। देश में क्रिकेट को लेकर खास तरह का जुनून भी देखने को मिलता है। भारत में क्रिकेट का बाजार भी काफी बड़ा है और स्टेडियम में लाखों की संख्या में फैंस पहुंचते हैं।

# 'क्लीन स्वीप' की तैयारी में इंग्लैंड खतरे में भारत की बादशाहत

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्टल

भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल करने के बाद इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने स्वीकार किया कि उन्हें इस टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के इतने एकतरफा होने की उम्मीद नहीं थी, ऐसे में उसका लक्ष्य अंतिम मुकाबला जीतकर 'क्लीन स्वीप' करने के साथ मौजूदा विश्व चैंपियन को इस प्रारुप की रैंकिंग के शीर्ष स्थान से हटाना है। इंग्लैंड अगर इसमें भी जीत दर्ज करता है तो वह भारत को पछाड़कर आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लेगा।



### भारत को हराना विशेष उपलब्धि : ब्रूक

इंग्लैंड के कप्तान ने कहा, ' ईमानदारी से कहूं तो भारत जैसी टीम को 4-0 से हराना बेहद विशेष उपलब्धि होगी और इसके साथ दुनिया की शीर्ष रैंकिंग की टीम बनना इसे और भी यादगार बना देगा।''इंग्लैंड के कप्तान ने माना कि उन्हें भारत के खिलाफ इतनी आसान सफलता की उम्मीद नहीं थी। ब्रूक ने कहा, 'हमारी सीमित ओवरों की टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। हमने लगातार बेहतरीन क्रिकेट खेली है और विभिन्न परिस्थितियों तथा पिचों के अनुरूप खुद को अच्छी तरह ढाला है। विश्व कप में भी हमारा प्रदर्शन शानदार रहा था।

**19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होगा टूर्नामेंट**

# एशियाई खेल : महिला हॉकी टीम का ऐलान, सलीमा संभालेंगी कप्तानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के दौरान भारत की 20 सदस्यीय महिला हॉकी टीम की कमान संभालेंगी।

सलीमा की कप्तानी में ही भारत ने पिछले महीने न्यूजीलैंड में एफआईएच नेशंस कप में अपराजेय रहकर खिताब जीतने के साथ प्रो लीग में वापसी की थी। भारत के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा,' हमारे पास ऐसी



टीम में, जिसमें जूनियर, अनुभवी खिलाड़ियों और सीनियर खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है, जो लगातार एक दूसरे के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रयास करते हैं।'

### सविता, बिछू देवी होंगी गोलकीपर

सविता और बिछू देवी खारीबम टीम में दो गोलकीपर होंगी। वहीं डिफेंस में सुशीला चाजू, इशिका चौधरी और ज्योति के साथ लालथांटलुआंगी और शिल्पी डबास को मौका दिया गया है। मिडफील्ड का जिम्मा सलीमा के साथ निक्की प्रधान, साक्षी राणा, सुनेलिटा टोप्पो, नेहा और दीपिका सोरेंग पर रहेगी। फॉरवर्ड पंक्ति में लालरेम्सियामी, रूतुजा पिसाल, नवनीत कौर, बलजीत कौर और नेशंस कप में सर्वाधिक छह गोल करने वाली दीपिका हैं। मारिन ने कहा ,' इस समूह ने साबित कर दिया है कि वे फॉर्म में हैं और फिट भी। हमें यकीन है कि यह टीम एशियाई खेलों की चुनौती के लिए तैयार है।'

punjab national bank पंजाब नैशनल बैंक
सीओ-एसएएम, रायपुर (छ.ग.)

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्तियों हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ता एवं जमानतदार को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे में दर्शायी गयी है , उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किय गया। उधारकर्ता द्वारा उक्त राशि चुकाने में असफल होने के कारण, एतदद्वारा उधारकर्ता, जमानतदार को एवं जनता को सामान्य रूप से नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त् अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे संपत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता, जमानतदार और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये **पंजाब नैशनल बैंक** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगी। प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता / जमानतदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

| क्र. | उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम एवं पता व शाखा का नाम | 1) मांग सूचना की तिथि/2) कब्जे की तिथि | बकाया राशि | अचल संपत्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उधारकर्ता- मेसर्स ममता डेयरी, प्रोपराइटर- श्रीमती ममता शर्मा , शाखा: पांडरी,रायपुर | (1) 03.01.2026 (2) 07.07.2026 | दिनांक 31.12.2025 को रू 24,40,804.35 + ब्याज एवं अन्य खर्चे | फ़्लैट नंबर ए-28, खसरा नंबर 427/1, 429/1, 430/1, 432/1 (भाग),मौज़ा - रावाभाठा, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड बिरगांव, प.ह नं. 100/28, माधव राव सप्रे वार्ड 19, आरएनएम -धरसींवा, तहसील एवं ज़िला - रायपुर (छ.ग.) में क्षेत्रफल - 767.51 वर्गफ़ीट पर स्थित आवासीय फ़्लैट , मालिकाना हक-श्रीमती ममता शर्मा। सीमाएँ: उत्तर - सड़क, दक्षिण - फ़्लैट नंबर बी-12, पूर्व - फ़्लैट नंबर ए-30, पश्चिम - फ़्लैट नंबर ए-26। |

दिनांक: 11.07.2026, स्थान- रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
ए.आर.एम. शाखा : अन्नपूर्णा भवन,
नेमा हार्ट हॉस्पिटल के पास, आईएसबीटी के सामने, विजय नगर,
दीन दयाल चौक, जबलपुर, एमपी-482002

**कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित ऋणधारी को निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज राशि एवं सहित नोटिस प्राप्ति के 60 दिन की समयावधि के भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था।
ऋणी निर्धारित समय सीमा मे ऋण का भुगतान करने मे असफल रहा है। अतः ऋणी/जमानतदार एव सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम (8 एवं 9) के अंतर्गत नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया है। ऋणग्रहीता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **केनरा बैंक की ए.आर.एम. शाखा, जबलपुर** के अधीन होगा।
ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी /बंधककर्ता/ जमानतदारों का नाम | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक | कब्जा की गई अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| ऋणी एवं बंधककर्ता: **मैसर्स जय जगन्नाथ (प्रो. श्री त्रिवेन्द्र सिंह)** (1) रश्मि नर्सरी, दीपरापारा, इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट के पास आरडीए रोड, रायपुर छत्तीसगढ़ 492001 और (2) इंदल सिंह मकान नंबर जी-13, तीसरी बटालियन सांकरा पाटन अमलेसर दुर्ग-छत्तीसगढ़-491111 जमानतदार एवं बंधककर्ता: 2. **श्री वेदराम मनहरे पुत्र बद्रीनाथ मनहरे** खपरी डीह खुर्द, भाटापारा वार्ड नंबर 04, पोस्ट- भैंसा, 93/बी रायपुर, छत्तीसगढ़ -493225 | 18.02.2026 / 06.07.2026 / मांग सूचना अनुसार दिनांक 18.02.2026 को बकाया राशि ₹ 9,28,02,139.49/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | चल संपत्ति- स्टॉक एवं बुक डेब्ट्स का दृष्टिबंधक, **शीर्षक धारक का नाम-** मैसर्स जय जगन्नाथ (प्रोपराइटर श्री त्रिवेन्द्र सिंह) **अचल संपत्ति- बंधक संपत्ति फ्रीहोल्ड इण्डस्ट्रियल ग्रामीण खाली भूमि स्थित खसरा नं. 292/2, 295/1, 295/2, 295/4, 295/10, 296/1, 299/1, 299/3 एवं 323/5 प.ह.नं. 24 सीएसईबी सब स्टेशन के पास, आरएनएम-छपोरा गांव-मानपुर तहसील-तिल्दा, जिला-रायपुर छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 4,45,733.00 वर्गफुट, चर्तुसीमाएँ:** उत्तरः सतीश जैन, भुनेश्वर वर्मा और जगदीश साहू की भूमि, दक्षिणः अश्विन, रामू, सुंदर, अमरचंद की भूमि, पूर्वः सड़क, पश्चिमः डुबन क्षेत्र **Latitude : 21.54687, Longitude-81.890125** **शीर्षक धारक का नाम- श्री वेदराम मनहरे पुत्र बद्रीनाथ मनहरे** |

स्थान-रायपुर, दिनांक : 06.07.2026
प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

बीते लगभग 9 दिनों से देश के ज्यादातर हिस्सों मे जमकर बरसात हुई। मुंबई-गुजरात के कई शहरों में तो बारिश ने तहलका ही मचा दिया। एक तरफ जहां दावा किया जा रहा है कि इस बार मॉनसून कमजोर होगा और बारिश कम होगी, लेकिन मॉनसून की शुरुआत ही जोरदार हुई।

# मुंबई-गुजरात को डुबाने के बाद अचानक गायब हो जाएंगे बादल!

**नई दिल्ली।** लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि क्या अल नीनो का असर भारत में नहीं होने वाला? इस सवाल का जवाब है नहीं। मौसम विभाग की ताजा रिपोर्ट ने करोड़ों देशवासियों और खासकर अन्नदाता किसानों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। जून के सूखे के बाद जुलाई की शुरुआत में जिस मॉनसून ने धमाकेदार रिकवरी की थी, उस पर अब अल नीनो का काला साया मंडराने लगा है।

मौसम वैज्ञानिकों का दावा है कि यह राहत बहुत कम समय के लिए है और अल नीनो एख बार फिर मॉनसून की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए तैयार है। आखिर अगले 5 दिनों में मौसम में ऐसा क्या पलटने वाला है, जिसने वैज्ञानिकों को भी चिंता में डाल दिया है?

## अल नीनो ने बिछाया ऐसा जाल, मौसम विभाग भी हैरान




**मौसम वैज्ञानिकों की बड़ी चेतावनी**

आईएमडी का मानना है कि 10 जुलाई से 15 जुलाई के बीच उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत समेत पश्चिमी तटीय इलाकों में बारिश में भारी कमी आने की संभावना है। वर्तमान में जो कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ था, वह अब कमजोर होकर आगे निकल बढ़ चुका है, जिससे आसमान से बादलों की आवाजाही कम हो रही है।

### खेती और फसलों पर संकट

जुलाई के बीच में आने वाले इस सूखे के कारण देश में कुल मानसूनी बारिश का आंकड़ा एक बार फिर सामान्य से कम श्रेणी में जा सकता है। कृषि एक्सपर्ट्स के मुताबिक, धान और दूसरी खरीफ फसलों के लिए यह समय बहुत ही नाजुक है। हाल ही में बोई गई फसलों को शुरुआती विकास के लिए लगातार नमी की जरूरत होती है। अगर इस समय लंबे समय तक बारिश रुकती है, तो बिना सिंचाई वाले इलाकों में नए पौधे सूख सकते हैं।



### अल नीनो का खेल

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, मॉनसून का यह उतार-चढ़ाव प्रशांत महासागर में एक्टिव हो रहे अल नीनो के कारण हो रहा है। अल नीनो के प्रभाव वाले सालों में मॉनसून लगातार एक जैसी बारिश करने के बजाय टुकड़ों में काम करता है। इसमें कुछ दिन तो बहुत भारी बारिश होती है, लेकिन उसके बाद एक लंबा सूखे का दौर आता है। हालांकि, वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि जुलाई के आखिरी दिनों में मॉनसून का एक और सक्रिय दौर आएगा, लेकिन तब तक देश के किसानों को आसमान की तरफ टकटकी लगाए देखना होगा।

**रोचक खबरें**

## भैंस पर बैठकर चोर पकड़ती है पुलिस सड़कों पर करती है पेट्रोलिंग



**ब्रासीलिया।** ये हैं असली बफेलो सोल्जर्स! ब्राजील के उत्तरी इलाके में स्थित मराजो आइलैंड पर पुलिस की पेट्रोलिंग का तरीका पूरी दुनिया के लिए अनोखा और रोमांचक है। यहां के करीब 200 पुलिस अधिकारी घोड़ों, जीपों या कारों की जगह भैंसों पर सवार होकर सड़कों और दलदलों में गश्त लगाते हैं। चोरों और अपराधियों के लिए ये पुलिस वाले सचमुच यमराज बन चुके हैं।

मराजो आइलैंड ब्राजील का सबसे बड़ा द्वीप है, जो स्विट्जरलैंड से भी बड़ा है। यहां आधे साल तक भारी बारिश और बाढ़ आती है। पूरा इलाका मैंग्रोव दलदल में तब्दील हो जाता है। ऐसी स्थिति में ना तो सड़कों पर कार चल पाती है, ना बाइक और कई बार नाव भी फंस जाती है। ऐसे में पुलिस ने स्थानीय भैंसों को अपना सबसे भरोसेमंद वाहन बना लिया। ये भैंस दलदल, पानी और कीचड़ में आसानी से चल सकती हैं और ऊंचाई के कारण पुलिसकर्मियों को बेहतर नजर भी आती है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि भैंस पर बैठकर पेट्रोलिंग करना अब उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है। सुबह से शाम तक वे भैंसों पर सवार होकर गांव-गांव, जंगलों और दलदली इलाकों में घूमते हैं। वे ना सिर्फ अपराध रोकते हैं बल्कि लोगों की मदद भी करते हैं।

### बेहद काम का जुगाड़

ये भैंसें ना सिर्फ परिवहन का साधन हैं, बल्कि अपराधियों को पकड़ने में भी बेहद कारगर साबित हो रही हैं। स्थानीय लोग इन्हें 'बफेलो सोल्जर्स' कहकर पुकारते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस अनोखे तरीके से अपराध दर में काफी कमी आई है। चोर और तस्कर अब इन इलाकों में घुसने से पहले सोचते हैं, क्योंकि भैंस सवार पुलिस कहीं भी पहुंच सकती है। यहां अवैध लॉगिंग, मादक पदार्थों की तस्करी और छोटे-मोटे अपराध आम हैं। सामान्य वाहनों के अभाव में पुलिस को पहले काफी परेशान रहती थी।

## प्रेम और वफादारी की मिसाल है यह पक्षी, खेती में भी करता है मदद

**भोपाल।** मध्य प्रदेश का बालाघाट जिला इस समय सिर्फ खनिज संपदा ही नहीं, बल्कि अपनी समृद्ध जैव विविधता के लिए भी सुर्खियों में है। साल 2026 की वार्षिक सारस गणना में यहां 50 सारस पक्षी दर्ज किए गए हैं, जिससे बालाघाट प्रदेश का सबसे अधिक सारस वाला जिला बन गया है।



छह दिनों तक चले इस सर्वे में 22 टीमों ने 66 स्थानों पर वैज्ञानिक तरीके से गणना की. पिछले साल यहां 48 सारस मिले थे, जबकि साल 2003 में इनकी संख्या सिर्फ 5 थी। लगातार संरक्षण प्रयासों से इनकी आबादी बढ़ी है। सारस की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह जीवनभर एक ही साथी के साथ रहता है और अपने मजबूत जोड़ीदार संबंध के लिए जाना जाता है। यही वजह है कि इसे प्रेम और निष्ठा का प्रतीक भी माना जाता है। इसके अलावा यह किसानों का मित्र पक्षी है, क्योंकि यह खेतों में हानिकारक कीटों को खाकर फसलों की रक्षा करता है। दलदली और जलाशय वाले क्षेत्रों में रहने वाला सारस स्वस्थ पर्यावरण का भी महत्वपूर्ण संकेतक माना जाता है। बालाघाट में बढ़ती इसकी संख्या संरक्षण और जैव विविधता दोनों के लिए बेहद सकारात्मक संकेत है।

## समंदर के बीचों-बीच चीन ने बिछाया जाल अंतरिक्ष से गिरती रॉकेट को हवा में ही दबोचा

**बीजिंग।** स्पेस की दुनिया में चीन ने बड़ा कमाल किया है। चीन ने समंदर के बीच 'जाल' बिछाकर वह कर दिखाया, जिसने एलन मस्क की स्पेसएक्स को भी हैरान कर दिया है। अंतरिक्ष से तेज रफ्तार में गिरते रॉकेट बूस्टर को हवा में ही पकड़कर नया रिकॉर्ड बनाया है, जो आज तक कोई देश नहीं कर पाया। स्पेस टेक्नोलॉजी की दुनिया में भारत के पड़ोसी मुल्क चीन ने एक बहुत बड़ी कामयाबी हालिस की है। चीन ने अंतरिक्ष से वापस लौट रहे एक बड़े रॉकेट को समुद्र में बने एक खास प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित लैंड करा लिया है। इसके साथ ही नेट-आधारित रिकवरी सिस्टम का इस्तेमाल करके रॉकेट को पकड़ने वाला चीन दुनिया का पहला देश बन गया है। चाइना एयरोस्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी कॉरपोरेशन के अनुसार, शुक्रवार को लॉन्ग मार्च-10ए रॉकेट ने हैनान कमर्शियल स्पेस लॉन्च साइट से उड़ान भरी थी। लॉन्च के लगभग 6 मिनट बाद, जब रॉकेट का पहला हिस्सा जिसे बूस्टर कहते हैं, अलग हुआ, तो उसने वापस धरती की ओर आना शुरू कर दिया। एक कंट्रोल्ड वर्टिकल डिसेंट यानी सीधे नीचे की ओर आने के बाद, इस बूस्टर को समुद्र में बने एक रिकवरी प्लेटफॉर्म पर बिछे जाल की सहायता से संभाल लिया गया। अभी तक अमेरिकी बिजनेसमैन एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अपने फाल्कन 9 रॉकेट को समुद्र में बने ड्रोन शिप पर सीधे वर्टिकल लैंड कराती आई है। लेकिन, चीन ने इससे अलग हटकर एक नया तरीका निकाला है। चीन का रॉकेट सीधे डेक पर लैंड नहीं हुआ, बल्कि समुद्र में मौजूद एक स्पेशल प्लेटफॉर्म पर लगे जाल ने उसे हवा में सेफ तरीके से पकड़ लिया।




**तकनीक**

**वैज्ञानिकों ने एक चमत्कारी तकनीक विकसित की**

## पौधे भी पहनेंगे स्मार्टवॉच! बीमारी और प्यास लगने पर भेजेंगे मैसेज

**लंदन।** जैसे आज के समय में हम अपनी सेहत का हाल जानने के लिए हाथों में स्मार्टवॉच पहनते हैं, जो ब्लड ऑक्सीजन से लेकर हार्ट रेट तक सब बता देती है, ठीक वैसे ही अब खेत में खड़े पौधे भी स्मार्टवॉच पहनेंगे। वैज्ञानिकों ने एक ऐसी चमत्कारी तकनीक विकसित की है जिसमें पौधों की पत्तियों पर एक छोटा सा टैटू जैसा सेंसर और तने पर एक खास पट्टी बांधी जाएगी। यह सेंसर फसल के बीमार होने, सूखने या उसमें पोषक तत्वों की कमी होने की जानकारी इंसान की आंखों को दिखने से कई दिन पहले ही किसान के मोबाइल पर भेज देगा। सबसे मजेदार बात यह है कि इस सेंसर को चलाने के लिए किसी बैटरी की जरूरत नहीं है। ब्रिटेन के वैज्ञानिकों और टफ्ट्स यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने इस तकनीक को 'एलीएस एप्लाइड मैटेरियल्स एंड इंटरफेसेस' जर्नल में प्रकाशित किया है।



### जापानी कला से बना स्टेम बैंड

पत्तियों के अलावा पौधे के तने पर एक खिंचावदार बैंड बांधा जाता है। इसका डिजाइन जापानी पेपर कटिंग आर्ट 'किरीगामी' से प्रेरित है। यह बैंड पौधे के विकास के साथ खुद को फैला लेता है, जिससे पौधे को कोई नुकसान नहीं होता। इस बैंड में एक खास तरह का आयन कंडक्टिंग जेल लगा होता है जो पौधे के तने के व्यास (डायमीटर) को मापता है। जब पौधा स्वस्थ होता है तो तना बढ़ता है और तनाव में होने पर तना सिकुड़ जाता है, जिसे यह सेंसर तुरंत पकड़ लेता है।

### सैटेलाइट और ड्रोन से भी ज्यादा सटीक

अबतक किसान फसलों की निगरानी के लिए ड्रोन या सैटेलाइट इमेज का इस्तेमाल करते आए हैं। लेकिन, ये तकनीकें केवल ऊपरी तौर पर या नुकसान होने के बाद ही जानकारी दे पाती हैं। इसके विपरीत, यह नया प्लांट वियरेबल सीधे पौधे के अंदर चल रही हलचल को रीयल-टाइम में ट्रैक करता है। यह सीधे पौधे के नजरिए से किसान को बताता है कि उसे किस चीज की जरूरत है।

### लैब टेस्ट में मिली बड़ी सफलता


लैब में शिमला मिर्च के पौधों पर किए गए टेस्ट के दौरान इस सेंसर ने कमाल का प्रदर्शन किया। पानी की कमी वाले पौधों और मिट्टी में नमक की अधिकता (सैलिनिटी) वाले पौधों के बीच इस सेंसर ने बिल्कुल सटीक अंतर पहचान लिया। स्वस्थ पौधों में नमी सोखने और छोड़ने का चक्र सामान्य था, जबकि तनाव वाले पौधों में बदलाव तुरंत दर्ज किए गए. यह सेंसर तेज हवाओं और खराब मौसम को भी आसानी से झेल सकता है।



### वायरलेस नेटवर्क से सीधे किसान तक डेटा

रिसर्च टीम अब एक ऐसे वायरलेस कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म पर काम कर रही है, जिससे यह डेटा सीधे ब्लूटूथ या लॉन्ग-रेंज नेटवर्क के जरिए किसान के स्मार्टफोन तक पहुंच सके। भविष्य में इस तकनीक को और एडवांस बनाया जाएगा, ताकि यह पौधों के हार्मोन्स और फलों के विकास की जानकारी भी दे सके। इस तकनीक के आने के बाद दुनिया भर के किसानों को फसलों की बर्बादी से बड़ी राहत मिलने वाली है।

## ये है जापान के सबसे मशहूर अंडे, खाते ही 7 साल बढ़ जाती है उम्र



**टोक्यो।** सोशल मीडिया पर इन दिनों जापान के एक खास अंडे की खूब चर्चा हो रही है। लोग इसे 'उम्र बढ़ाने वाला अंडा' कह रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि इस एक अंडे को खाने से इंसान की उम्र सात साल तक बढ़ सकती है। हालांकि, वैज्ञानिक रूप से यह दावा पूरी तरह साबित नहीं है, लेकिन इसका स्वाद और अनोखापन इसे दुनिया भर में चर्चित बना रहा है। यह खास अंडा जापान के ओवाकुदानी इलाके में मिलता है। यह जगह सल्फर के खदानों और हॉट स्प्रिंग्स के लिए मशहूर है। यहां भाप से अंडे उबाले जाते हैं। भाप में मौजूद सल्फर और अन्य खनिज अंडे को काला रंग दे देते हैं। यही वजह है कि इन्हें 'ब्लैक एग्स' भी कहा जाता है। इन अंडों को खोलते ही तेज सड़ांध जैसी बदबू आने लगती है। सल्फर की वजह से यह गंध बहुत तीखी होती है। कई पर्यटक पहले तो नाक बंद करके भागने लगते हैं, लेकिन जो लोग हिम्मत करके खाते हैं, वे कहते हैं कि स्वाद काफी अनोखा और लजीज होता है। स्थानीय लोगों और कुछ टूर गाइड्स के अनुसार, यहां का पानी और भाप खनिजों से भरपूर होती है। अंडे को इस भाप में उबालने से उसमें खनिजों की मात्रा बढ़ जाती है।

### दूर-दूर से आते हैं पर्यटक

हर साल हजारों पर्यटक खासतौर पर इस अंडे को खाने के लिए ओवाकुदानी पहुंचते हैं। यहां कई कैफे और स्टॉल्स हैं जहां ये अंडे बेचे जाते हैं। एक अंडे की कीमत लगभग 500-600 जापानी येन (भारतीय रुपए में करीब 300-400 रुपए) है। इन्हें तैयार करने का भी एक खास तरीका है। सबसे पहले नॉर्मल अंडों को सल्फरयुक्त गर्म पानी में उबाला जाता है। लगभग एक घंटे तक उबालने के बाद अंडे काले हो जाते हैं। फिर उन्हें और पकाया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में खनिज अंडे के अंदर तक पहुंच जाते हैं।

## ये हैं दुनिया के सबसे शांतिप्रिय जानवर शोर सुनते ही कर लेते हैं सुसाइड!

**मनीला।** प्रकृति ने कुछ जानवरों को इतना संवेदनशील बनाया है कि छोटी-सी गलती भी उनके लिए घातक साबित हो सकती है। इनमें सबसे प्रमुख हैं फिलीपींस टार्सियर। ये छोटे-छोटे प्राइमेट इतने नाजुक हैं कि तेज आवाज, कैमरे की फ्लैश लाइट या बार-बार छूने से उन्हें गंभीर स्ट्रेस हो जाता है। कई बार यह स्ट्रेस इतना बढ़ जाता है कि वे खाना -पीना छोड़ देते हैं या खुद को चोट पहुंचाकर अपनी जान गंवा बैठते हैं।



### टार्सियर की खासियत

टार्सियर की आंखें सिर के मुकाबले बहुत बड़ी होती हैं। ये रात में सक्रिय रहने वाले जानवर हैं और अपनी बड़ी-बड़ी आंखों से शिकार को आसानी से पकड़ लेते हैं। इनका वजन सिर्फ 100-150 ग्राम होता है। ये पेड़ों पर रहते हैं और बहुत कम दूरी तक छलांग लगा सकते हैं।

### संरक्षण केंद्रों के सख्त नियम

टार्सियर संरक्षण केंद्रों और वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी में आने वाले पर्यटकों को सख्त हिदायत दी जाती है कि वो पूरी तरह चुप रहे। अगर तस्वीर ले रहे हैं तो फ्लैश लाइट का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं करें। यहां जानवरों को छूना या उन्हें परेशान करना मना है। लोगों को धीरे-धीरे और दूरी बनाकर चलने की हिदायत दी जाती है। ये सारे नियम जानवरों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं।

### क्यों है इतना संवेदनशील?

वैज्ञानिकों के अनुसार टार्सियर का तंत्रिका तंत्र बेहद नाजुक है। कैद में या पर्यटकों की वजह से लगातार डिस्टर्बेंस इनके लिए घातक साबित होता है। कुछ जानवर तो बार-बार दीवार से टकराकर घायल हो जाते हैं। कई मामलों में वे खाना बंद कर देते हैं और कमजोरी से मर जाते हैं। हालांकि, वैज्ञानिक इसे सुसाइड नहीं मानते, लेकिन तनाव इनकी मौत का बड़ा कारण जरूर है।

**जापानी संस्कृति** — सब्जी-फल छूने के बाद वापस रखना शिष्टाचार के खिलाफ माना जाता है

## फल-सब्जियां टटोलना है मना, छुआ तो खरीदना है जरूरी

**टोक्यो।** भारत में सब्जी मंडी या किराना दुकान पर जाना मतलब सब्जियों को हाथ में उठाकर टटोलना, दबाना और अच्छी वाली चुनना। हम ताजगी जांचने के लिए ऐसा करते हैं। लेकिन, यही आदत अगर आप जापान ले जाएं तो मुश्किल में पड़ सकते हैं। जापान में सुपरमार्केट में सब्जी-फल छूने के बाद वापस रखना शिष्टाचार के खिलाफ माना जाता है। अगर आपने कोई चीज हाथ में ली तो उसे खरीदना ही पड़ेगा। जापान की संस्कृति में सम्मान, स्वच्छता और विश्वास बहुत महत्वपूर्ण है। सुपरमार्केट्स बेहद साफ-सुथरे और व्यवस्थित होते हैं। हर प्रोडक्ट पहले से अच्छी क्वालिटी का चयन करके रखा जाता है। इसलिए ग्राहक बिना छुए भरोसा करते हैं। अगर कोई व्यक्ति सब्जी दबाकर या बार-बार छूकर वापस रखता है तो दूसरे ग्राहकों के लिए वह आइटम कम आकर्षक हो जाता है।



### हर चीज में स्वच्छता का ध्यान रखा जाता है

जापान में कृषि उत्पादों की क्वालिटी बहुत ऊंची होती है। फल और सब्जियां पहले से सॉर्टेड, पैक और फ्रेश रखी जाती हैं। लोग पैकेजिंग और लेबल पर भरोसा करते हैं। शाम के समय कई आइटम्स पर 30-50% डिस्काउंट लग जाता है ताकि क्लोजिंग से पहले बिक जाए। फिर भी नियम वही रहता है। जापान में हर चीज में स्वच्छता का ध्यान रखा जाता है। लोग मास्क लगाकर जाते हैं, हाथ साफ रखते हैं। सब्जी छूने से बैक्टीरिया फैलने का खतरा रहता है। यह नियम दूसरों के प्रति सम्मान भी दर्शाता है। आपकी वजह से कोई दूसरा व्यक्ति कम क्वालिटी वाला प्रोडक्ट ना खरीद ले।

### दुनिया के लिए सीख

यह नियम दिखाता है कि विश्वास की संस्कृति कैसे बनाई जा सकती है। भारत में अगर कुछ दुकानें भी ऐसा सिस्टम अपनाएं जहां प्रोडक्ट पहले से सॉर्टेड हों तो प्लास्टिक और वेस्ट कम हो सकता है। कई भारतीय स्टार्टअप अब हाइजीन पैकिंग पर फोकस कर रहे हैं। जापान जाने वाले भारतीयों को चाहिए कि सब्जी-फल देखकर ही चुनें। अगर संदेह हो तो स्टाफ से पूछ लें। छोटी-छोटी बातों से दूसरे देश की संस्कृति का सम्मान दिखाया जा सकता है।

## स्पर्म व्हेल आपस में बातचीत करने के लिए निकालती हैं खास आवाज



**नई दिल्ली।** जैसे भारत में कुछ किलोमीटर की दूरी पर इंसानों की भाषा और बोली बदल जाती है, ठीक वैसे ही समुद्र की गहराइयों में भी कुछ ऐसा ही चल रहा है।

स्पर्म व्हेल आपस में बातचीत करने के लिए एक खास तरह की आवाज निकालती हैं, जिसे वैज्ञानिक भाषा में 'कोडा' कहा जाता है। यह कोडा असल में क्लिक-क्लिक की आवाजों का एक लयबद्ध सीक्वेंस होता है। प्रोसीडिंग्स ऑफ द रॉयल सोसाइटी बी में छपी इस रिसर्च के लिए वैज्ञानिकों ने लगभग 20 सालों तक समुद्र के नीचे से 5,291 कोडा रिकॉर्डिंग्स को इकट्ठा किया और उनका बारीकी से एनालिसिस किया। सालों से वैज्ञानिकों का मानना था कि भूमध्य सागर की सभी स्पर्म व्हेल्स एक ही सांस्कृतिक समूह का हिस्सा हैं और वे बातचीत के लिए '3+1' कोडा का इस्तेमाल करती हैं। इस कोड में पहले तीन बार क्लिक की आवाज आती है, फिर एक छोटा सा पॉज होता है और फिर चौथी क्लिक होती है।

### पुरानी भाषा भी याद रखती हैं व्हेल्स

इस रिसर्च में एक और बेहद दिलचस्प बात सामने आई है। पश्चिमी हिस्से की व्हेल्स तो हमेशा अपनी पारंपरिक और धीमी बोली का ही इस्तेमाल करती हैं। लेकिन, पूर्वी हिस्से की व्हेल्स, जो अब तेज रफ्तार वाली नई बोली सीख चुकी हैं, वे कभी-कभी अचानक अपनी पुरानी पश्चिमी बोली में भी बात करने लगती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ठीक वैसा ही है जैसे कोई इंसान अपनी नई भाषा सीखने के बाद भी अपनी पुरानी मातृभाषा को नहीं भूलता और वक्त आने पर उसका इस्तेमाल करता है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com